पक्खिण देखो **पक्खि**; "जह पक्खिणाण गरुडो" (पउम १४, १०४)।

पक्खिणी देखो **पक्खि**।

पक्खित्त वि [**प्रक्षिप्त**] फेंका हुआ; (महा; पि १८१)।

पक्खिप्प } देखो **पक्खिव**।
पक्खिप्पमाण }

पक्खिव सक [**प्र + क्षिप**] १ फेंकना, फेंक देना। २ छोड़ना, त्यागना। ३ डालना। पक्खिवइ; (महा; कप्प)। पक्खिवह, पक्खिवेज्जा; (आचा २, ३, २, ३)। कवकृ — **पक्खिप्पमाण**; (णाया १, ८ — पत्र १२६; १४७)। संकृ — **पक्खिविऊण, पक्खिप्प**; (महा; सुअ १, ५, १; पि ३१६)। कृ — **पक्खिवेयव्व**; (उप ६४८ टी)। प्रयो वकृ **पक्खिवाविमाण**; (णाया १, १२)।

पक्खीण वि [**प्रक्षीण**] अत्यन्त क्षीण; "अहं पक्खीण-विभवो" (महा)।

पक्खुडिअ वि [**प्रखण्डित**] खण्डित, अ-संपूर्ण; (सुपा ११६)।

पक्खुभ अक [**प्र + क्षुभ्**] १ क्षोभ पाना; २ वृद्ध होना, बढ़ना। वकृ — **पक्खुब्भंत**; (स २, २४)।

पक्खुब्भंत देखो **पक्खोभ**।

पक्खुभिय वि [**प्रक्षुभित**] क्षोभ-प्राप्त; प्रक्षुब्ध; (औप)।

पक्खेव } पुं [**प्रक्षेप, °क**] १ क्षेपण, फेंकना; **पक्खेवग** } "बहिया पोग्गलपक्खेवे" (उवा)। २ पूर्ति करने वाला द्रव्य, पूर्ति के लिये पीछे से डाली जाती वस्तु; "अपक्खेवगस्स पक्खेवं दलयइ" (णाया १, १५ — पत्र १६३)।

पक्खेवण न [**प्रक्षेपण**] क्षेपण, प्रक्षेप; (औप)।

पक्खेवय देखो **पक्खेवग**; (बृह १)।

पक्खोड सक [**वि + कोशय्**] १ खोलना। २ फैलाना। पक्खोडइ; (हे ४, ४२)। संकृ **पक्खोडिऊण**; (सुपा ३३८)।

पक्खोड सक [**शद्**] १ कँपाना; २ झाड़ कर गिराना। पक्खोडइ; (हे ४, १३०)। संकृ — **पक्खोडिय**; (उप ५८४)।

पक्खोड सक [**प्र + छादय्**] ढकना, आच्छादन करना। संकृ. **पक्खोडिय** ; (उप ५८४) ।

पक्खोडण न [**शदन**] धूनन, कँपाना ; (कुमा) ।

पक्खोडिअ वि [**शदित**] निर्भाटित, झाड़ कर गिराया हुआ ; (दे ६, २७ ; पाअ) ।

पक्खोडिय देखो **पक्खोड** = शद्, प्र + छादय् ।

पक्खोभ सक [**प्र + क्षोभय्**] क्षुब्ध करना, क्षोभ उत्पन्न कर हिला देना । कवकृ. **पक्खुब्भंत** ; (से २, २४) ।

पक्खोलण न [**शदन**] १ स्खलित होने वाला ; २ रुष्ट होने वाला ; (गउ) ।

पखल वि [**प्रखर**] प्रचण्ड, तीव्र ; (प्राप्र) ।

पगइ स्त्री [**प्रकृति**] १ प्रकृति, स्वभाव ; (भग ; कम्म १, २ ; सुर १४, ६६ ; सुपा ११०) । २ प्रकृत अर्थ, प्रस्तुत अर्थ ; " पडिसेहदुगं पगइं गमेइ " (विसे २५०२) । ३ प्राकृत लोक, साधारण जन-समूह ; " दिन्नमुद्दारं बहुदव्वं पगईणं " (सुपा ५६७) । ४ कुम्भकार आदि अठारह मनुष्य-जातियाँ ; " अट्ठारसपगइब्भंतराणा को सो न जो गइ " (आक १२) । ५ कर्मों का भेद ; (सम ६) । ६ सत्त्व, रज और तम की साम्यावस्था ; ७ बलदेव के एक पुत्र का नाम ; (राज) । °**बंध** पुं [°**बन्ध**] कर्म-पुद्गलों में भिन्न भिन्न शक्तियों का पैदा होना ; (कम्म १, २) । देखो **पगडि** ।

पगंठ पुं [**प्रकण्ठ**] १ पीठ-विशेष ; २ अन्त का अवनत प्रदेश ; (जीव ३) ।

पगंथ सक [**प्र + कथय्**] निन्दा करना । " अलियं पगं-(कं)थे अदुवा पगं(कं)थे " (आचा) ।

पगड वि [**प्रकट**] व्यक्त, खुला ; (पि २१९)

पगड वि [**प्रकृत**] प्रविहित, विनिर्मित ; (उत्त १३) ।

पगडण न [**प्रकटन**] प्रकाश करना, खुला करना ; (गांदि) ।

पगडि स्त्री [**प्रकृति**] १ भेद, प्रकार ; (भग) । २—देखो **पगइ** ; (सम ४६ ; सुर १४, ६८) ।

पगडीकय वि [**प्रकटीकृत**] व्यक्त किया हुआ ; (सुपा १८१) ।

पगड्ढ सक [**प्र + कृष्**] खींचना । कवकृ—**पगड्ढिज्जमाण** ; (विपा १, १) ।

पगप्प देखो **पकप्प** = प्र + कल्पय् । संकृ —**पगप्पएत्ता** ; (सूअ २, ६, ३७) ।

पगप्प देखो **पकप्प** = प्र + क्लृप् ; (सूअ १, ८, ५) ।

पगप्प पुं [**प्रकल्प**] १ उत्पन्न होने वाला, प्रादुर्भूत होने वाला ; " बहुगुणप्पगप्पाइं कुज्जा अत्तसमाहिए " (सूअ १, ३, ३, १९) । देखो **पकप्प=प्रकल्प** ; (आचा) ।

पगप्पिअ वि [**प्रकल्पित**] प्ररूपित, कथित; " वा उ एयाहिं दिट्ठीहिं पुव्वमासि पगप्पियं " (सूअ १, ३, ३,१६) । देखो **पकप्पिअ** ।

पगप्पित्तु वि [**प्रकल्पयितृ, प्रकर्तयितृ**] काटने वाला, कतरने वाला ; " हंता छेत्ता पगब्भि(प्पि)त्ता आय-सायाणुगामिणो " (सूअ १, ८, ५) ।

पगब्भ अक [**प्र + गल्भ्**] १ धृष्टता करना, धृष्ट होना ; २ समर्थ होना । पगब्भइ, पगब्भई ; (आचा ; सूअ १, २, २, २१ ; १, २, ३, १० ; उत्त ५, ७) ।

पगब्भ वि [**प्रगल्भ**] धृष्ट, धीठ ; (पउम ३३, ६६) । २ समर्थ ; (उप २६४ टी) ।

पगब्भ न [**प्रागल्भ्य**] धृष्टता, धीठाई ; " पगब्भि पाणे बहुणांतिवाती " (सूअ १, ७, ८) ।

पगब्भा स्त्री [**प्रगल्भा**] भगवान् पार्श्वनाथ की एक शिष्या ; (आवम) ।

पगब्भिअ वि [**प्रगल्भित**] धृष्टता-युक्त ; (सूअ १, १, १, १३ ; १, २, ३, ४) ।

पगय वि [**प्रकृत**] प्रस्तुत, अधिकृत ; (विसे ८३३ ; उप ४७६) ।

पगय वि [**प्रगत**] १ प्राप्त ; (राज) । २ जिसने गमन करने का प्रारम्भ किया हो वह ; " मुणिणोवि जहाभि-मयं पगया पगएण कज्जेण " (सुपा २३५) । ३ न. प्रस्ताव, अधिकार ; (सूअ १, ११ ; १५) ।

पगय न [**दे**] पग, पाँव, पैर ; " पल्थंतम्मि लग्गो चंड-मारुओ । तेण भग्गो तुरयपगयमग्गो " (महा) ।

पगर पुं [**प्रकर**] समूह, राशि ; (सुपा ६५५) ।

पगरण न [**प्रकरण**] १ अधिकार, प्रस्ताव ; २ ग्रन्थ-खण्ड-विशेष, ग्रन्थांश-विशेष ; (विसे १११५) । ३ किसी एक विषय को लेकर बनाया हुआ छोटा ग्रन्थ ; (उव) ।

पगरिस पुं [**प्रकर्ष**] १ उत्कर्ष, श्रेष्ठता ; (सुपा १०६) । २ आधिक्य, अतिशय ; (सुर ४, १६६) ।

पगरिसण न [**प्रकर्षण**] ऊपर देखो ; (यति १६) ।

पगल अक [**प्र + गल्**] झरना, टपकना । वकृ—**पगलंत** ; (विपा १, ७ ; महा) ।

पगहिय वि [**प्रगृहीत**] ग्रहण किया हुआ, उपात्त ; (सुर ३, १६७) ।
पगाइय वि [**प्रगीत**] जिसने गाने का प्रारम्भ किया हो वह ; " पगाइयाइं मंगलमंतेउराइं " (स ७३६) ।
पगाढ वि [**प्रगाढ**] अत्यन्त गाढ ; (विपा १, १ ; सुपा ५३०) ।
पगाम देखो **पकाम** ; (आचा ; आ १४ ; सुर ३, ८७ ; कुप्र ३१५) ।
पगार पुं [**प्रकार**] १ भेद ; (आवृ १) । २ रीति : " एएण पगारेण सव्वं दव्वं दवाविओ " (महा) । ३ आदि, वगैरः, प्रभृति ; (सूअ १, १२) ।
पगास देखो **पयास** = प्र + काशय् । वकृ—**पगासेंत** ; (महा) ।
पगास पुं [**प्रकाश**] १ प्रभा, दीप्ति, चमक ; (गाया १, १), " एगं महं नीलुप्पलगवलगुलियअयसिकुसुमप्पगासं असिं खुरधारं गहाय " (उवा) । २ प्रसिद्धि, ख्याति ; (सूअ १, ६) । ३ आविर्भाव, प्रादुर्भाव : ४ उद्योत, आतप ; (राज) । ५ क्रोध, गुस्सा ; " छन्नं च पसंस णो करे न य उक्कोस पगास माहणे " (सूअ १, २, २६) । ६ वि प्रकट, व्यक्त ; (निचू १) ।
पगासग देखो **पगासय** ; (राज) ।
पगासण देखो **पयासण** ; (औप) ।
पगासणया स्त्री [**प्रकाशनता**] प्रकाश, आलोक ; (ओघ ५५०) ।
पगासय वि [**प्रकाशक**] प्रकाश करने वाला ; (विसे ११५५) ।
पगासिय वि [**प्रकाशित**] उद्योतित, दीप्त ; "से सूरियस्स अब्भुग्गमेणं मग्गं वियाणाइ पगासियंसि " (सूअ १, १४, १२) ।
पगिज्झिय देखो **पगिण्ह** ; (कस ; औप ; पि ५९१) ।
पगिट्ठ वि [**प्रकृष्ट**] १ प्रधान, मुख्य ; (सुपा ७७) । २ उत्तम, श्रेष्ठ ; (कुप्र २० ; सुपा २२६) ।
पगिण्ह सक [**प्र + ग्रह्**] १ ग्रहण करना । २ उठाना । ३ धारण करना । ४ करना । संकृ—**पगिण्हित्ता**, **पगिण्हित्ताणं**, **पगिज्झिय** ; (पि ५८२ ; ५८३ ; औप ; आचा २,३,४, १ ; कस) ।
पगीअ वि [**प्रगीत**] १ गाया हुआ ; (पउम ३७, ४८) । २ जिसका गीत गाया गया हो वह ; (उप २११ टी) ।
पगुण देखो **पउण** ; (सूअ १, १, २) ।
पगुणीकर सक [**प्रगुणी + कृ**] प्रगुण करना, तय्यार करना, सज्ज करना । कवकृ—**पगुणीकीरंत**; (सुर १३, ३१) ।
पगे अ [**प्रगे**] सुबह, प्रभात काल ; (सुर ७,७८ ; कुप्र १५५) ।
पग्ग सक [**ग्रह्**] ग्रहण करना । पग्गइ ; (षड्) ।
पग्गह पुं [**प्रग्रह**] १ उपधि, उपकरण ; (ओघ ६६६) । २ लगाम ; (से ९, २७ ; १२, ६६) । ३ पशुओं को नाक में लगाई जाती डोरी, नाक की रस्सी, नाथ : ४ पशुओं को बाँधने की डोरी, रस्सी ; (गाया १, ३ ; उवा) । ५ नायक, मुखिया ; (ठा १) । ६ ग्रहण, उपादान ; ७ योजन, जोड़ना ; " अंजलिपग्गहेणं " (अम) ।
पग्गहिअ वि [**प्रगृहीत**] १ अभ्युपगत, सम्यक् स्वीकृत ; (अनु ३) । २ प्रकर्ष से गृहीत ; (भग ; औप) । ३ उठाया हुआ ; (धर्म ३ ; ठा ६) ।
पग्गहिय वि [**प्रग्रहिक**] ऊपर देखो ; (उवा) ।
पग्गिम } (अप) अ [**प्रायस्**] प्रायः, बहुधा ; (षड् ;
पग्गिम्व } हे ४, ४१४ ; कुमा) ।
पग्गेज्ज पुं [**दे**] निकर, समूह ; (दे ६, १५) ।
पघंस सक [**प्र + घृष्**] फिर फिर घिसना । पघंसेज्ज ; (निचू १७) । प्रयो —वकृ—**पघंसावेंत** ; (निचू १७) ।
पघंसण न [**प्रघर्षण**] पुनः पुनः घर्षण ; " एक्कं दिणं आघंसणं, दिणे दिणे पघंसणं " (निचू ३) ।
पघोल अक [**प्र + घूर्णय्**] मिलना, संगत होना । वकृ " कंठपघोलंतपंचमुग्गारा " (कुप्र २२६) ।
पघोस पुं [**प्रघोष**] उच्चैः शब्द-प्रकाश, उद्घोषणा ; (भवि) ।
पघोसिय वि [**प्रघोषित**] घोषित किया हुआ, उच्च स्वर से प्रकाशित किया हुआ ; (भवि) ।
पच सक [**पच्**] पकाना । पचइ, पचए, पचंति ; पचसि, पचसे, पचह, पचत्थ ; पचामि, पचामो, पचामु, पचाम, पचिमो, पचिमु ; (संक्षि ३० ; पि ४३६ ; ४५५) । कवकृ **पच्चमाण** ; "नरए नेरइयाणं अहोनिसिं पच्चमाणाणं " (सुर १४, ४६ ; सुपा ३२८) ।
पच (अप) देखो **पंच** । °आलीस, °तालीस स्त्रीन [°**चत्वारिंशत्**] १ संख्या-विशेष, पैंतालीस , ४५ ; २ पैंतालीस संख्या जिनकी हो वे ; (पि २७३ ; ४४५ ; पिंग) ।

पचंकमणग न [**प्रचङ्क्रमण, °क**] पाँव से चलना ; (औप) ।

पचंकमावण न [**प्रचङ्क्रमण**] पाँव से संचारण, पाँव से चलाना ; (औप १०५ टि) ।

पचंड देखो **पयंड** ; (वव ८) ।

पचलिय देखो **पयलिय**=प्रचलित ; (औप) ।

पचाल सक [**प्र + चालय्**] अतिशय चलाना, खूब चलाना । वकृ —**पचालेमाण** ; (भग १७, १) ।

पचिय वि [**प्रचित**] समृद्ध ; (स्वप्न ६६) ।

पचीस (अप) स्त्रीन [**पञ्चविंशति**] १ पचीस, संख्या-विशेष, बीस और पाँच, २५ ; २ जिनकी संख्या पचीस हो वे ; (पिंग ; पि २७३) ।

पचुन्निय वि [**प्रचूर्णित**] चूर चूर किया हुआ ; (सुर २, ८७) ।

पचेलिम वि [**पचेलिम**] पक्व, पका हुआ ; " महुमहुर-पचेलिमफलेहिं " (सुपा ८३) ।

पचोइअ वि [**प्रचोदित**] प्रेरित ; (सूअ १, २, ३) ।

पच्चइय वि [**प्रत्ययिक**] १ विश्वासी, विश्वास वाला ; (गाया १, १२) । २ ज्ञान वाला, प्रत्यय वाला ; ३ न. श्रुत-ज्ञान, आगम-ज्ञान ; (विसे २१३६) ।

पच्चइय वि [**प्रत्ययित**] विश्वास वाला, विश्वस्त ; (महा ; सुर १६, १६६) ।

पच्चइय वि [**प्रात्ययिक**] प्रत्यय से उत्पन्न, प्रतीति से संजात ; (ठा ३, ३—पत्र १५१) ।

पच्चंग न [**प्रत्यङ्ग**] हर एक अवयव ; (गुण १५ ; कप्प) ।

पच्चंगिरा स्त्री [**प्रत्यङ्गिरा**] विद्या-देवी विशेष ; " ईसिविय-संतवयणा पभणइ पच्चंगिरा अहं विज्जा " (सुपा ३०६) ।

पच्चंत पुं [**प्रत्यन्त**] १ अनार्य देश ; (प्रयौ १६) । २ वि. समीपस्थ देश, संनिकृष्ट प्रान्त भाग ; (सुर २, २००) ।

पच्चंतिय वि [**प्रत्यन्तिक**] समीप-देश में स्थित ; (उप २११ टी) ।

पच्चंतिय वि [**प्रात्यन्तिक**] प्रत्यन्त देश से आया हुआ ; (धम्म ६ टी) ।

पच्चक्ख न [**प्रत्यक्ष**] १ इन्द्रिय आदि की सहायता के बिना ही उत्पन्न होने वाला ज्ञान ; (विसे ८६) । २ इन्द्रियों से उत्पन्न होने वाला ज्ञान ; (ठा ४, ३) । ३ वि. प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय ; " पच्चक्खा [illegible] अम्हं [illegible] महाभागा " (सुर ३, १७१) ।

पच्चक्ख } सक [**प्रत्या + ख्या**] त्याग करना, त्याग करने का नियम करना । पच्चक्खाइ ; (भग) ।
पच्चक्खा }
वकृ - **पच्चक्खमाण, पच्चक्खामाण** ; (पि ५६१ ; उवा) । संकृ - **पच्चक्खाइत्ता** ; (पि ५८२) । कृ **पच्चक्खेय** ; (आव ६) ।

पच्चक्खाण न [**प्रत्याख्यान**] १ परित्याग करने की प्रतिज्ञा ; (भग ; उवा) । २ जैन ग्रन्थांश-विशेष, नववाँ पूर्व-ग्रन्थ ; (सम २६) । ३ सर्व सावद्य कर्मों से निवृत्ति ; (कम्म १, १७) । °**वरण** पुं [°**वरण**] कषाय-विशेष, सावद्य-विरति का प्रतिबन्धक क्रोध-आदि ; (कम्म १, १७) ।

पच्चक्खाणि वि [**प्रत्याख्यानिन्**] त्याग की प्रतिज्ञा करने वाला ; (भग ६, ४) ।

पच्चक्खाणी स्त्री [**प्रत्याख्यानी**] भाषा-विशेष, प्रतिषेध-वचन ; (भग १०, ३) ।

पच्चक्खाय वि [**प्रत्याख्यात**] त्यक्त, छोड़ दिया हुआ ; (गाया १, १ ; भग ; कप्प) ।

पच्चक्खायय वि [**प्रत्याख्यायक**] त्याग करने वाला, " भत्तपच्चक्खायए " (भग १४, ७) ।

पच्चक्खाव सक [**प्रत्या + ख्यापय्**] त्याग कराना, किसी विषय का त्याग करने की प्रतिज्ञा कराना । वकृ **पच्चक्खावित** ; (आव ६) ।

पच्चक्खि वि [**प्रत्यक्षिन्**] प्रत्यक्ष ज्ञान वाला ; (वव १) ।

पच्चक्खिय देखो **पच्चक्खाय** ; (सुपा ६२४) ।

पच्चक्खीकर सक [**प्रत्यक्षी + कृ**] प्रत्यक्ष करना, साक्षात् करना । भवि —**पच्चक्खीकरिस्सं** ; (अभि १८८) ।

पच्चक्खीकिद (शौ) वि [**प्रत्यक्षीकृत**] प्रत्यक्ष किया हुआ, साक्षात् जाना हुआ ; (पि ४६) ।

पच्चक्खीभू अक [**प्रत्यक्षी + भू**] प्रत्यक्ष होना, साक्षात् होना । संकृ **पच्चक्खीभूय** ; (आत्म) ।

पच्चक्खेय देखो **पच्चक्खा** ।

पच्चग्ग वि [**प्रत्यग्र**] १ प्रधान, मुख्य ; (स २४) । २ श्रेष्ठ, सुन्दर ; (उप ६८६ टी ; सुर १०, १५२) । ३ नवीन, नया ; (पाअ) ।

पच्चच्छिम देखो **पच्चत्थिम** ; (राज ; ठा २, ३—पत्र ७६) ।

पच्चच्छिमा देखो **पच्चत्थिमा** ; (राज) ।

पच्चच्छिमिल्ल वि [**पाश्चात्य**] पश्चिम दिशा में उत्पन्न, पश्चिम-दिशा-सम्बन्धी ; (सम ६६ ; पि ३६५) ।

पच्चच्छिमुत्तरा देखो **पच्चत्थिमुत्तरा** ; (राज) ।

पच्चड अक [**क्षर्**] झरना, टपकना । पच्चडइ; (हे ४, १७३) । वकृ—**पच्चडमाण** ; (कुमा) ।

पच्चड्ड सक [**गम्**] जाना, गमन करना । पच्चड्डइ ; (हे ४, १६२) ।

पच्चड्डिअ वि [**क्षरित**] झरा हुआ, टपका हुआ ; (हे २, १७४) ।

पच्चड्डिया स्त्री [**दे. प्रत्यर्धिका**] मल्लों का एक प्रकार का करण ; (विसे ३३५७) ।

पच्चणीय वि [**प्रत्यनीक**] विरोधी, प्रतिपक्षी, दुश्मन ; (उप १४६ टी ; सुपा ३०१) ।

पच्चणुभव सक [**प्रत्यनु + भू**] अनुभव करना । वकृ—**पच्चणुभवमाण** ; (गाया १, २) ।

पच्चत्त वि [**प्रत्यक्त**] जिसका त्याग करने का प्रारम्भ किया गया हो वह ; (उप ८२८) ।

पच्चत्थ न [**दे**] चाटु, खुशामद ; (दे ६, २१) ।

पच्चत्थरण न [**प्रत्यास्तरण**] बिछौना ; (पि २८५) । देखो **पल्लत्थरण** ।

पच्चत्थि वि [**प्रत्यर्थि न्**] प्रतिपक्षी, विरोधी, दुश्मन ; (उप १०३१ टी ; पाअ ; कुप्र १४१) ।

पच्चत्थिम वि [**पाश्चात्य, पश्चिम**] १ पश्चिम दिशा तरफ का ; २ न. पश्चिम दिशा ; "पुरत्थिमेणं लवणसमुद्दे जोयणसाहस्सियं खेत्तं जाणइ, पासइ ; एवं दक्खिणेणं, पच्चत्थिमेणं" (उवा ; भग ; आचा ; ठा २, ३) ।

पच्चत्थिमा स्त्री [**पश्चिमा**] पश्चिम दिशा; (ठा १० पत्र ४७८ ; आचा) ।

पच्चत्थिमिल्ल वि [**पाश्चात्य**] पश्चिम दिशा का ; (विपा १, ७ ; पि ५६५ ; ६०२) ।

पच्चत्थिमुत्तरा स्त्री [**पश्चिमोत्तरा**] पश्चिमोत्तर दिशा, वायव्य कोण ; (ठा १०—पत्र ४७८) ।

पच्चत्थुय वि [**प्रत्यास्तृत**] आच्छादित, ढका हुआ ; (पउम ६४, ६६; जीव ३) । २ बिछाया हुआ; (उप ६८८ टी) ।

पच्चद्ध न [**पश्चार्ध**] पिछला आधा, उत्तरार्ध ; (गउड) ।

पच्चद्धचक्कवट्टि पुं [**प्रत्यर्धचक्रवर्तिन्**] वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा, प्रतिवासुदेव ; (ती ३) ।

पच्चप्पण न [**प्रत्यर्पण**] वापिस देना ; (विसे ३०५७) ।

पच्चप्पिण सक [**प्रति + अर्पय्**] १ वापिस देना, लौटाना । २ सौंपे हुए कार्य का करके निवेदन करना । पच्चप्पिणइ ; (कप्प) । कर्म—पच्चप्पिणिज्जइ ; (पि ५५७) । वकृ—**पच्चप्पिणमाण** ; (ठा ५, २—पत्र ३११) । संकृ—**पच्चप्पिणित्ता** ; (पि ५५७) ।

पच्चबलोक्क वि [**दे**] आसक्त-चित्त, तल्लीन-मनस्क ; (दे ६, ३४) ।

पच्चब्भास पुं [**प्रत्याभास**] निगमन, प्रत्युच्चारण ; (विसे २८३२) ।

पच्चभिआण देखो **पच्चभिजाण** । पच्चभिआणादि (शौ); (पि १७० ; ५१०) ।

पच्चभिआणिद (शौ) देखो **पच्चभिजाणिअ**; (पि ५६५) ।

पच्चभिजाण सक [**प्रत्यभि + ज्ञा**] पहिचानना, पहिचान लेना । पच्चभिजाणइ ; (महा)। वकृ—**पच्चभिजाणमाण** ; (गाया १, १६) । संकृ—**पच्चभिजाणिऊण** ; (महा) ।

पच्चभिजाणिअ वि [**प्रत्यभिज्ञात**] पहिचाना हुआ ; (स ३६०) ।

पच्चभिणाण न [**प्रत्यभिज्ञान**] पहिचान; (स २१२ ; नाट—शकु ८४) ।

पच्चभिन्नाय देखो **पच्चभिजाणिअ** ; (स १०० ; सुर ६, ७६ ; महा) ।

पच्चमाण देखो **पच=पच्** ।

पच्चय पुं [**प्रत्यय**] १ प्रतीति, ज्ञान, बोध ; (उव ; ठा १; विसे २१६०) । २ निर्णय, निश्चय ; (विसे २१३२) । ३ हेतु, कारण ; (ठा २, ४) । ४ शपथ, विश्वास उत्पन्न करने के लिए किया या कराया जाता तप-माष आदि का चर्वण वगैरः ; (विसे २१३१) । ५ ज्ञान का कारण ; ६ ज्ञान का विषय, ज्ञेय पदार्थ ; (राज) । ७ प्रत्यय-जनक, प्रतीति का उत्पादक ; (विसे २१३१ ; आवम) । ८ विश्वास, श्रद्धा ; ९ शब्द, आवाज ; १० छिद्र, विवर ; ११ आधार, आश्रय ; १२ व्याकरण-प्रसिद्ध प्रकृति में लगता शब्द-विशेष ; (हे २, १३) ।

पच्चल वि [**दे**] १ पक्का, समर्थ, पहुँचा हुआ ; (दे ६, ६६ ; सुपा ३४ ; सुर १, १४ ; कुप्र ६६ ; पाअ) । २ असहन, अ-सहिष्णु ; (दे ६, ६६) ।

पच्चलिउ) (अप) अ [**प्रत्युत**] वैपरीत्य , वरञ्च,

पच्चल्लिउ) बरन ; (हे ४, ४२०) ।

पच्चवणद (शौ) वि [**प्रत्यवनत**] नमा हुआ ; "एस मं कोवि पच्चवणदसिरोहरं उच्छुं विअ णिग्गा(?)भंगं करेदि" (अभि २२४) ।

पच्चवत्थय वि [**प्रत्यवस्तृत**] १ बिछाया हुआ ; २ आच्छादित ; (आचम) ।

पच्चवत्थाण न [**प्रत्यवस्थान**] १ शङ्का-परिहार, समाधान ; (विसे १००७) । २ प्रतिवचन, खण्डन ; (बृह १)।

पच्चवर न [**दे**] मुसल, एक प्रकार की मोटी लकड़ी जिसमें चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं ; (दे ६, १५) ।

पच्चवाय पुं [**प्रत्यवाय**] १ बाधा, विघ्न, व्याघात; (गाया १, ६ ; महा ; स २०६) । २ दोष, दूषण ; (पउम ६५, १२ ; अच्चु ७० ; ओघ २४) । ३ पाप ; "बहुपच्चवायभरिओ गिहवासो" (सुपा १६२) । ४ दुःख, पीडा ; (कुप्र ५५२) ।

पच्चवेक्खिद (शौ) वि [**प्रत्यवेक्षित**] निरीक्षित ; (नाट —शकु १३०) ।

पच्चह न [**प्रत्यह**] हररोज, प्रतिदिन ; (अभि ६०) ।

पच्चहिजाण } देखो **पच्चभिजाण** । पच्चहिजाणेदि ; (पि **पच्चहियाण** } ५१०) । पच्चहियाणइ ; (स ४२) । संकृ—**पच्चहियाणिऊण** ; (स ४४०) ।

पच्चा स्त्री [**दे**] तृण-विशेष, बल्वज ; (ठा ५, ३) । °**पिच्चियय** न [**दे**] बल्वज तृण की कूटी हुई छाल का बना हुआ रजोहरण— जैन साधु का एक उपकरण ; (ठा ५, ३— पत्र ३३८) ।

पच्चा देखो **पच्छा** ; (प्रयौ ३६ ; नाट रत्ना ७) ।

पच्चाअच्छ सक [**प्रत्या+गम्**] पीछे लौटना, वापिस आना । पच्चाअच्छइ ; (षड्) ।

पच्चाअद (शौ) देखो **पच्चागय** ; (प्रयौ २५) ।

पच्चाइक्ख देखो **पच्चक्ख**=प्रत्या+ख्या । पच्चाइक्खामि; (आचा २, १५, ५, १) । भवि —पच्चाइक्खिस्सामि; (पि ५२६) । वकृ **पच्चाइक्खमाण** , (पि ५६२) ।

पच्चाएस पुंन [**प्रत्यादेश**] दृष्टान्त, निदर्शन, उदाहरण ; "पच्चाएसोव्व धम्मनिरयाणं" (स ३५ ; उव ; कुप्र ५०) , "पच्चाएसं दिट्ठं" (पाअ) । देखो **पच्चादेस** ।

पच्चागय वि [**प्रत्यागत**] १ वापिस आया हुआ ; (गा ६३३ ; दे १, ३१ ; महा) । २ न प्रत्यागमन ; (ठा ६—पत्र ३६५) ।

पच्चाचक्ख सक [**प्रत्या+चक्ष्**] परित्याग करना । हेकृ— **पच्चाचक्खिदुं** (शौ) ; (पि ४९९ ; ५७४) ।

पच्चाणयण न [**प्रत्यानयन**] वापिस ले आना; (मुद्रा २७०)।

पच्चाणि° } सक [**प्रत्या+णी**] वापिस ले आना । कवकृ **पच्चाणी** } **पच्चाणिज्जंत** ; (से ११, १३५) ।

पच्चाणीद (शौ) वि [**प्रत्यानीत**] वापिस लाया हुआ ; (पि ८१ ; नाट -विक्र १०) ।

पच्चात्थरण न [**प्रत्यास्तरण**] सामने होकर लड़ना; (राज)।

पच्चादिट्ठ वि [**प्रत्यादिष्ट**] निरस्त, निराकृत; (पि १४५; मृच्छ ९) ।

पच्चादेस पुं [**प्रत्यादेश**] निराकरण ; (अभि ७२ ; १७८ ; नाट —विक्र ३) । देखो **पच्चाएस** ।

पच्चापड अक [**प्रत्या+पत्**] वापिस आना, लौट कर आ पड़ना । वकृ—"अमरपडिहयपुणरविपच्चापडंतचंचलसिरिट्ठ-कवयं ; (औप) ।

पच्चामित्त पुंन [**प्रत्यमित्र**] अमित्र, दुश्मन ; (णाया १, २—पत्र ८७ ; औप) ।

पच्चाय सक [**प्रति+आयय्**] १ प्रतीति कराना । २ विश्वास कराना । पच्चाअइ ; (गा ७१२) । पच्चाएमो ; (स ३२४) ।

पच्चाय° देखो **पच्चाया** ।

पच्चायण न [**प्रत्यायन**] ज्ञान कराना, प्रतीति-जनन ; (विसे २१३९) ।

पच्चायय वि [**प्रत्यायक**] १ निर्णय-जनक ; २ विश्वास-जनक ; (विक्र ११३) ।

पच्चाया अक [**प्रत्या+जन्**] उत्पन्न होना, जन्म लेना । पच्चायंति ; (औप)। भवि—पच्चायाहिइ ; (औप; पि ५२७)।

पच्चाया अक [**प्रत्या+या**] ऊपर देखो । पच्चायंति ; (पि ५२७) ।

पच्चायाइ स्त्री [**प्रत्याजाति, प्रत्यायाति**] उत्पत्ति, जन्म-ग्रहण ; (ठा ३, ३—पत्र १४४) ।

पच्चायाय वि [**प्रत्यायात**] उत्पन्न ; (भग) ।

पच्चार सक [**उपा+लम्भ्**] उपालम्भ देना, उलहना देना । पच्चारइ, पच्चारंति ; (हे ४, १५६ ; कुमा) ।

पच्चारण न [**उपालम्भन**] प्रतिभेद ; (पाअ) ।

पच्चारिय वि [**उपालब्ध**] जिसको उलहना दिया गया हो वह ; (भवि) ।

पच्चालिय वि [दे. प्रत्यार्द्रित] आर्द्र किया हुआ, गीला किया हुआ ; "पच्चालियाय से अहिययं बाहसलिलेण दिट्ठी" (स ३०८)।

पच्चालीढ न [प्रत्यालीढ] वाम पाद को पीछे हटा कर और दक्षिण पाँव को आगे रख कर खड़े रहने वाले धानुष्क की स्थिति ; (वव १)।

पच्चावरण्ह पुं [प्रत्यपराह्ण] मध्याह्न के बाद का समय, तीसरा पहर ; (विपा १, ३ टि ; पि ३३०)।

पच्चासण्ण वि [प्रत्यासन्न] समीप में स्थित ; (विसे २६३१)।

पच्चासत्ति स्त्री [प्रत्यासत्ति] समीपता, सामीप्य ; (मुद्रा १६१)।

पच्चासन्न देखो **पच्चासण्ण** "निव्वं पच्चासन्नो परिसक्कइ सव्वओ मच्चू" (उप ६ टी)।

पच्चासा स्त्री [प्रत्याशा] १ आकाङ्क्षा, वाञ्छा, अभिलाषा ; २ निराशा के बाद की आशा ; (स ३६८)। ३ लोभ, लालच ; (उप पृ ७८)।

पच्चासि वि [प्रत्याशिन्] वान्त वस्तु का भक्षण करने वाला ; (आचा)।

पच्चिम देखो **पच्छिम** ; (पिंग ; पि ३०१)।

पच्चुअ (दे) देखो **पच्चुहिअ** ; (दे ६, २५)।

पच्चुअआर देखो **पच्चुवयार**; (चारु ३६; नाट मृच्छ ५७)।

पच्चुग्गच्छणया स्त्री [प्रत्युद्गमनता] अभिमुख गमन ; (भग १४, ३)।

पच्चुच्चार पुं [प्रत्युच्चार] अनुवाद, अनुभाषण ; (स १८४)।

पच्चुच्छुहणी स्त्री [दे] नूतन सुरा, ताजा दारू; (दे २,३५)।

पच्चुज्जीविअ वि [प्रत्युज्जीवित] पुनर्जीवित ; (गा ६३१ ; कुप्र ३१)।

पच्चुट्ठिअ वि [प्रत्युत्थित] जो सामने खड़ा हुआ हो वह ; (सुर १, १३४)।

पच्चुण्णम अक [प्रत्युद् + नम्] थोड़ा ऊँचा होना। पच्चुण्णमइ ; (कप्प)। संकृ—पच्चुण्णमित्ता ; (कप्प ; औप)।

पच्चुत्त वि [प्रत्युप्त] फिर से बोया हुआ ; (दे ७, ७७; गा ६१८)।

पच्चुत्तर सक [प्रत्यव + तृ] नीचे आना। पच्चुत्तरइ ; (पि ४७७)। संकृ **पच्चुत्तरित्ता** ; (राज)।

पच्चुत्तर न [प्रत्युत्तर] जवाब, उत्तर ; (श्रा १२ ; सुपा २१ ; १०४)।

पच्चुत्थ वि [दे] प्रत्युप्त, फिर से बोया हुआ ; (दे ६,१३)।

पच्चुत्थय | वि [प्रत्यवस्तृत] आच्छादित ; (गाया १, **पच्चुत्थुय** | १—पत्र १३, २० ; कप्प)।

पच्चुद्दरिअ वि [दे] संमुखागत, सामने आया हुआ ; (दे ६, २४)।

पच्चुद्धार पुं [दे] संमुख आगमन ; (दे ६, २४)।

पच्चुप्पण्ण | वि [प्रत्युत्पन्न] वर्तमान-काल-संबन्धी ; **पच्चुप्पन्न** | (पि ५१६ ; भग ; गाया १, ८ ; सम्म १०३)। °**नय** पुं [°**नय**] वर्तमान वस्तु को ही सत्य मानने वाला पक्ष, निश्चय नय ; (विसे ३१६१)।

पच्चुप्फलिअ वि [प्रत्युत्फलित] वापिस आया हुआ ; (से १४, ८१)।

पच्चुरस न [प्रत्युरस] हृदय के सामने ; (राज)।

पच्चुवकार देखो **पच्चुवयार**; (नाट मृच्छ २५५)।

पच्चुवगच्छ सक [प्रत्युप + गम्] सामने जाना। पच्चुवगच्छइ ; (भग)।

पच्चुवगार | पुं [प्रत्युपकार] उपकार के बदले उपकार; **पच्चुवयार** | (ठा ४, ४ ; पउम ४६, ३६ ; स ६५० ; प्रासू)।

पच्चुवयारि वि [प्रत्युपकारिन्] प्रत्युपकार करने वाला ; (सुपा ५६५)।

पच्चुवेक्ख सक [प्रत्युप + ईक्ष्] निरीक्षण करना। पच्चुवेक्खइ ; (औप)। संकृ **पच्चुवेक्खित्ता** ; (औप)।

पच्चुवेक्खिय वि [प्रत्युपेक्षित] अवलोकित, निरीक्षित ; (प ४४१)।

पच्चुहिअ वि [दे] प्रस्नुत, प्रक्षरित ; (दे ६, २५)।

पच्चूढ न [दे] थाल, थार, भोजन करने का पात्र, बड़ी थाली ; (दे ६, १२)।

पच्चूस [दे] देखो **पच्चूह**=(दे) ; "किरणेहिं पयंगोवि छाइज्जइ कह णु पच्चूसो ?" (सुर ३, १३४)।

पच्चूस | पुं [प्रत्यूष] प्रभात काल ; (हे २, १४ ; **पच्चूह** | गाया १, १ ; गा ६०४)।

पच्चूह पुंन [प्रत्यूह] विघ्न, अन्तराय; (पाअ; कुप्र ५२)।

पच्चूह पुं [दे] सूर्य, रवि ; (दे ६, ५ ; गा ६०४ ; पाअ)।

पच्चेअ न [प्रत्येक] प्रत्येक, हर एक ; (षड्)।

पच्चोड न [**दे**] मुसल ; (दे ६, १५)।
पच्चोल्लिउ (अप) देखो **पच्चल्लिउ** ; (भवि)।
पच्चोगिल सक [**प्रत्यव + गिल्**] आस्वादन करना। वकृ—**पच्चोगिलमाण** ; (कम ५, १०)
पच्चोणामिणी स्त्री [**प्रत्यवनामिनी**] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से वृक्ष आदि फल देने के लिए स्वयं नीचे नमते हैं ; (उप पृ १५५)।
पच्चोणिवत्त वि [**प्रत्यवनिवृत्त**] ऊँचा उछल कर नीचे गिरा हुआ ; (पराह १, ३ —पत्र ४५)।
पच्चोणिवय अक [**प्रत्यवनि + पत्**] उछल कर नीचे गिरना। वकृ --**पच्चोणिवयंत** ; (औप)।
पच्चोणी [**दे**] देखो **पच्चोवणी** ; (स २२५ ; ३०२ ; सुपा ६१ ; २२४ ; २७६)।
पच्चोयड न [**दे**] १ तट के समीप का ऊँचा प्रदेश ; (जीव ३)। २ आच्छादित ; (राय)।
पच्चोयर सक [**प्रत्यव + तॄ**] नीचे उतरना। पच्चोयरइ ; (आचा २, १५, २८)। संकृ -**पच्चोयरित्ता** ; (आचा २, १५, २८)।
पच्चोरुभ } सक [**प्रत्यव + रुह्**] नीचे उतरना। पच्चो-
पच्चोरुह } रुभइ; (णाया १, १)। पच्चोरुहइ; (कप्प)। संकृ --**पच्चोरुहित्ता** ; (कप्प)।
पच्चोवणिअ वि [**दे**] संमुख आया हुआ ; (दे ६, २४)।
पच्चोवणी स्त्री [**दे**] संमुख आगमन ; (दे ६, २४)।
पच्चोसक्क अक [**प्रत्यव + ष्वष्क्**] १ नीचे उतरना। २ पीछे हटना। पच्चोसक्कइ, पच्चोसक्कंति ; (उवा ; पि ३०२ ; भग)। संकृ **पच्चोसक्कित्ता** ; (उवा ; भग)।
पच्छ सक [**प्र + अर्थय्**] प्रार्थना करना। कवकृ - **पच्छिज्जमाण** ; (कप्प ; औप)।
पच्छ वि [**पथ्य**] १ रोगी का हितकारी आहार ; (हे २, २१ ; प्राप्र ; कुमा ; स ७२४ ; सुपा ५७६)। २ हित-कारक, हितकारी ; " पच्छा वाया " (णाया १, ११ — पत्र १७१)।
पच्छ न [**पश्चात्**] १ चरम, शेष ; (चंद १)। २ पीछे, पृष्ठ भाग ; ३ पश्चिम दिशा ; " पुव्वेण सत्तं पच्छेण वंजुला दाहिणेण वडविडुआ " (वज्जा ६६)। °**ओ** अ [°**तस्**] पीछे, पृष्ठ की ओर ; " हत्थी वेगेण पच्छओ लग्गो " (महा), " वहइ व महीअलभरिओ णालेइ व पच्छओ धरेइ व पुरओ " (से १०, ३०), " ता वेडयाओ तक्खणमाणावेऊण पच्छओ बाहं बद्धं देसइ " (सुपा २२१)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] १ अनन्तर का कर्म, बाद की क्रिया ; २ यतिओं की भिक्षा का एक दोष, दातृ-कर्तृक दान देने के बाद की पात्र को साफ करने आदि क्रिया ; (आचा ५१६)। °**ताअ** पुं [°**ताप**] अनुतापः (वज्जा १४२)। °**द्ध** न [°**अर्ध**] पीछला आधा, उत्तरार्ध; (गउड ; महा)। °**वत्थुक्क** न [°**वास्तुक**] पीछला घर, घर का पीछला हिस्सा ; (पराह २, ४ --पत्र १३१)। °**याव** पुं [°**ताप**] पश्चात्ताप, अनुताप ; (आवम)। देखो **पच्छा=पश्चात्**।
पच्छइ } (अप) अ [**पश्चात्**] ऊपर देखो ; (हे ४,४२० ;
पच्छए } षड् ; भवि)। °**ताव** पुं [°**ताप**] अनुताप, अनुशय ; (कुमा)।
पच्छंद सक [**गम्**] जाना, गमन करना। पच्छंदइ ; (हे ४, १६२)।
पच्छंदि वि [**गन्तृ**] गमन करने वाला ; (कुमा)।
पच्छंभाग पुं [**पश्चाद्भाग**] १ दिवस का पीछला भाग ; (राज)। २ पुंन. नक्षत्र-विशेष, चन्द्र पृष्ठ देकर जिसका भोग करता है वह नक्षत्र ; (ठा ६)।
पच्छण स्त्रीन [**प्रतक्षण**] त्वक् का बारीक विदारण, चाकू आदि से पतली छाल निकालना; "तच्छणेहि य पच्छणेहि य " (विपा १, १), " तच्छणाहि य पच्छणाहि य " (णाया १, १३)।
पच्छण्ण वि [**प्रच्छन्न**] गुप्त, अप्रकट ; (गा १८३); °**पइ** पुं [°**पति**] जार, उपपति ; (सुम १, ४, १)।
पच्छद देखो **पच्छय** ; (औप)।
पच्छदण न [**प्रच्छदन**] आस्तरण, शय्या के ऊपर का आच्छादन-वस्त्र ; " पुप्फच्छणाए सय्याए णिद्दं ण लभामि " (स्वप्न ६०)।
पच्छन्न देखो **पच्छण्ण** ; (उव ; सुर २, १८४)।
पच्छय पुं [**प्रच्छद**] वस्त्र-विशेष, दुपट्टा, पिछौरी ; (णाया १, १६)।
पच्छलिउ (अप) देखो **पच्चलिउ** ; (षड्)।
पच्छा अ [**पश्चात्**] १ अनन्तर, बाद, पीछे ; (सुर १, २४४; पाअ; प्रासू ५७), " पच्छा तस्स विवागे रुयंति कलुणं महादुक्खा " (प्रासू १२६)। २ परलोक, परजन्म ; " पच्छा कडुअविवागा " (राज)। ३ पीछला भाग, पृष्ठ ; ४ चरम, शेष ; (हे २, २१)। ५ पश्चिम दिशा ;

(गाया १, ११) । °उत्त वि [°आयुक्त] जिसका आयोजन पीछे से किया गया हो वह ; (कप्प) । °कड पुं [°कृत] साधुपन को छोड़कर फिर गृहस्थ बना हुआ ; (द ५० ; बृह १) । °कम्म देखो पच्छ-कम्म ; (पि ११२) । °णिवाइ देखो °निवाइ ; (राज) । °णुताव पुं [°अनुताप] पश्चात्ताप, अनुताप ; " पच्छाणुतावेण सुभउक्कसाएण " (आवम) । °णुपुव्वी स्त्री [°आनुपूर्वी] उलटा क्रम ; (अणु ; कम्म ४, ४३) । °ताव पुं [°ताप] अनुताप ; (आव ४) । °ताविय वि [°तापिक] पश्चात्ताप वाला ; (पण्ह २, ३) । °निवाइ वि [°निपातिन्] १ पीछे से गिर जाने वाला ; २ चारित्र ग्रहण कर बाद में उससे च्युत होने वाला ; (आचा) । °भाग पुं [°भाग] पीछला हिस्सा ; (गाया १, १) । °मुह वि [°मुख] पराङ्मुख, जिसने मुँह पीछे की तरफ फेर लिया हो वह ; (श्रा १२) । °यव, °याव देखो °ताव ; (पउम ६५, ६६ ; सुर १५, १४५ ; सुपा १२१ ; महा) । °यावि वि [°तापिन्] पश्चात्ताप करने वाला ; (उप ७२८ टी) । °वाय पुं [°वात] पश्चिम दिशा का पवन ; २ पीछे का पवन ; (गाया १, ११) । °संखडि स्त्री [दे. संस्कृति] १ पीछला संस्कार ; २ मरण के उपलक्ष्य में ज्ञाति वगैरः प्रभूत मनुष्यों के लिए पकायी जाती रसोई ; (आचा २, १, ३, २) । °संथव पुं [°संस्तव] १ पीछला संबन्ध, स्त्री, पुत्री वगैरः का संबन्ध ; २ जैन मुनिओं के लिए भिक्षा का एक दोष, श्वशुर आदि पक्ष में अच्छी भिक्षा मिलने की लालच से पहले भिक्षार्थ जाना ; (ठा ३, ४) । °संथुय वि [°संस्तुत] पीछले संबन्ध से परिचित ; (आचा २, १, ४, ५) । °हुत्त वि [दे] पीछे की तरफ का ; "अलमत्थयम्मि पच्छाहुत्ताइं पयाइंतीए दट्ठूण" (सुपा २८१)।

पच्छा स्त्री [**पथ्या**] हर्रे, हरीतकी ; (हे २, २१) ।

पच्छाअ सक [**प्र+छादय्**] १ ढकना । २ छिपाना । वकृ—**पच्छाअंत** ; (से ६, ४२ ; ११,६) । कृ—**पच्छाइज्ज** ; (वसु) ।

पच्छाअ वि [**प्रच्छाय**] प्रचुर छाया वाला ; (अभि ३६) ।

पच्छाइअ वि [**प्रच्छादित**] १ ढका हुआ, आच्छादित ; २ छिपाया हुआ ; (पाअ ; भवि) ।

पच्छाइज्ज देखो **पच्छाअ**=प्र+छादय् ।

पच्छाग पुं [**प्रच्छादक**] पात्र बाँधने का कपड़ा ; (ओघ २६५ भा) ।

पच्छाडिद (शौ) वि [**प्रक्षालित**] धोया हुआ; (नाट— मृच्छ २५५) ।

पच्छाणिअ (**दे**) देखो **पच्छोवणिअ** ; (षड्) ।

पच्छादो (शौ) देखो **पच्छा**=पश्चात् ; (पि ६६) ।

पच्छायण न [**पथ्यदन**] पाथेय, रास्ते में खाने का भोजन; " वहणं कारियं पच्छायणस्स भारियं " (महा) ।

पच्छायण न [**प्रच्छादन**] १ आच्छादन, ढकना ; २ वि. आच्छादन करने वाला । °या स्त्री [°ता] आच्छादन ; " परगुणपच्छायणया " (उव) ।

पच्छाल देखो **पक्खाल** । पच्छालेइ ; (काल) ।

पच्छि स्त्री [**दे**] पिटिका, पटारी , वेत्रादि-रचित भाजन-विशेष ; (दे ६, १) । °पिडय न [°पिटक] 'पच्छी' रूप पिटारी ; (भग ७, ८ टी—पत्र ३१३) ।

पच्छि (अप) देखो **पच्छइ** ; (हे ४, ३८८) ।

पच्छिज्जमाण देखो **पच्छ**=प्र+अर्थय् ।

पच्छित्त न [**प्रायश्चित्त**] १ पाप की शुद्धि करने वाला कर्म, पाप का क्षय करने वाला कर्म ; (उव ; सुपा ३६६ ; द ५२) । २ मन को शुद्ध करने वाला कर्म ; (पंचा १६, ३) ।

पच्छित्ति वि [**प्रायश्चित्तिन्**] प्रायश्चित का भागी, दोषी ; (उप ३७६) ।

पच्छिम न [**पश्चिम**] १ पश्चिम दिशा ; (उवा ७४ टि) । २ वि. पश्चिम दिशा का, पाश्चात्य ; (महा ; हे २, २१ ; प्राप्र) । ३ पीछला, बाद का ; " दियसस्स पच्छिमे भाए " (कप्प) । ४ अन्तिम, चरम ; " पुरिमपच्छिमगाणं तित्थगराणं " (सम ४४) । °द्ध न [°ार्ध] उत्तरार्ध, उतरी आधा हिस्सा ; (महा ; ठा २, ३ पत्र ८१) । °सेल पुं [°शैल] अस्ताचल पर्वत ; (गउड) ।

पच्छिमा स्त्री [**पश्चिमा**] पश्चिम दिशा ; (कुमा ; महा) ।

पच्छिमिल्ल वि [**पाश्चात्य**] पीछे से उत्पन्न, पीछे का ; (विसे १७६५) ।

पच्छिल्ल (अप) देखो **पच्छिम** ; (भवि) ।

पच्छिल्ल } वि [**पश्चिम, पाश्चात्य**] १ पश्चिम दिशा **पच्छिल्लय** } का ; २ पीछला, पृष्ठ-वर्ती ; (पि ५६५ ५६५ टि ४) ।

पच्छुत्ताविअ (अप) वि [**पश्चात्तापित**] जिसको पश्चात्ताप हुआ हो वह ; (भवि)।

पच्छेकम्म देखो **पच्छ-कम्म** ; (हे १, ७६)।

पच्छेणय न [**दे**] पाथेय, रास्ते में निर्वाह करने की भोजन-सामग्री ; (दे ६, २४)।

पच्छोववण्णग } वि [**पश्चादुपपन्न**] पीछेसे उत्पन्न ;
पच्छोववन्नक } (भग)।

पजंप सक [**प्र + जल्प्**] बोलना, कहना। पजंपह ; (पि २६६)।

पजंपावण न [**प्रजल्पन**] बोलाना, कथन कराना ; (औप ; पि २६६)।

पजंपिअ वि [**प्रजल्पित**] कथित, उक्त ; (गा ६४६)।

पजणण न [**प्रजनन**] लिङ्ग, पुरुष-चिन्ह ; (विसे २५७६ टी ; ओघ ७२२)।

पजल अक [**प्र + ज्वल्**] १ विशेष जलना, अतिशय दग्ध होना। २ चमकना। वकृ **पजलंत** ; (भवि)।

पजलिर वि [**प्रज्वलितृ**] अत्यन्त जलने वाला ; " मिय-उज्झाणानलपजलिरकम्मकंतारधूमलइउव्व " (सुपा १)।

पजह सक [**प्र + हा**] त्याग करना। पजहामि ; (पि ५००)। कृ—**पजहियव्व** ; (आचा)।

पजाला स्त्री [**प्रज्वाला**] अग्नि-शिखा ; (कुप्र ११७)।

पजुत्त देखो **पउत्त**=प्रयुक्त ; (चंड)।

पज्ज सक [**पायय्**] पिलाना, पान कराना। पज्जेइ ; (विपा १, ६)। कवकृ —" तण्हाइया ते तउ तंब तत्तं पज्जिज्जमाणाट्टतरं रसंति " (सुअ १, ५, १, २५)। कृ—**पज्जेयव्व** ; (भत्त ४०)।

पज्ज न [**पद्य**] छन्दो-बद्ध वाक्य ; (ठा ४, ४—पत्र २८७)।

पज्ज न [**पाद्य**] पाद-प्रक्षालन जल; "अग्घं च पज्जं च गहाय" (णाया १, १६—पत्र २०६)।

पज्ज देखो **पज्जत्त** ; (दं ३३ ; कम्म ३, ७)।

पज्जंत पुं [**पर्यन्त**] अन्त सीमा, प्रान्त भाग ; (हे १, ५८ ; २, ६५ ; सुर ४, २१६)।

पज्जण न [**दे**] पान, पीना ; (दे ६, ११)।

पज्जण न [**पायन**] पिलाना, पान कराना ; (भग १४, ७)।

पज्जण्ण पुं [**पर्जन्य**] मेघ, बादल ; (भग १४, २ ; नाट—मृच्छ १७५)। देखो **पज्जन्न**।

पज्जतर वि [**दे**] दलित, विदारित ; (षड्)।

पज्जत्त वि [**पर्याप्त**] १ 'पर्याप्ति' से युक्त, 'पर्याप्ति' वाला ; (ठा २, १ ; पण्ण १, १ ; कम्म १, ४६)। २ समर्थ, शक्तिमान् ; ३ लब्ध, प्राप्त ; ४ काफी, यथेष्ट, उतना जितने से काम चल जाय ; ५ न. तृप्ति ; ६ सामर्थ्य ; ७ निवारण ; ८ योग्यता ; (हे २, २४ ; प्राप्र)। ६ कर्म-विशेष, जिसके उदय से जीव अपनी २ 'पर्याप्तियों' से युक्त होता है वह कर्म ; (कम्म १, २६)। °णाम, °नाम न [°नामन्] अनन्तर उक्त कर्म-विशेष ; (राज ; सम ६७)।

पज्जत्तर [**दे**] देखो **पज्जतर** ; (षड्—पत्र २१०)।

पज्जत्ति स्त्री [**पर्याप्ति**] १ शक्ति, सामर्थ्य ; (सुअ १, १, ४)। २ जीव की वह शक्ति, जिसके द्वारा पुद्गलों का ग्रहण करने तथा उनको आहार, शरीर आदि के रूप में बदल देने का काम होता है, जीव की पुद्गलों का ग्रहण करने तथा परिणमाने की शक्ति ; (भग ; कम्म १, ४६ ; नव ४ ; दं ४)। ३ प्राप्ति, पूर्ण प्राप्ति ; (दे ५, ६२)। ४ तृप्ति ; "पिअदंस-णधणजीवियाण को लहइ पज्जत्तिं ?" (उप ७६८ टी)।

पज्जन्न पुं [**पर्जन्य**] मेघ-विशेष, जिसके एक बार बरसने से भूमि में एक हजार वर्ष तक चिक्कनता रहती है ; "पज्जु-(ज्ज)न्ने णं महामेहे एगे णं वासेणं दस वाससयाइं भावेति " (ठा ४, ४—पत्र २७०)।

पज्जय पुं [**दे, प्रार्यक**] प्रपितामह, पितामह का पिता; (भग ६, ३; दस ७ ; सुर १, १७४ ; २२७)।

पज्जय पुं [**पर्यय**] १ श्रुत-ज्ञान का एक भेद, उत्पत्ति के प्रथम समय में सूक्ष्म-निगोद के लब्धि-अपर्याप्त जीव को जो कुश्रुत का अंश होता है उससे दूसरे समय में ज्ञान का जितना अंश बढ़ता है वह श्रुतज्ञान ; (कम्म १, ७)। २—देखो **पज्जाय** ; (सम्म १०३ ; णंदि ; विसे ४७८ ; ४८८ ; ४६० ; ४६१)। °**समास** पुं [°**समास**] श्रुतज्ञान का एक भेद, अनन्तर उक्त पर्यय-श्रुत का समुदाय; (कम्म १,७)।

पज्जयण न [**पर्ययन**] निश्चय, अवधारण ; (विसे ८३)।

पज्जर सक [**कथय्**] कहना, बोलना। पज्जरइ, पज्जर; (हे ४, २ ; दे ६, २६ ; कुमा)।

पज्जरय पुं [**प्रजरक**] रत्नप्रभा-नामक नरक-पृथिवी का एक नरकावास ; (ठा ६—पत्र ३६५)। °**मज्झ** पुं [°**मध्य**] एक नरकावास ; (ठा ६—पत्र ३६७ टी)। °**वत्त** पुं [°**वर्त**] नरकावास-विशेष ; (ठा ६)। °**वसिट्ठ** पुं [°**वशिष्ट**] एक नरकावास, नरक-स्थान-विशेष ; (ठा ६)।

पज्जल देखो **पजल**। पज्जलेइ; (महा)। वकृ—**पज्जलंत**; (कप्प)।

पज्जलण वि [**प्रज्वलन**] जलाने वाला; (ठा ४, १)।

पज्जलिय वि [**प्रज्वलित**] १ जलाया हुआ, दग्ध; (महा)। २ खूब चमकने वाला, देदीप्यमान; (गच्छ २)।

पज्जलिर वि [**प्रज्वलितृ**] १ जलने वाला; २ खूब चमकने वाला; (सुपा ६३८; सण)।

पज्जव पुं [**पर्यव**] १ परिच्छेद, निर्णय; (विसे ८३; आवम)। २ देखो **पज्जाय**; (आचा; भग; विसे २७५२; सम्म ३२)। °**कसिण** न [°**कृत्स्न**] चतुर्दश पूर्व-ग्रन्थ तक का ज्ञान, श्रुतज्ञान-विशेष; (पंचभा)। °**जाय** वि [°**जात**] १ भिन्न अवस्था को प्राप्त; (पण्ह २, ५)। २ ज्ञान आदि गुणों वाला; (ठा १)। ३ न. विषयोपभोग का अनुष्ठान; (आचा)। °**जाय** वि [°**यात**] ज्ञान-प्राप्त; (ठा १)। °**ट्ठिय** पुं [°**स्थित**, °**र्थिक**, °**स्तिक**] नय-विशेष, द्रव्य को छोड़ कर केवल पर्यायों को ही मुख्य मानने वाला पक्ष; (सम्म ६)। °**णय**, °**नय** पुं [°**नय**] वही अनन्तर उक्त अर्थ; (राज; विसे ७५), " उप्पज्जंति वयंति अ भावा नियमेण पज्जवनयस्स " (सम्म ११)।

पज्जवण न [**पर्यवन**] परिच्छेद, निश्चय; (विसे ८३)।

पज्जवत्थाव सक [**पर्यव**+**स्थापय्**] १ अच्छी अवस्था में रखना। २ विरोध करना। ३ प्रतिपक्ष के साथ वाद करना। पज्जवत्थावेदु (शौ); (मा ३६)। पज्जवत्थावेहि; (पि ५५१)।

पज्जवसाण न [**पर्यवसान**] अन्त, अवसान; (भग)।

पज्जवसिअ न [**पर्यवसित**] अवसान, अन्त; " अपज्जवसिए लोए " (आचा)।

पज्जा देखो **पण्णा**; (हे २, ८३)।

पज्जा स्त्री [**पद्या**] मार्ग, रास्ता; " भद्दं च पडुच समा भावाणं पन्नवणपज्जा " (सम्म १५७; दे ६, १; कुप्र १७६)।

पज्जा स्त्री [**दे**] निःश्रेणि, सीढ़ी; (दे ६, १)।

पज्जा स्त्री [**पर्याय**] अधिकार, प्रबन्ध-भेद; (दे ६, १; पाम)।

पज्जा देखो **पया**; " अगणिअ'ति नासं विज्जा दंडिज्जंती नासे पज्जा " (प्रासू ६६)।

पज्जाअर पुं [**प्रजागर**] जागरण, निद्रा का अभाव; (अभि ६६)।

पज्जाउल वि [**पर्याकुल**] विशेष आकुल, व्याकुल; (से ७२; ६७३; हे ४, २६६)।

पज्जाभाय सक [**पर्या**+**भाजय्**] भाग करना। संकृ—**पज्जाभाइत्ता**; (राज)।

पज्जाय पुं [**पर्याय**] १ समान अर्थ का वाचक शब्द; (विसे २५)। २ पूर्ण प्राप्ति; (विसे ८३)। ३ पदार्थ-धर्म, वस्तु-गुण; ४ पदार्थ का सूक्ष्म या स्थूल रूपान्तर; (विसे ३२१; ४७६; ४८०; ४८१; ४८२; ४८३; ठा १; १०)। ५ क्रम, परिपाटी; (गाया १, १)। ६ प्रकार, भेद; (आवम)। ७ अवसर; ८ निर्माण; (हे २, २४)। देखो **पज्जव** तथा **पज्जव**।

पज्जाल सक [**प्र**+**ज्वालय्**] जलाना, सुलगाना। पज्जालेइ; (भवि)। संकृ—**पज्जालिअ**, **पज्जालिऊण**; (दस ५, १; महा)।

पज्जालण न [**प्रज्वालन**] सुलगाना; (उप ५६७ टी)।

पज्जालिअ वि [**प्रज्वालित**] जलाया हुआ, सुलगाया हुआ; (सुपा १५१; प्रासू १८)।

पज्जिआ स्त्री [**दे. प्रार्यिका**] १ माता की मातामही; २ पीता की मातामही; (दस ७; हे ३, ४१)।

पज्जिज्जमाण देखो **पज्ज**=पायय्।

पज्जुट्ठ वि [**पर्युष्ट**] कड़कड़ाया हुआ (?); " भिउडी णं कआ, कडुअं णालविअं, अहरअं ण पज्जुट्ठं " (गा ६२१)।

पज्जुच्छुअ वि [**पर्युत्सुक**] अति उत्सुक; (नाट)।

पज्जुणसर न [**दे**] ऊख के तुल्य एक प्रकार का तृण; (दे ६, ३२)।

पज्जुण्ण पुं [**प्रद्युम्न**] १ श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम; (अंत)। २ कामदेव; (कुमा)। ३ वैष्णव शास्त्र में प्रतिपादित चतुर्व्यूह रूप विष्णु का एक अंश; (हे २,४२)। ४ एक जैन मुनि; (निवृ १)। देखो **पज्जुन्न**।

पज्जुत्त वि [**प्रयुक्त**] जटित, खचित; " माणिक्कपज्जुत्तकणयकडयसणाहेहिं " (स ३१२), " दिव्वखग्गचामरपज्जुत्तकुडंतरालाइं " (स ५६; भवि)। देखो **पउत्त**।

पज्जुदास पुं [**पर्युदास**] निषेध, प्रतिषेध; (विसे १८३)।

पज्जुन्न देखो **पज्जुण्ण**; (णाया १, ५; अंत १४; कुप्र १८; सुपा ३२)। ५ वि. धनी, श्रीमन्त, प्रभूत धन वाला; " पज्जुन्नओवि पडिपुन्नसयलंगो " (सुपा ३२)।

पज्जुवट्ठा सक [**पर्यु प + स्था**] उपस्थित होना। हेकृ—**पज्जुवट्ठादुं** (शौ): (नाट—वेणी २५)।

पज्जुवट्ठिय वि [**पर्यु पस्थित**] उपस्थित, तत्पर; (उत्त १८, ४५)।

पज्जुवास सक [**पर्यु प + आस्**] सेवा करना, भक्ति करना। पज्जुवासइ, पज्जुवासंति; (उव; भग)। वकृ—**पज्जुवासमाण**; (गाया १, १; २)। कवकृ—**पज्जुवासिज्जमाण**; (सुपा ३७८)। संकृ—**पज्जुवासित्ता**; (भग)। कृ—**पज्जुवासणिज्ज**; (गाया १, १; ओप)।

पज्जुवासण न [**पर्यु पासन**] सेवा, भक्ति, उपासना; (भग; स ११६; उप ३५७ टी; अभि ३८)।

पज्जुवासणया } स्त्री [**पर्यु पासना**] ऊपर देखो; (ठा **पज्जुवासणा** } ३, ३; भग; गाया १, १३; ओप)।

पज्जुवासय वि [**पर्यु पासक**] सेवा करने वाला; (काल)।

पज्जुसणा स्त्री [**पर्यु षणा**] देखो **पज्जोसवणा**; "परिवसणा पज्जुसणा पज्जोसवणा य वासवासो य" (निचू १०)।

पज्जुस्सुअ } वि [**पर्यु त्सुक**] अति उत्सुक, विशेष **पज्जूसुअ** } उत्कण्ठित; (अभि १०६; पि ३२० ग)।

पज्जोअ पुं [**प्रद्योत**] १ प्रकाश, उद्द्योत। २ उज्जयिनी नगरी का एक राजा; (उव)। **°गर** वि [**°कर**] प्रकाश-कर्ता; (सम १; कप्प; ओप)।

पज्जोइय वि [**प्रद्योतित**] प्रकाशित; (उप ७२८ टी)।

पज्जोयण पुं [**प्रद्योतन**] एक जैन आचार्य; (राज)।

पज्जोसव अक [**परि + वस्**] १ वास करना, रहना। २ जैनागम-प्रोक्त पर्युषणा-पर्व मनाना। पज्जोसवेइ, पज्जोसविंति, पज्जोसवेंति; (कप्प)। वकृ—**पज्जोसवंत**, **पज्जोसवेमाण**; (निचू १०; कप्प)। हेकृ—**पज्जोसवित्तए**, **पज्जोसवेत्तए**; (कप्प; कस)।

पज्जोसवणा स्त्री [**पर्यु षणा**] १ एक ही स्थान में वर्षा-काल व्यतीत करना; (ठा १०; कप्प)। २ वर्षा-काल; (निचू १०)। ३ पर्व-विशेष, भाद्रपद के आठ दिनों का एक प्रसिद्ध जैन पर्व; "कारविआ अमारि पज्जोसवणाईसु दिहीसु" (मुणि १०६००; सुर १६, १६१)। **°कप्प** पुं [**°कल्प**] पर्युषणा में करने योग्य शास्त्र-विहित आचार, वर्षाकल्प; (ठा५,२)।

पज्जोसवणा स्त्री [**पर्योसवना, पर्यु पशमना**] ऊपर देखो; (ठा १० — पत्र ५०६)।

पज्जोसविय वि [**पर्यु षित**] स्थित, रहा हुआ; (कप्प)।

पज्झंझ अक [**प्र + झञ्झ्**] शब्द करना, आवाज करना। वकृ—**पज्झंझमाण**; (राज)।

पज्झट्टिआ स्त्री [**पज्झट्टिका**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

पज्झर अक [**क्षर्, प्र + क्षर्**] झरना, टपकना। पज्झरइ; (हे ४, १७३)।

पज्झर पुं [**प्रक्षर**] प्रवाह-विशेष; (पराण २)।

पज्झरण न [**प्रक्षरण**] टपकना; (वज्जा १०८)।

पज्झरिअ वि [**प्रक्षरित**] टपका हुआ; (पात्र; कुमा; महा; संक्षि १५)।

पज्झल देखो **पज्झर**=क्षर्। पज्झलइ; (पिंग)।

पज्झलिआ देखो **पज्झट्टिआ**; (पिंग)।

पज्झाय वि [**प्रध्यात**] चिन्तित; (अणु)।

पज्झुत्त वि [**दे**] खचित, जड़ित, जड़ा हुआ; (पात्र)। देखो **पज्जुत्त**।

पटउडी स्त्री [**पटकुटी**] तंबू, वस्त्र-गृह, कपड़कोट; (सुर १३, ६)।

पटल देखो **पडल**=पटल; (कुमा)।

पटह देखो **पडह**; (प्रति १०)।

पटिमा (पै. चूपै) देखो **पडिमा**; (षड्; पि १६१)।

पट्ट सक [**पा**] पीना, पान करना। पट्टइ; (हे ४, १०)। भूका—पट्टीअ; (कुमा)।

पट्ट पुं [**पट्ट**] १ पहनने का कपड़ा; "पट्टो वि होइ इक्को देहपमाणेण सो य भइयव्वो" (बृह ३; ओघ ३४)। २ रथ्या, मुहल्ला; "तणवि मालियपट्टे गंतूण करे कया माला" (सुपा ३७३)। ३ पाषाण आदि का तख्ता, फलक; "मणिसिलापट्टअसणाहो माहवीमंडवो" (अभि २००), "पिअंगुसिलापट्टए उवविट्ठा" (स्वप्न ५२), "पट्टसंठियपसत्थविच्छिण्णपिहुलसोणीओ" (जीव ३)। ४ ललाट पर से बँधी जाती एक प्रकार की पगड़ी; "तप्पभिइं पट्टबद्धा रायाणो जाया पुव्वं मउडबद्धा आसी" (महा)। ५ पट्टा, चकनामा, किसी प्रकार का अधिकार-पत्र; (कुप्र ११; जं ३)। ६ रेशम; ७ पाट, सन; (गा ५२०; कप्पू)। ८ रेशमी कपड़ा; ९ सन का कपड़ा; (कप्प; ओप)। १० सिंहासन, गद्दी, पाट; (कुप्र २८; सुपा २८५)। ११ कलाबत्तू; (राज)। १२ पट्टी, फोड़ा आदि पर बाँधा जाता लम्बा वस्त्रांश, पाटा; "चउरंगुलपमाणपट्टबंधेण सिरिवच्छालंकियं छाइयं वच्छत्थलं" (महा; विपा १, १)। १३ शाक-विशेष; (सुज्ज २०)।

°**इल्ल** पुं [°**वत्**] पटेल, गाँव का मुखी ; (जं ३)
°**उडी** स्त्री [°**कुटी**] तंबू, वस्त्र-गृह ; (सुर १३, १६७)।
°**करि** पुं [°**करिन्**] प्रधान हस्ती ; (सुपा ३७३)।
°**कार** पुं [°**कार**] तन्तुवाय, वस्त्र बुनने वाला ; (पगण १)। °**वासिआ** स्त्री [°**वासिता**] एक शिरो-भूषण ; (दे ४, ४३)। °**साला** स्त्री [°**शाला**] उपाश्रय, जैन मुनि को रहने का स्थान ; (सुपा २८५)। °**सुत्त** न [°**सूत्र**] रेशमी सूता; (आवम)। °**हत्थि** पुं [°**हस्तिन्**] प्रधान हाथी ; (सुपा ३७२)।

पट्टइल } **पट्टइल्ल** } पुं [**दे**] पटेल, गाँव का मुखिया ; (सुपा २७३; ३६१)।

पट्टंसुअ न [**पट्टांशुक**] १ रेशमी वस्त्र ; २ सन का वस्त्र ; (गा ५२० ; कप्पू)।

पट्टग देखो **पट्ट** ; (कस)।

पट्टण न [**पत्तन**] नगर, शहर ; (भग ; ओप ; प्राप्र; कुमा)।

पट्टय देखो **पट्ट**; (उवा ; णाया १, १६)।

पट्टाढा स्त्री [**दे**] पट्टा, घोड़े की पेटी, कसन ; "छोडिया पट्टाढा, ऊसारियं पल्लाणं" (महा ; सुर १८, ३७)।

पट्टिय वि [**पट्टिक**] पट्टे पर दिया जाता गाँव वगैरः ; "पुव्विं पट्टियगामम्मि तुट्टदव्वत्थं पट्टइलो नरवालो पुव्विं जो आसि गुत्तीए खित्तो" (सुपा २७३)।

पट्टिया स्त्री [**पट्टिका**] १ छोटा तख्ता, पाटी ; "चित्तपट्टिया" (सुर १, ८८)। २—देखो **पट्टी**; "मगरासणपट्टिआ" (राज—जं ३)।

पट्टिस पुं [**दे, पट्टिश**] प्रहरण-विशेष, एक प्रकार का हथियार ; (पण्ह १, १ ; पउम ८, ४५)।

पट्टी स्त्री [**पट्टी**] १ धनुर्यष्टि ; २ हस्तपट्टिका, हाथ पर की पट्टी ; "उप्पीडियमगरासणपट्टिए" (विपा १, १ —पत्र २४)।

पट्टुया स्त्री [**दे**] पाद-प्रहार, लात ; गुजराती में 'पाटु' ; "सिरिवच्छो गोलेणं तहाहओ पट्टुयाए हिययम्मि" (सुपा २३७)। देखो —**पड्डुआ**।

पट्टुहिअ न [**दे**] कलुषित जल; "पट्टुहियं जाण कलुसजलं" (पाअ)।

पट्ठ वि [**प्रष्ठ**] १ अग्र-गामी, अग्रसर ; (णाया १, १ —पत्र १६)। २ कुशल, निपुण ; ३ प्रधान, मुखिया ; (ओप ; राज)।

पट्ठ वि [**स्पृष्ट**] जिसका स्पर्श किया गया हो वह ; (ओप)।

पट्ठ न [**पृष्ठ**] १ पीठ, शरीर के पीछे का भाग ; (णाया १, ६ ; कुमा)। २ तल, ऊपर का भाग ; "तलिमं पट्ठं च तलं" (पाअ)। °**चर** वि [°**चर**] अनुयायी, अनुगामी ; (कुमा)।

पट्ठ वि [**पृष्ट**] १ जिसको पूछा गया हो वह। २ न. प्रश्न, सवाल ; 'छव्विहे पट्ठे पण्णत्ते" (ठा ६—पत्र ३७५)।

पट्ठव सक [**प्र+स्थापय्**] १ प्रस्थान कराना, भेजना। २ प्रवृत्ति कराना। ३ प्रारम्भ करना। ४ प्रकर्ष से स्थापन करना। ५ प्रायश्चित देना। पट्ठवइ ; (हे ४, ३७)। भूका—पट्ठवइंसु ; (कप्प)। कृ—**पट्ठवियव्व** ; (कस; सुपा ६२७)।

पट्ठवण न [**प्रस्थापन**] १ प्रकृष्ट स्थापन ; २ प्रारम्भ ; "इमं पुण पट्ठवणं पडुच्च" (अणु)।

पट्ठवणा स्त्री [**प्रस्थापना**] १ प्रकृष्ट स्थापना। २ प्रायश्चित्त-प्रदान ; "दुविहा पट्ठवणा खलु" (वव १)।

पट्ठवय वि [**प्रस्थापक**] १ प्रवर्तक, प्रवृत्ति कराने वाला; (णाया १, १—पत्र ६३)। २ प्रारम्भ करने वाला ; (विसे ६२७)।

पट्ठविअ वि [**प्रस्थापित**] भेजा हुआ; (पाअ ; कुमा)। २ प्रवर्तित ; (निचू २०)। ३ स्थिर किया हुआ ; (भग १२, ८)। ४ प्रकर्ष से स्थापित, व्यवस्थापित; (पगण २१)।

पट्ठविइया } **पट्ठविया** } स्त्री [**प्रस्थापिता**] प्रायश्चित-विशेष, अनेक प्रायश्चित्तों में जिसका पहले प्रारम्भ किया जाय वह ; (ठा ५, २ ; निचू २०)।

पट्ठाअ देखो **पट्ठाव**। वकृ—**पट्ठाएंत** ; (गा ४४०)।

पट्ठाण न [**प्रस्थान**] प्रयाण ; (सुपा १४२)।

पट्ठाव देखो **पट्ठव**। पट्ठावइ ; (हे ४, ३७)। पट्ठावेइ ; (पि ५५३)।

पट्ठाविअ देखो **पट्ठविअ** ; (हे ४, १६ ; कुमा ; पि ३०६)।

पट्ठि स्त्री देखो **पट्ठ=पृष्ठ** ; (गउड ; सण)। °**मंस** न [°**मांस**] पीठ का मांस ; (पण्ह १, २)।

पट्ठिअ वि [**प्रस्थित**] जिसने प्रस्थान किया हो वह, प्रयात ; (हे ४, १६ ; ओघ ८१ भा ; सुपा ७८)।

पट्ठिअ वि [**दे**] अलंकृत, विभूषित ; (षड्)।

पट्ठिउकाम वि [**प्रस्थातुकाम**] प्रयाण का इच्छुक ; (श्रा १४)।

पट्ठिसंग न [**दे**] ककुद, बैल के कंधे का कुब्बड़ ; (दे ६, २३)।

पढी देखो **पढि**; (महा ; काल)।

पठ देखो **पढ**। पठदि (शौ) ; (नाट—मृच्छ १४०)। पठंति ; (पिंग)। कर्म —पठविमइ ; (पि ३०६; ५५१)।

पठग देखो **पाढग** ; (कप्प)।

पड अक [**पत्**] पड़ना, गिरना। पडइ ; (उत्र ; पि २१८ ; २४४)। वकृ—**पडंत, पडमाण**; (गा २६४; महा ; भवि ; बृह ६)। संकृ—**पडिअ** ; (नाट—शकु ६७)। कृ—**पडणीअ** ; (काल)।

पड पुं [**पट**] वस्त्र, कपड़ा ; (औप ; उत्त ; स्वप्न ८५ ; स ३२६ ; गा १८)। °**कार** देखो °**गार** ; (राज)। °**कुडी** स्त्री [°**कुटी**] तंबू, वस्त्र-गृह ; (दे ६, ६ ; नी ३)। °**गार** पुं [°**कार**] तन्तुवाय, कपड़ा बुनने वाला ; (पगह १, २—पत्र २८)। °**बुद्धि** वि [°**बुद्धि**] प्रभूत सूत्रार्थों को ग्रहण करने में समर्थ बुद्धि वाला ; (औप)। °**मंडव** पुं [°**मण्डप**] तंबू, वस्त्र-मण्डप ; (आक)। °**मा** वि [°**वत्**] पट वाला, वस्त्र वाला ; (षड्)। °**वास** पुं [°**वास**] वस्त्र में डाला जाता कुंकुम-चूर्ण आदि सुगन्धित पदार्थ ; (गउड ; स ७३८)। °**साडय** पुं [°**शाटक**] १ वस्त्र, कपड़ा ; २ धोती, पहनने का लम्बा वस्त्र ; (भग ६, ३३)। ३ धोती और दुपट्टा ; (णाया १, १ —पत्र ५३)।

पडंचा स्त्री [**दे. प्रत्यञ्चा**] ज्या, धनुष का चिल्ला ; (दे ६, १४ ; पात्र)।

पडंसुअ देखो **पडिंसुद** ; (पि ११५)।

पडंसुआ स्त्री [**प्रतिश्रुत**] १ प्रतिशब्द, प्रतिध्वनि ; (हे १, ८८)। २ प्रतिज्ञा ; (कुमा)।

पडंसुआ स्त्री [**दे**] ज्या, धनुष का चिल्ला ; (दे ६, १४)।

पडच्चर पुं [**दे**] साला जैसा विदूषक आदि; (दे ६,२५)।

पडच्चर पुं [**पटच्चर**] चोर, तस्कर; (नाट—मृच्छ १३८)।

पडज्झमाण देखो **पडह**=प्र+दह्।

पडण न [**पतन**] पात, गिरना ; (णाया १, १ ; प्रासू१०१)।

पडणीअ वि [**प्रत्यनीक**] विरोधी, प्रतिपक्षी, वैरी ; (स ४६६)।

पडणीअ देखो **पड**=पत्।

पडम देखो **पढम** ; (पि १०४ ; नाट —शकु ६८)।

पडल न [**पटल**] १ समूह, संघात, वृन्द ; (कुमा)। २ जैन साधुओं का एक उपकरण, भिक्षा के समय पात्र पर ढका जाता वस्त्र-खण्ड ; (पगह २, ५ —पत्र १४८)।

पडल न [**दे**] नीव्र, नरिया, मिट्टी का बना हुआ एक प्रकार का खपड़ा जिससे मकान छाये जाते हैं ; (दे ६, ५ ; पात्र)।

पडलग } स्त्रीन [**दे. पटलक**] गठरी, गाँठ ; गुजराती में
पडलय } 'पोटलुं' 'पोटली' ; "पुप्फपडलगहत्थाओ" (णाया १, ८)। स्त्री —°**लिगा**, °**लिया** ; (स २१३ ; सुपा ६)।

पडवा स्त्री [**दे**] पट-कुटी, पट-मण्डप, वस्त्र-गृह; (दे ६, ६)।

पडह सक [**प्र+दह्**] जलाना, दग्ध करना। कवकृ—**पडज्झमाण** ; (पगह १, ३)।

पडह पुं [**पटह**] वाद्य-विशेष, ढोल ; (औप ; सांदि ; महा)।

पडहत्थ वि [**दे**] पूर्ण, भरा हुआ ; (स १८०)।

पडहिय पुं [**पाटहिक**] ढोल बजाने वाला, ढोली ; (पउम ४८, ८६)।

पडहिया स्त्री [**पटहिका**] छोटा ढोल ; (सुर ३, ११५)।

पडाअ देखो **पलाय**=परा+अय्। कृ—**पडाइअव्व** ; (से १४, १२)।

पडाइअ वि [**पलायित**] जिसने पलायन किया हो वह, भागा हुआ ; (से १५, १५)।

पडाइअव्व देखो **पडाअ**।

पडाइया स्त्री [**पताकिका**] छोटी पताका, अन्तर-पताका ; (कुप्र १४५)।

पडाग पुं [**पटाक, पताक**] पताका, ध्वजा ; (कप्प ; औप)।

पडागा } स्त्री [**पताका**] ध्वजा, ध्वज ; (महा ; पात्र ;
पडाया } हे १, २०६ ; प्राप्र ; गउड)। °**इपडाग** पुं [°**तिपताक**] १ मत्स्य की एक जाति; (विपा १, ८—पत्र ८३)। २ पताका के ऊपर की पताका ; (औप)। °**हरण** न [°**हरण**] विजय-प्राप्ति ; (संथा)।

पडायाण देखो **पल्लाण** ; (हे १, २५२)।

पडायाणिय वि [**पर्याणित**] जिस पर पर्याण बाँधा गया हो वह ; (कुमा २, ६३)।

पडाली स्त्री [**दे**] १ पङ्क्ति, श्रेणी ; (दे ६, ६)। २ घर के ऊपर की चटाई आदि की कच्ची छत ; (वव ७)।

पडास देखो **पलास** ; (नाट—मृच्छ २४३)।

पडि अ [**प्रति**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ विरोध, जैसे—'पडिवक्ख', 'पडिवासुदेव' (गउड; पउम २०, २०२)। २ विशेष, विशिष्टता ; जैसे —'पडिमंजरिवडिंसय' (औप)। ३ वीप्सा, व्याप्ति ; जैसे - 'पडिदुवार', 'पडिपल्लग' ; (पगह

१, ३; से ६, ३२)। ४ वापिस, पीछे; जैसे —'पडिगय' (विपा १, १ ; भग ; सुर १, १४६)। ५ आभिमुख्य, संमुखता; जैसे —'पडिविरइ', 'पडिबद्ध' (पण्ह २, २ ; गउड)। ६ प्रतिदान, बदला ; जैसे—'पडिंदइ' (विसे ३२४१)। ७ फिर से ; जैसे—'पडिपडिय', 'पडिवत्तिय' (सार्ध ६४ ; दे ६, १३)। ८ प्रतिनिधियन ; जैसे 'पडिच्छंद' (उप ७२८ टी)। ६ प्रतिषेध, निषेध ; जैसे -'पडियाइक्खिय' (भग ; सम ५६)। १० प्रतिकूलता, विपरीतपन ; जैसे 'पडिवंथ' (से २, ४६)। ११ स्वभाव ; जैसे 'पडिवाइ' (ठा २, १)। १२ सामीप्य, निकटता ; जैसे 'पडिवेसिय' (सुपा ५५२)। १३ आधिक्य, अतिशय ; जैसे—'पडियाणंद' (औप)। १४ सादृश्य, तुल्यता ; जैसे -'पडिइंद' (पउम १०५, १११)। १५ लघुता, छोटाई; जैसे--'पडिदुवार' (कप्प ; पण्ण २)। १६ प्रशस्तता, श्लाघा ; जैसे—'पडिरूव' (जीव ३)। १७ सांप्रतिकता, वर्तमानता ; (ठा ३, ४ -पत्र १५८)। १८ निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है, जैसे —'पडिइंद' (पउम १०५, ६), 'पडिउवारियव्व' (भग)।

पडि देखो **परि** ; (से ४, ५० ; ५, १६ ; ६६ ; अंत ७)।

पडिअ वि [**दे**] विघटित, वियुक्त ; (दे ६, १२)।

पडिअ वि [**पतित**] १ गिरा हुआ ; (गा ११ ; प्रासू ५ ; १०१)। २ जिसने चलने का प्रारम्भ किया हो वह ; "आगयमग्गेण य पडिओ" (वसु)।

पडिअ देखो **पड**=पत्।

पडिअंकिअ वि [**प्रत्यङ्कित**] १ विभूषित ; २ उपलिप्त ; "बहुवण्णघुसिणपंकि पडिअंकिआ" (भवि)।

पडिअंतअ पुं [**दे**] कर्मकर, नौकर ; (दे ६, ३२)।

पडिअग्ग सक [**अनु + व्रज्**] अनुसरण करना, पीछे जाना। पडिअग्गइ ; (हे ४, १०७ ; षड्)।

पडिअग्ग सक [**प्रति + जागृ**] १ सम्हालना। २ सेवा करना, भक्ति करना। ३ शुश्रूषा करना। "वच्छ ! पडियग्गेहि सणिमोत्तियाइयं सारदव्वं" (स २८८), पडियग्गह; (स ५४८)।

पडिअग्गिअ वि [**दे**] १ परिभुक्त, जिसका परिभोग किया गया हो वह ; २ जिसका बधाई दी गई हो वह ; ३ पालित, रक्षित ; (दे ६, ७४)।

पडिअग्गिअ वि [**अनुव्रजित**] अनुगत ; (दे ६, ७४)।

पडिअग्गिअ वि [**प्रतिजागृत**] भक्ति से आदृत; (स २१)।

पडिअग्गिर वि [**अनुव्रजित**] अनुसरण करने की आदत वाला ; (कुमा)।

पडिअज्झअ पुं [**दे**] उपाध्याय, विद्या-दाता गुरु ; (दे ६, ३१)।

पडिअट्टलिअ वि [**दे**] घृष्ट, घिसा हुआ ; (से ६, ३१)।

पडिअत्त देखो **परि + वत्त**=परि + वृत्। संकृ --**पडिअत्तिअ** ; (नाट)।

पडिअत्तण न [**परिवर्तन**] फेरफार ; (से ५, ६६)।

पडिअमित्त पुं [**प्रत्यमित्र**] मित्र-शत्रु, मित्र होकर पीछे से जो शत्रु हुआ हो वह ; (राज)।

पडिअम्मिअ वि [**प्रतिकर्मित**] मण्डित, विभूषित ; (दे ६, ३५)।

पडिअर सक [**प्रति + चर्**] १ बिमार की सेवा करना। २ आदर करना। ३ निरीक्षण करना। ४ परिहार करना। संकृ **पडियरिऊण** ; (निचू १)।

पडिअर सक [**प्रति + कृ**] १ बदला चुकाना। २ इलाज करना। ३ स्वीकार करना। हेकृ **पडिकाउं**; (गा ३२०)। संकृ -"नहनि **पडिकाऊण** ठाविओ पुरो" (कुप्र ४०)।

पडिअर पुं [**दे**] चुल्ली-मूल, चुल्हे का मूल भाग ; (दे ६, १७)।

पडिअर पुं [**परिकर**] परिवार ; "पडियरि(? र)त्थो पुरिसो व्व नियत्तो तेहिं चेव पयहिं नलो" (कुप्र ५७)।

पडिअरग वि [**प्रतिचारक**] सेवा-शुश्रूषा करने वाला ; (निचू १ ; वव १)।

पडिअरण न [**प्रतिचरण**] सेवा, शुश्रूषा ; (ओघ ३६ भा; श्रा १ ; सुपा २६)।

पडिअरणा स्त्री [**प्रतिचरणा**] १ बिमार की सेवा-शुश्रूषा ; (ओघ ८३)। २ भक्ति, आदर, सत्कार ; (उप १३६ टी)। ३ आलोचना, निरीक्षण ; (ओघ ८३)। ४ प्रतिक्रमण; पाप-कर्म से निवृत्ति ; ५ सत्-कार्य में प्रवृत्ति ; (आव ४)।

पडिअलि वि [**दे**] त्वरित, वेग-युक्त ; (दे ६, २८)।

पडिआगय वि [**प्रत्यागत**] १ वापिस आया हुआ, लौटा हुआ; (पउम १६, २६)। २ न. प्रत्यागमन, वापिस आना ; (आचू १)।

पडिआर पुं [**प्रतिकार**] १ चिकित्सा, उपाय, इलाज ; (आव ४; कुमा)। २ बदला, शोध ; (आचा)। ३ पूर्वाचरित कर्म का अनुभव ; (सूअ १, ३, १, ६)।

पडिआर पुं [**प्रत्याकार**] तलवार की म्यान ; (दे २, ५ ; स २१५), "न एक्कम्मि पडियारे दोन्नि करवालाइं मायंति" (महा) ।

पडिआर पुं [**प्रतिचार**] सेवा-शुश्रूषा ; (गाया १, १३ — पत्र १७६) ।

पडिआरय वि [**प्रतिचारक**] सेवा-शुश्रूषा करने वाला ; (गाया १, १३ टी —पत्र १८१) । स्त्री —**रिया** ; (गाया १, १ —पत्र २८) ।

पडिआरि वि [**प्रतिचारिन्**] ऊपर देखो ; (वव १) ।

पडिइ सक [**प्रति + इ**] पीछे लौटना, वापिस आना । वकृ —**पडिइंत** ; (उप ५६४ टी) । हेकृ —**पडिएत्तए** ; (कस) ।

पडिइ स्त्री [**पतिति**] पतन, पात ; (वव ५) ।

पडिइंद पुं [**प्रतीन्द्र**] १ इन्द्र, देव-राज ; (पउम १०५, ६) । २ इन्द्र का सामानिक-देव, इन्द्र के तुल्य वैभव वाला देव ; (पउम १०५, १११) । ३ वानर-वंश के एक राजा का नाम ; (पउम ६, १५२) ।

पडिइंधण न [**प्रतीन्धन**] अस्त्र-विशेष, इन्धनास्त्र का प्रतिपक्षी अस्त्र ; (पउम ७१, ६४) ।

पडिइक्क देखो **पडिक्क** ; (आचा) ।

पडिउंचण न [**दे**] अपकार का बदला ; (पउम ११, ३८; ४४, १६) ।

पडिउंबण न [**परिचुम्बन**] संगम, संयोग ; (से २, २७)।

पडिउच्चार सक [**प्रत्युत् + चारय्**] उच्चारण करना, बोलना ; (भग ; उवा) ।

पडिउट्ठिअ वि [**प्रत्युत्थित**] जो फिर से खड़ा हुआ हो वह; (से १५, ८० ; पउम ६१, ४०) ।

पडिउण्ण देखो **परिपुण्ण** ; (से ५, १८) ।

पडिउत्तर न [**प्रत्युत्तर**] जवाब, उत्तर ; (सुर २, १५८ ; भवि) ।

पडिउत्तरण न [**प्रत्युत्तरण**] पार जाना, पार उतरना ; (निचू १) ।

पडिउत्ति स्त्री [**दे**] खबर, समाचार ; "अम्मापियरस्स कुसलपडिउत्ती सविसेसं परिपुट्ठा" (महा) ।

पडिउत्थ वि [**पर्युषित**] संपूर्ण रूप से अवस्थित ; (से ४, ५०) ।

पडिउद्ध वि [**प्रतिबुद्ध**] १ जागृत, जगा हुआ ; (से १२, २२) । २ प्रकाश-युक्त ; "जलणिहिविइण्णपडिउद्धं आअमणाअड्ढिअं विअंभइ व धणु" (से ५, २७) ।

पडिउवयार पुं [**प्रत्युपकार**] उपकार का बदला, प्रतिफल; (पउम ४८, ७२ ; सुपा ११५) ।

पडिउस्सस अक [**प्रत्युत् + श्वस्**] पुनर्जीवित होना, फिर से जीना । वकृ —**पडिउस्ससंत** ; (से ९, १२)।

पडिऊल देखो **पडिकूल** ; (अच्चु ८० ; से ३, ३५) ।

पडिएत्तए देखो **पडिइ** ।

पडिएल्लिअ वि [**दे**] कृतार्थ, कृत-कृत्य ; (दे ६, ३२) ।

पडिंसुआ देखो **पडंसुआ**=प्रतिश्रुत् ; (औप) ।

पडिंसुद वि [**प्रतिश्रुत**] अंगीकृत, स्वीकृत ; (प्राप्र ; पि ११५) ।

पडिकंटय वि [**प्रतिकण्टक**] प्रतिस्पर्धी ; (गउ)।

पडिकंत देखो **पडिक्कंत** ; (उप २२० टी) ।

पडिकत्तु वि [**प्रतिकर्तृ**] इलाज करने वाला ; (ठा ४, ४) ।

पडिकप्प सक [**प्रति + कृप्**] १ सजाना, सजावट करना । "खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! कूणियस्स रण्णो भिंभिसारपुत्तस्स आभिसेक्कं हत्थिरयणं पडिकप्पेहि " (औप), पडिकप्पेइ ; (औप) ।

पडिकप्पिअ वि [**प्रतिक्लृप्त**] सजाया हुआ ; (विपा १, २ —पत्र २३ ; महा ; औप) ।

पडिकम देखो **पडिक्कम** । कृ "पडिकमणं पडिकमओ पडिकमिअव्वं च आणुपुव्वीए " (आनि ४) ।

पडिकमय देखो **पडिक्कमय** ; (आनि ४) ।

पडिकम्म न [**प्रतिकर्मन्, परिकर्मन्**] देखो **परिकम्म** ; (औप ; सण) ।

पडिकय वि [**प्रतिकृत**] १ जिसका बदला चुकाया गया हो वह ; २ न. प्रतिकार, बदला ; (ठा ४, ४) ।

पडिकाउं }
पडिकाऊण } देखो **पडिअर**=प्रति + कृ ।

पडिकामणा देखो **पडिक्कामणा** ; (आचभा ३६ टी) ।

पडिकिदि स्त्री [**प्रतिकृति**] १ प्रतिकार, इलाज ; २ बदला ; (दे ६, १६) । ३ प्रतिबिम्ब, मूर्ति ; (अभि १६६) ।

पणड्ढ वि [**प्रणद्ध**] परिगत ; (औप)।

पणपण्ण देखो **पणपन्न** ; (कप्प १४७ टि)।

पणपण्णइम देखो **पणपन्नइम** ; (कप्प १७४ टि; पि २७३)।

पणपन्न स्त्रीन [**दे. पञ्चपञ्चाशत्**] पचपन, पचास और पाँच ; (हे २, १७४ ; कप्प ; सम ७२ ; कम्म ४, ५४ ; ५५ ; नि ५)।

पणपन्नइम वि [**दे. पञ्चपञ्चाश**] पचपनवाँ, ५५वाँ ; (कप्प)।

पणपन्निय देखो **पणवन्निय** ; (इक)।

पणम सक [**प्र+नम्**] प्रणाम करना, नमन करना। पणमइ, पणमए ; (स ३४४ ; भग)। वकृ—**पणमंत** ; (सण)। कवकृ—**पणमिज्जंत**; (सुपा ८८)। संकृ—**पणमिअ, पणमिऊण, पणमिऊणं, पणमित्ता, पणमित्तु**; (अभि ११८ ; प्राप्र ; पि ५६० ; भग ; काल)।

पणमण न [**प्रणमन**] प्रणाम, नमस्कार ; (उव ; सुपा २७ ; ५६१)।

पणमिअ देखो **पणम**।

पणमिअ वि [**प्रणत**] १ नमा हुआ ; (भग ; औप)। २ जिसने नमने का प्रारम्भ किया हो वह ; (णाया १, १—पत्र ५)। ३ जिसको नमन किया गया हो वह; "पणमिओ अणेण गया " (स ७३०)।

पणमिअ वि [**प्रणमित**] नमाया हुआ ; (भवि)

पणमिर वि [प्रणन्तृ] प्रणाम करने वाला, नमने वाला ; (कुमा ; कुप्र ३५० ; सण) ।

पणय सक [प्र + णी] १ स्नेह करना, प्रेम करना । २ प्रार्थना करना । वकृ—**पणअंत** ; (से २, ६) ।

पणय वि [प्रणत] १ जिसको प्रणाम किया गया हो वह ; " नरनाहपणयपयकमलं " (सुपा २४०) । २ जिसने नमस्कार किया हो वह ; " पणयपडिवक्खं " (सुर १, ११२; सुपा ३६१) । ३ प्राप्त ; (सूत्र १, ४, १) । ४ निम्न, नीचा ; (जीव ३ ; राय) ।

पणय पुं [प्रणय] १ स्नेह, प्रेम ; (गाया १, ६ ; महा ; गा २७) । २ प्रार्थना ; (गउड) । °**वंत** वि [°वत्] स्नेह वाला, प्रेमी ; (उप १३१) ।

पणय पुं [दे] पंक, कर्दम ; (दे ६, ७) ।

पणय पुं [दे. पनक] १ शैवाल, सिंवाल, तृण-विशेष ; २ काई, जल-मैल ; (ओघ ३४६) । ३ सूक्ष्म कर्दम ; (पणह १, ४) ।

पणयाल वि [दे. पञ्चचत्वारिंश] पैंतालीसवाँ, ४५वाँ ; (पउम ४५, ४६) ।

पणयाल } स्त्रीन [दे. पञ्चचत्वारिंशत्] पैंतालीस, **पणयालीस** } चालीस और पाँच, ४५ ; (सम ६६ ; कम्म २, २७ ; ति ३ ; भग ; सम ६८ ; ओप ; वि ४४५) ।

पणव देखो **पणम** । पणवइ ; (भवि) । पणवह ; (हे २, १६५) । वकृ—**पणवंत** ; (भवि) ।

पणव पुं [पणव] पटह, ढोल, वाद्य-विशेष ; (ओप ; कप्प ; अंत) ।

पणवणिय देखो **पणवन्निय** ; (ओप) ।

पणवण्ण } देखो **पणपन्न** ; (वि २६५ ; २७३ ; भग ; **पणवन्न** } हे २, १७४ टि) ।

पणवन्निय पुं [पणपन्निक] व्यन्तर देवों की एक जाति ; (पणह १, ४) ।

पणविय देखो **पणमिय**=प्रणत ; (भवि) ।

पणस पुं [पनस] वृक्ष-विशेष, कटहल ; (पि २०८ ; नाट—मृच्छ ११८) ।

पणाम सक [अर्पय्] अर्पण करना, देने के लिए उपस्थित करना । पणामइ ; (हे ४, ३९), " वंदिओ य पवयणा कल्लाणाइं पणामइ " (सुपा ३६३) ।

पणाम सक [प्र + नमय्] नमाना । पणामेइ ; (महा) ।

पणाम पुं [प्रणाम] नमस्कार, नमन ; (दे ७, ६ ; भवि) ।

पणामणिआ स्त्री [दे] स्त्री-विषयक प्रणय ; (दे ६, ३०) ।

पणामय वि [अर्पक] देने वाला ; (सूत्र १, २, २) ।

पणामिअ वि [अर्पित] समर्पित, देने के लिए धरा हुआ ; (पात्र ; कुमा) । " अपणामियंपि गहिअं कुसुमसरेण महुमासलच्छीए मुहं " (हेका ५०) ।

पणामिअ वि [प्रणमित] नमाया हुआ ; (से ४, ३१ ; गा २२) ।

पणामिअ वि [प्रणामित] नत, नमा हुआ ; " पणामिया मायरं " (स ३१६) ।

पणायक } वि [प्रणायक] ले जाने वाला ; " निव्वाण-**पणायग** } गमणसग्गप्पणायकाइं " (पणह २, १ ; पणह २, १ टी ; वव १) ।

पणाल पुं [प्रणाल] मोरी, पानी आदि जाने का रास्ता ; (से १३, ५४ ; उर १, ५ ; ६) ।

पणालिआ स्त्री [प्रणालिका] १ परम्परा ; (सम्म १, १३) । २ पानी जाने का रास्ता ; (कुमा) ।

पणाली स्त्री [प्रणाली] मोरी, पानी जाने का रास्ता ; (गउड) ।

पणाली स्त्री [प्रनाली] शरीर-प्रमाण लम्बी लाठी ; (पणह १, ३ पत्र ५४) ।

पणास सक [प्र + नाशय्] विनाश करना । पणासेइ, पणासए ; (महा) ।

पणास पुं [प्रणाश] विनाश, उच्छेदन ; (आवम) ।

पणासण वि [प्रणाशन] विनाश करने वाला ; " सव्वपा-वप्पणासणो " (पडि ; कप्प) । स्त्री— °**णी** ; (श्रा ४६) ।

पणासिय वि [प्रणाशित] जिसका विनाश किया गया हो वह ; (कप्प ; भवि) ।

पणिअ वि [दे] प्रकट, व्यक्त ; (दे ६, ७) ।

पणिअ न [पणित] १ बेचने योग्य वस्तु ; (दे १, ७४ ; ६, ७ ; णाया १, १) । २ व्यवहार, लेन-देन, क्रय-विक्रय ; (भग १५ ; णाया १, ३—पत्र ६५) । ३ शर्त, होड़, एक तरह का जूआ ; (भास ६२) । °**भूमि**, °**भूमी** स्त्री [°भूमि, भूमी] १ अनार्य देश-विशेष, जहां भगवान् महावीर ने एक चौमासा बिताया था ; (राज ; कप्प) । २ विक्रेय वस्तु रखने का स्थान ; (भग १५) । °**साला** स्त्री [°शाला] हाट, दुकान ; (बृह २ ; निचु १६) ।

पणिअ न [**पण्य**] विक्रेय वस्तु ; (सुपा २७५ ; औप ; आचा) । °**गिह**, °**घर** न [°**गृह**] दुकान, हाट ; (निचू १२ ; आचा २, २, २) । °**साला** स्त्री [°**शाला**] °हाट, दुकान; (आचा) । °**वण** पुं [°**पण**] दुकान, हाट ; (आचा) ।

पणिअ वि [**प्रणीत**] सुन्दर, मनोहर । °**भूम** स्त्री [°**भूमि**] मनोज्ञ भूमि ; (भग १५) ।

पणिआ स्त्री [**दे**] करोटिका, सिर की हड्डी ; (दे ६, ३) ।

पणिंदि } वि [**पञ्चेन्द्रिय**] त्वक्, जीभ, नाक, आँख और
पणिंदिय } कान इन पाँचों इन्द्रियों वाला प्राणी ; (कम्म २ ; ४, १० ; १८ ; १६) ।

पणिधाण देखो **पडिहाण** ; (अभि १८६ ; नाट विक ७२) ।

पणिधि पुंस्त्री [**प्रणिधि**] माया, छल; "पुणो पुणो पणिधि (? धी)ए हरिता उवहंसे जणं " (सम ५०) । देखो **पणिहि** ।

पणियत्थ वि [**प्रणिवसित**] पहना हुआ ; (औप) ।

पणिलिअ वि [**दे**] हत, मारा हुआ ; (षड्) ।

पणिवइअ वि [**प्रणिपतित**] नत, नमा हुआ ; "पणिव-इयवच्छला णं देवाणुप्पिया ! उत्तमपुरिसा " (गाया १, १६ -पत्र २१६ ; स ११ ; उप ७६८ टी) ।

पणिवय सक [**प्रणि + पत**] नमन करना, वन्दन करना । पणिवयामि ; (कप्प ; सार्ध ६१) ।

पणिवाय पुं [**प्रणिपात**] वन्दन, नमस्कार ; (सुर ८, ६८ ; सुपा २८ ; २२२ ; महा) ।

पणिहा सक [**प्रणि + धा**] १ एकाग्र चिन्तन करना, ध्यान करना । २ अपेक्षा करना । ३ अभिलाषा करना । ४ चेष्टा करना, प्रयत्न करना । संकृ **पणिहाय** ; (गाया १, १० ; भग १५) ।

पणिहाण न [**प्रणिधान**] १ एकाग्र ध्यान, मनो-निग्रह, अवधान ; (उत्त १६, १४ ; स ८७ ; प्रामा) । २ प्रयोग, व्यापार, चेष्टा ; " तिविहे पणिहाणे पण्णत्ते ; तं जहा — मणपणिहाणे, वयपणिहाणे, कायपणिहाणे" (ठा ३, १; ४, १ ; भग १८ ; उवा) । ३ अभिलाष, कामना ; " संकाठाणाणि सव्वाणि वज्जेज्जा पणिहाणवं " (उत्त १६, १४) ।

पणिहाय देखो **पणिहा** ।

पणिहि पुंस्त्री [**प्रणिधि**] १ एकाग्रता, अवधान ; (पण्ह २, ५) । २ कामना, अभिलाष ; (ठा ८७) । ३ पुं. चर पुरुष, दूत ; (पण्ह १, ३ ; पाअ ; सुर ३, ४ ; सुपा ४६२) । ४ चेष्टा, व्यापार ; (दसनि १) । ५ माया, कपट; (आव ४) । ६ व्यवस्थापन ; (राज) ।

पणिहिय वि [**प्रणिहित**] १ प्रयुक्त, व्यापृत ; (दसनि ८) । २ व्यवस्थित ; (आव ४) ।

पणीय वि [**प्रणीत**] १ निर्मित, कृत, रचित ; " वइरेसियं पणीयं " (विसे २५०७ ; सुर १२, ६२ ; सुपा ३८ ; १६७) । २ स्निग्ध, घृत आदि स्नेह की प्रचुरता वाला ; " विभूसा इत्थीसंसग्गी पणीयरसभोयणं " (दस ८, ५७ ; उत्त १६, ७ ; ओघ १५० भा ; औप ; बृह ५) । ३ निरूपित, प्ररूपित, आख्यात ; (अणु ; आव ३) । ४ मनोज्ञ, सुन्दर ; (भग ५, ४) । ५ सम्यग् आचरित ; (सूअ १, ११) ।

पणुल्ल देखो **पणोल्ल** । वकृ **पणुल्लेमाण** ; (पि २२४) ।

पणुल्लिअ देखो **पणोल्लिअ** ; (पाअ ; सुपा २४ ; प्रासू १६६) ।

पणुवीस स्त्रीन [**पञ्चविंशति**] संख्या-विशेष, पचीस, बीस और पाँच ; २ जिनकी संख्या पचीस हों वे ; (स १०६ ; पि १०४ ; २७३) ।

पणुवीसइम वि [**पञ्चविंशतितम**] पच्चीसवाँ, २५ वाँ ; (विसे ३१२०) ।

पणोल्ल सक [**प्र + णुद्**] १ प्रेरणा करना । २ फेंकना । ३ नाश करना । पणोल्लइ ; (प्राप्र) । " पावाइं कम्माइं पणोल्लयामो " (उत्त १२, ४०) । कवकृ — **पणोल्लिज्जमाण** ; (गाया १, १ ; पण्ह १, ३) । संकृ **पणोल्ल** ; (सूअ १, ८) ।

पणोल्लण न [**प्रणोदन**] प्रेरणा ; (ठा ८ ; उप पृ ३४१) ।

पणोल्लय वि [**प्रणोदक**] प्रेरक ; (आचा) ।

पणोल्लि वि [**प्रणोदिन्**] १ प्रेरणा करने वाला ; २ पुं. प्राजन दण्ड, बैल इत्यादि हाँकने की लकड़ी; (पण्ह १, ३ — पत्र ५४) ।

पणोल्लिअ वि [**प्रणोदित**] प्रेरित ; (औप ; पि २४४) ।

पण्ण वि [**प्रज्ञ**] जानकार, दक्ष, निपुण ; (उत्त १, ८ ; सूअ १, ६) ।

पण्ण वि [**प्राज्ञ**] १ प्रज्ञा वाला, बुद्धिमान्, दक्ष ; (हे १, ५६ ; उप ६२३) । २ वि. प्राज्ञ-संबन्धी ; (सूअ १, १) ।

पण्ण न [**पर्ण**] पत्र, पत्ती ; (कुमा) ।

पण्ण देखो **पणिअ**=पण्य ; (नाट) ।

पण्ण स्त्रीन [दे] पचास, ५०। स्त्री—°ण्णा ; (षड्)।
पण्ण देखो **पंच, पण** ; (पि २७३ ; ४४० ; ४४५)।
°**रस** त्रि. ब. [°**दशन्**] पनरह, १५ ; (सम २६ ; उवा)। °**रसम** वि [°**दश**] पनरहवाँ ; (उवा) °**रसी** स्त्री [°**दशी**] १ पनरहवीं ; २ तिथि-विशेष ; (पि २७३ ; कप्प)। °**रह** देखो °**रस** ; (प्राप्र)। °**रह** वि [°**दश**] पनरहवाँ, १५ वाँ ; (प्राप्र)। देखो **पन्न**=पंच।
पण्ण वि [**पार्ण**] पर्ण-संबन्धी, पत्ती से संबन्ध रखने वाला ; (राज)।
पण्ण° देखो **पण्णा°**। °**व** वि [°**वत्**] प्रज्ञा वाला, प्राज्ञ ; (उप ६१२ टी)।
पण्णई स्त्री [**पन्नगी**] भगवान् धर्मनाथ की शासन-देवी ; (पव २७)।
पण्णग पुं [**पन्नग**] सर्प, साँप ; (उप ७२८ टी)। °**रसण** पुं [°**शन**] गरुड पक्षी ; (पिंग)। देखो **पन्नय**।
पण्णग वि [**दे. पन्नक**] दुर्गन्धी। °**तिल** पुं [°**तिल**] दुर्गन्धी तिल ; (राज)।
पण्णट्ठि स्त्री [**पञ्चषष्टि**] पैंसठ, साठ और पाँच, ६५; (कप्प)।
पण्णत्त वि [**प्रज्ञप्त**] निरूपित, उपदिष्ट, कथित ; (औप; उवा ; ठा ३, १ ; ४, १ ; २; विपा १, १ ; प्रासू १२१)। २ प्रणीत, रचित ; (आचम ; चंद २० ; भग ११, ११ ; औप)।
पण्णत्ति स्त्री [**प्रज्ञप्ति**] १ विद्यादेवी-विशेष ; (जं १)। २ जैन आगम-ग्रन्थ विशेष, सूर्यप्रज्ञप्ति आदि उपांग-ग्रन्थ; (ठा ३, १; ४, १)। ३ विद्या-विशेष; (आचू १)। ४ प्ररूपण, प्रतिपादन ; (उवा ; वव ३)। °**खेवणी** स्त्री [°**क्षेपणी**] कथा का एक भेद ; (ठा ४, २)। °**पक्खेवणी** स्त्री [°**प्रक्षेपणी**] कथा का एक भेद ; (राज)।
पण्णपण्णिय पुं [**पण्णपर्णि**] व्यन्तर देवों की एक जाति; (इक)।
पण्णय देखो **पण्णग** ; (से ४, ४)।
पण्णव सक [**प्र+ज्ञापय्**] प्ररूपण करना, उपदेश करना, प्रतिपादन करना। पण्णवेइ, पण्णवेंति ; (उवा ; भग)। वकृ—**पण्णवयंत, पण्णवेमाण** ; (भग ; पि ५५१)। कृ—**पण्णवणिज्ज**; (द ७)।
पण्णवग वि [**प्रज्ञापक**] प्ररूपक, प्रतिपादक ; (विसे ५४६)।
पण्णवण न [**प्रज्ञापन**] १ प्ररूपण, प्रतिपादन ; २ शास्त्र, सिद्धान्त ; (विसे ८६४)।
पण्णवणा स्त्री [**प्रज्ञापना**] १ प्ररूपणा, प्रतिपादन ; (णाया १, ६ ; उवा)। २ एक जैन आगम-ग्रन्थ, प्रज्ञापना सूत्र ; (भग)।
पण्णवणिज्ज देखो **पण्णव**।
पण्णवणी स्त्री [**प्रज्ञापनी**] भाषा-विशेष, अर्थ-बोधक भाषा ; (भग १०, ३)।
पण्णवण्ण स्त्रीन [**दे. पञ्चपञ्चाशत्**] पचपन, पचास और पाँच ; (दे ६, २७ ; षड्)।
पण्णवय देखो **पण्णवग** ; (विसे ५४७)।
पण्णवयंत देखो **पण्णव**।
पण्णविय वि [**प्रज्ञापित**] प्रतिपादित, प्ररूपित ; (अणु ; उत्त २६)।
पण्णवेत्तु वि [**प्रज्ञापयितृ**] प्रतिपादक, प्ररूपण करने वाला ; (ठा ७)।
पण्णवेमाण देखो **पण्णव**।
पण्णा सक [**प्र+ज्ञा**] १ प्रकर्ष से जानना। २ अच्छी तरह जानना। कर्म—पण्णायंति ; (भग)।
पण्णा देखो **पण्ण** (दे)।
पण्णा स्त्री [**प्रज्ञा**] १ बुद्धि, मति ; (उप १५४ ; ७२८ टी ; निचू १)। २ ज्ञान ; (सुअ १, १२)। °**परिसह**, °**परीसह** पुं [°**परिषह**, °**परीषह**] १ बुद्धि का गर्व न करना ; २ बुद्धि के अभाव में खेद न करना ; (भग ८, ८ ; पव ८६)। °**मय** पुं [°**मद**] बुद्धि का अभिमान ; (सुअ १, १३)। °**वंत** वि [°**वत्**] ज्ञानवान् ; (राज)।
पण्णाड देखो **पन्नाड**। पण्णाडइ ; (दे ६, २६)।
पण्णाण न [**प्रज्ञान**] १ प्रकृष्ट ज्ञान ; २ सम्यग् ज्ञान ; (सम ५१)। ३ आगम, शास्त्र ; (आचा)। °**व** वि [°**वत्**] १ ज्ञानवान् ; २ शास्त्र-ज्ञ ; (आचा)।
पण्णारह (अप) त्रि. ब. [**पञ्चदशन्**] पनरह ; (पिंग)।
पण्णावीसा स्त्री [**पञ्चविंशति**] पचीस, बीस और पाँच ; (षड्)।
पण्णास स्त्रीन [**दे. पञ्चाशत्**] पचास, ५० ; (दे ६, २७ ; षड् ; पि २७३ ; ४४५ ; कुमा)। देखो **पन्नास**।
पण्णुवीस देखो **पणुवीस** ; (स १४६)।

पण्ह पुंस्त्री [**प्रश्न**] प्रश्न, पृच्छा ; (हे १, ३५ ; कुमा)। स्त्री— °**ण्हा** ; (हे १, ३५)। °**वाहण** न [°**वाहन**] जैन मुनि-गण का एक कुल ; (ती ३८)। °**वागरण** न [°**व्याकरण**] ग्यारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ ; (पण्ह २, ५ ; अ १० ; विपा १, १ ; सम १)। देखो **पसिण**।

पण्हुअ अक [**प्र**+**स्नु**] झरना, टपकना। "एक्को पण्हुअइ थणो" (गा ४०६ ; ४६२ अ)।

पण्हुअ } पुं [**दे. प्रस्नव**] १ स्तन—धारा, स्तन से दूध का **पण्हव** } झरना ; (दे ६, ३ ; पि २३१ ; राज ; अंत ७ ; षड्)। २ झरन, टपकना ; "दिट्ठिपण्हव—" (पिंड ४८७)।

पण्हव पुं [**पह्नव**] १ अनार्य देश-विशेष ; २ वि. उस देश का निवासी ; (पण्ह १, १—पत्र १४)।

पण्हवण न [**प्रस्नवन**] झरण, झरना ; (विपा १, २)।

पण्हविअ देखो **पण्हुअ** ; (दे ६, २५)।

पण्हा देखो **पण्ह**।

पण्हि पुंस्त्री [**पार्ष्णि**] फीली का अधोभाग, गुल्फ का नीचला हिस्सा ; (पण्ह १, ३ ; दे ७, ६२)।

पण्हिया स्त्री [**पार्ष्णिका**] एड़ी, गुल्फ का अधोभाग ; "मंसलिसु पण्हियाओ चरणे वित्थारिऊण बाहिरओ" (चेइय ४८६)।

पण्हुअ वि [**प्रस्नुत**] १ क्षरित, झरा हुआ ; २ जिसने झरने का प्रारम्भ किया हो वह ; "पण्हुयपओहराओ" (पउम ७६, २० ; हे २, ७५)।

पण्हुइर वि [**प्रस्नोतृ**] झरने वाला ;

"हत्थप्फंसेण जरग्गवीवि पण्हअइ दोहअगुणेण।
अवलोअणपण्हुइरिं पुत्तअ पुण्णेहिँ पाविहिसि" (गा ४६२)।

पण्होत्तर न [**प्रश्नोत्तर**] सवाल-जवाब ; (सुर १६, ४१ ; कप्पू)।

पतणु देखो **पयणु** ; (राज)।

पतार सक [**प्र**+**तारय्**] ठगना। संकृ. **पतारिअ** ; (अभि १७१)।

पतारय वि [**प्रतारक**] वञ्चक, ठग ; (धर्मसं १४७)।

पतिण्ण } वि [**प्रतीर्ण**] पार पहुँचा हुआ, निस्तीर्ण ; **पतिन्न** } (राज ; पण्ह २, १—पत्र ६६)।

पतुण्ण } न [**प्रतुन्न**] वल्कल का बना हुआ वस्त्र ; (आचा **पतुन्न** } २, ५, १, ६)।

पतेरस } वि [**प्रत्रयोदश**] प्रकृष्ट तेरहवाँ। °**वास** न [°**व- पतेलस** } र्ष**] १ प्रकृष्ट तेरहवाँ वर्ष ; २ प्रकृत तेरहवाँ वर्ष ; ३ प्रस्थित तेरहवाँ वर्ष ; (आचा)।

पत्त वि [**प्राप्त**] मिला हुआ, पाया हुआ ; (कप्प ; सुर ४, ७० ; सुपा ३५७ ; जी ४४ ; दं ४६ ; प्रासू ३१ ; १६२ ; १८२ ; गा २४१)। °**काल**, °**याल** न [°**काल**] १ समय-विशेष ; (राज)। २ वि. अवसरोचित ; (स ४६०)।

पत्त न [**पत्र**] १ पत्ती, दल, पर्ण ; (कप्प ; सुर १, ७१ ; जी १० ; प्रासू ६२)। २ पक्ष, पंख पाँख ; (वाया १, १—पत्र २४)। ३ जिस पर लिखा जाता है वह, कागज, पन्ना ; (स ६२ ; सुर १, ७२ ; हे २, १७३)। °**च्छेज्ज** न [°**च्छेद्य**] कला-विशेष ; (औप ; स ६५)। °**मंत** वि [°**वत्**] पत्र वाला ; (णाया १, १)। °**रह** पुं [°**रथ**] पक्षी ; (पाअ)। °**लेहा** स्त्री [°**लेखा**] चन्दनादि से पत्र के आकृति वाली रचना-विशेष, भूषा का एक प्रकार ; (अजि २८)। °**वल्ली** स्त्री [°**वल्ली**] १ पत्र वाली लता ; २ मुँह पर चन्दन आदि से की जाती पत्र-श्रेणी-तुल्य रचना ; (कुप्र ३६५)। °**विंट** न [°**वृन्त**] पत्र का बन्धन ; (पि ५३)। °**विंटिय** वि [°**वृन्तक**, °**वृन्तीय**] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष, पत्र वृन्त में उत्पन्न होता एक प्रकार का त्रीन्द्रिय जन्तु ; (पएण १—पत्र ४५)। °**विच्छुय** पुं [°**वृश्चिक**] जीव-विशेष, एक तरह का वृश्चिक, चतुरिन्द्रिय जीवों की एक जाति ; (जीव १)। °**वेंट** देखो °**विंट** ; (पि ५३)। °**सगडिआ** स्त्री [°**शकटिका**] पत्तों से भरी हुई गाड़ी ; (भग)। °**समिद्ध** वि [°**समृद्ध**] प्रभूत पत्ती वाला ; (पाअ)। °**हार** पुं [°**हार**] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष ; (पएण १—पत्र ४५ ; उत्त ३६, १३८)। °**ाहार** पुं [°**ाहार**] पत्ती पर निर्वाह करने वाला वानप्रस्थ ; (औप)।

पत्त न [**पात्र**] १ भाजन ; (कुमा ; प्रासू ३६)। २ आधार, आश्रय, स्थान ; (कुमा)। ३ दान देने योग्य गुणी लोक ; (उप ६४८ टी ; महा)। ४ लगातार बत्तीस उपवास ; (संबोध ५८)। °**बंध** पुं [°**बन्ध**] पात्रों को बाँधने का कपड़ा ; (ओघ ६६८)। देखो **पाय**=पात्र।

पत्त वि [**प्रात्त**] प्रसारित ; (कप्प)।

पत्तइअ वि [**प्रत्ययित**] विश्वस्त ; (भग)।

पत्तइअ वि [**पत्रकित**] १ अल्प पत्र वाला ; २ कुत्सित पत्र वाला; (णाया १, ७—पत्र ११६)।

पत्तउर पुं [**दे**] वनस्पति-विशेष, एक जात का गाछ ; (पएण १—पत्र ३१)।

पत्तट्ठ वि [दे. प्रस्तार्थ] १ बहु-शिक्षित, विद्वान्, अति कुशल ; (दे ६, ६८ ; सुर १, ८१ ; सुपा १२६ ; भग १४, १ ; पाअ) । २ समर्थ ; (जीवस २८५) ।

पत्तट्ठ वि [दे] सुन्दर, मनोहर ; (दे ६, ६८) ।

पत्तण देखो **पट्टण** ; (राज) ।

पत्तण न [दे. पत्त्रण] १ इषु-फलक, बाण का फल ; २ पुंख, बाण का मूल भाग ; (दे ६, ६४ ; गा १०००) ।

पत्तणा स्त्री [दे. पत्त्रणा] १—२ ऊपर देखो ; (गउड ; से १५, ७३) । ३ पुंख में की जाती रचना-विशेष ; (से ७, ५२) ।

पत्तणा स्त्री [प्रापणा] प्राप्ति ; (पंचू ४) ।

पत्तपसाइआ स्त्री [दे] पत्तिओं की एक तरह की पगड़ी, जिसे भील लोग पहनते हैं ; (दे ६, २) ।

पत्तपिसालस न [दे] ऊपर देखो ; (दे ६, २) ।

पत्तय न [पत्रक] एक प्रकार का गेय ; (ठा ४, ४) ।

पत्तय देखो **पत्त** ; (महा) ।

पत्तरक न [दे. प्रतरक] आभूषण-विशेष ; (पगह २, ५—पत्र १४६) ।

पत्तल वि [दे] १ तीक्ष्ण, तेज ; (दे ६, १४),

"नयणाइं समाणियपत्तलाइं परपुरिसजीवहरणाइं ।
असियसियाइं व मुद्धे खग्गा इव कं न मारंति ?"

(वज्जा ६०) । २ पतला, कृश; (दे ६, १४; वज्जा ४६) ।

पत्तल वि [पत्रल] १ पत्र-समृद्ध, बहुत पत्ती वाला ; (पाअ ; से १, ६२ ; गा ५३२ ; ६३५ ; दे ६, १४) । २ पक्ष्म वाला ; (औप ; जं २) ।

पत्तल न [पत्र] पत्ती, पर्ण ; (हे २, १७३ ; प्रामा ; सण; हे ४, ३८७) ।

पत्तलण न [पत्रलन] पत्र-समृद्ध होना, पत्र-बहुल होना ; "बाउलिआपरिसोसणकुडंगपत्तलणसुलहसंकेअ" (गा ६२६) ।

पत्तली स्त्री [दे] कर-विशेष, एक प्रकार का राज-देय ; "गिगहह तह सपत्तलिं भत्ति" (सुपा ४६३) ।

पत्ताण सक [दे] पताना, मिटाना । "पुच्छउ अन्नु कोवि जो आवइ सो तुम्हह किवाउ पत्ताणइ" (भवि), पत्ताणहि ; (भवि) ।

पत्तामोड पुंन [आमोटपत्र] तोड़ा हुआ पत्र ; "दब्भे य कुसे य पत्तामोडं च गेरहइ" (अंत ११) ।

पत्ति स्त्री [प्राप्ति] लाभ ; (दे १, ४२ ; उप २२६ ; महा ८६४) ।

पत्ति पुं [पत्ति] १ सेना-विशेष जिसमें एक रथ, एक हाथी, तीन घोड़े और पाँच पैदल हों ; २ पैदल चलने वाली सेना ; (उप ७२८ टी) ।

पत्ति ⎱ सक [प्रति + इ] १ जानना । २ विश्वास करना । ३ आश्रय करना । पत्तिअइ, पत्तियंति, पत्तिअसि, पत्तिआमि ; (से १३, ४४ ; पि ४८७ ; हे ११, ६० ; भग) । पत्तिएज्जा, पत्तिअ, पत्तिहि, पत्तिसु ; (राय ; गा २१६ ; ६६६ ; पि ४८७) । वकृ—**पत्तिअंत, पत्तियमाण** ; (गा २१६, ६७८ ; आचा २, २, २, १०) । संकृ—**पडियच्च, पत्तियाइत्ता** ; (सूअ १, ६, २७; उत्त २६, १) ।
पत्तिअ ⎰

पत्तिअ वि [पत्रित] संजात-पत्र, जिसमें पत्र उत्पन्न हुए हों वह ; (णाया १, ७ ; ११—पत्र १७१) ।

पत्तिअ वि [प्रतीति, प्रत्ययित] प्रतीति वाला, विश्वस्त ; (ठा ६—पत्र ३५५ ; कप्प ; कस) ।

पत्तिअ न [प्रीतिक] प्रीति, स्नेह ; (ठा ४, ३ ; ठा ६—पत्र ३५५) ।

पत्तिअ पुंन [प्रत्यय] प्रत्यय, विश्वास ; (ठा ४, ३—पत्र २३५ ; धर्म २) ।

पत्तिअ न [पत्रिक] मरकत-पत्र ; (कप्प) ।

पत्तिआ स्त्री [पत्रिका] पत्र, पर्ण, पत्ती ; (कुमा) ।

पत्तिआअ देखो **पत्तिअ**=प्रति + इ । पत्तिआअइ ; (प्राकृ ७५), पत्तिआअंति; (पि ४८७) ।

पत्तिआव सक [प्रति + आयय्] विश्वास कराना, प्रतीति कराना । पत्तिआवेइ; (भास २३) ।

पत्तिग देखो **पत्तिअ**=प्रीतिक ; (पंचा ७, १०) ।

पत्तिज्ज देखो **पत्तिअ**=प्रति + इ । पत्तिज्जसि, पत्तिज्जामि; (पि ४८७) ।

पत्तिज्जाव देखो **पत्तिआव** । पत्तिज्जावइ ; (सुपा ३०२), पत्तिज्जावेमि ; (धर्मवि १३४) ।

पत्तिसमिद्ध वि [दे] तीक्ष्ण ; (दे ६, १४) ।

पत्ती स्त्री [दे] पत्तों की बनी हुई एक तरह की पगड़ी जिसे भील लोग सिर पर पहनते हैं ; (दे ६, २) ।

पत्ती स्त्री [पत्नी] स्त्री, भार्या; (उप पृ १६३ ; औप ६६ ; महा ; पाअ) ।

पत्ती स्त्री [**पात्री**] भाजन, पात्र ; (उप ६३२ ; महा ; धर्मवि १२६) ।

पत्तु देखो **पाव**=प्र+आप् ।

पत्तुवगद (शौ) वि [**प्रत्युपगत**] १ सामने गया हुआ ; २ वापिस गया हुआ ; (नाट—विक्र २३) ।

पत्तेअ } न [**प्रत्येक**] १ हरएक, एक एक ; (हे २, **पत्तेग** } १० ; कुमा ; निचू १ ; पि ३४६) । २ एक की तरफ, एक के सामने ; "पत्तेयं पत्तेयं वणसंडपरिक्खित्ताओ" (जीव ३) । ३ न. कर्म-विशेष जिसके उदय से एक जीव का एक अलग शरीर होता है ; "पत्तेयतणू पत्तेउदएणं" (कम्म १, ५०) । ४ पृथग् पृथग्, अलग अलग; (कम्म १, ५०) । ५ पुं. वह जीव जिसका शरीर अलग हो, एक स्वतंत्र शरीर वाला जीव; "साहारणपत्तेआ वणस्सइजीवा दुहा सुए भणिया" (जी ८) । °**णाम** न [°**नामन्**] देखो ऊपर का ३रा अर्थ ; (राज) । °**निगोयय** पुं [°**निगोदक**] जीव-विशेष ; (कम्म ४, ८२) । °**बुद्ध** पुं [°**बुद्ध**] अनित्यतादि भावना के कारणभूत किसी एक वस्तु से परमार्थ का ज्ञान जिसको उत्पन्न हुआ हो ऐसा जैन मुनि ; (महा; नव ४३) । °**बुद्धसिद्ध** पुं [°**बुद्धसिद्ध**] प्रत्येकबुद्ध होकर मुक्ति को प्राप्त जीव ; (धर्म २) । °**रस** वि [°**रस**] विभिन्न रस वाला ; (ठा ४, ४,) । °**सरीर** वि [°**शरीर**] १ विभिन्न शरीर वाला ; "पत्तेयसरीराणं तह होंति सरीरसंघाया" (पंच ३) । २ न. कर्म-विशेष जिसके उदय से एक जीव का एक विभिन्न शरीर होता है ; (पण्ह १, १) । °**सरीरनाम** न [°**शरीरनामन्**] वही पूर्वोक्त अर्थ ; (सम ६७) ।

पत्थ सक [**प्र+अर्थय्**] १ प्रार्थना करना । २ अभिलाषा करना । ३ अटकाना, रोकना । पत्थेइ, पत्थेंति ; (उव ; औप) । कर्म—पत्थिज्जसि ; (महा) । वकृ—**पत्थंत, पत्थिंत, पत्थेअमाण** ; (नाट—मालवि २५ ; सुपा २१३ ; प्रासू १२०), "कामे **पत्थेमाणा** अकामा जंति दुग्गइं" (उप ३५७ टी) । कवकृ—**पत्थिज्जंत, पत्थिज्जमाण** ; (गा ४०० ; सुर १, २० ; से ३, ३३ ; कप्प) । कृ—**पत्थ, पत्थणिज्ज, पत्थेयव्व** ; (सुपा ३७० ; सुर १, ११६ ; सुपा १४८ ; पण्ह २, ४) ।

पत्थ पुं [**पार्थ**] १ अर्जुन, मध्यम पाण्डव ; (स ६१२ ; वेणी १२६ ; कुमा) । २ पाञ्चाल देश के एक राजा का नाम ; (पउम ३७, ८) । ३ अहिलपुर नगर का एक राजा ; (सुपा ६१६) ।

पत्थ पुं [**प्रार्थ**] १ प्रार्थन, प्रार्थना ; (गय) । २ दो दिन का उपवास ; (संबोध ५८) ।

पत्थ देखो **पच्छ**=पथ्य ; (गा ८१४ ; पउम १७, ६४ ; गज) ।

पत्थ देखो **पत्थ**=प्र+अर्थय् ।

पत्थ पुं [**प्रस्थ**] १ कुडव का एक परिमाण; (बृह १; जीवस ८८ ; तंदु २६) । २ सेतिका, एक कुडव का परिमाण ; (उप पृ ६६), "पत्थगा उ जे पुरा आसी हीणमाणा उ तेधुणा" (वव १) ।

पत्थंत देखो **पत्थ**=प्र+अर्थय् ।

पत्थंत देखो **पत्था** ।

पत्थग देखो **पत्थय** ; (राज) ।

पत्थड पुं [**प्रस्तर**] १ रचना-विशेष वाला समूह ; (ठा ३, ४ ; पव १७६) । २ भवनों के बीच का अन्तराल भाग ; (पण्ण २; सम २५) ।

पत्थड वि [**प्रस्तृत**] १ बिछाया हुआ ; २ फैला हुआ ; (भग ६, ८) ।

पत्थण न [**प्रार्थन**] प्रार्थना ; (महा ; भवि) ।

पत्थणया } स्त्री [**प्रार्थना**] १ अभिलाषा, वाञ्छा; **पत्थणा** } (आव ४) । २ याचना, माँग ; ३ विज्ञप्ति, निवेदन ; (भग १२, ५ ; सुर १, १ ; सुपा २६६ ; प्रासू २१) ।

पत्थय देखो **पत्थ**=पथ्य ; (णाया १, १) ।

पत्थय वि [**प्रार्थक**] अभिलाषा करने वाला ; (सुअ १, १, २, १६ ; स २५३) ।

पत्थय देखो **पत्थ**=प्रस्थ; (उप १७६ टी; औप) ।

पत्थयण न [**पथ्यदन**] शम्बल, पाथेय, मार्ग में खाने का खुराक ; (णाया १, १५ ; स १३० ; उर ८, ७ ; सुपा ६२४) ।

पत्थर सक [**प्र+स्तृ**] १ बिछाना । २ फैलाना । संकृ—पत्थरेत्ता ; (कस; ठा ६) ।

पत्थर पुं [**प्रस्तर**] पत्थर, पाषाण ; (औप ; उव ; पउम १७, २६ ; सिरि ३३१),

"पत्थरेणाहओ कीवो पत्थरं डक्कुमिच्छई ।
मिगारिओ सरं पप्प सउप्पत्तिं विमग्गई" (सुर ६, २०७) ।

पत्थर न [**दे**] पाद-ताडन, लात ; (षड्) ।

पत्थर देखो **पत्थार**; (प्राप्र ; संक्षि २)।

पत्थरण न [**प्रस्तरण**] बिछौना ; "खट्टापत्थरणयं तहा गमं" (धर्मवि १४७)।

पत्थरपल्लिक्कअ न [**दे**] कोलाहल करना ; (दे ६, ३६)।

पत्थरा स्त्री [**दे**] चरण-घात, लात ; (दे ६, ८)।

पत्थरिअ पुं [**दे**] पल्लव ; (दे ६, २०)।

पत्थरिअ वि [**प्रस्तृत**] बिछाया हुआ ; "पत्थरिअं अत्थुअं" (पाअ)।

पत्थव देखो **पत्थाव** ; (हे १, ६८ ; कुमा ; पउम ५, २१६)।

पत्था अक [**प्र+स्था**] प्रस्थान करना, प्रवास करना। वकृ—**पत्थंत** ; (से ३, ५७)।

पत्थाण न [**प्रस्थान**] प्रयाण, गमन ; (अभि ८१ ; अजि ९)।

पत्थार पुं [**प्रस्तार**] १ विस्तार ; (उवर ९९)। २ तृण-वन ; ३ पल्लवादि-निर्मित शय्या ; ४ पिंगल-प्रसिद्ध प्रक्रिया-विशेष ; (प्राप्र)। ५ प्रायश्चित्त की रचना-विशेष ; (ठा ६—पत्र ३७१ ; कस)। ६ विनाश ; (पिंड ५०१ ; ५११)।

पत्थारी स्त्री [**दे**] १ निकर, समूह ; (दे ६, ६९)। २ शय्या, बिछौना, गुजराती में 'पथारी' ; (दे ६, ६९ ; पाअ ; सुपा ३२०)।

पत्थाव सक [**प्र+स्तावय्**] प्रारंभ करना। वकृ—**पत्थावअंत** ; (हास्य १२२)।

पत्थाव पुं [**प्रस्ताव**] १ अवसर ; २ प्रसङ्ग, प्रकरण ; (हे १, ६८ ; कुमा)।

पत्थिअ वि [**प्रस्थित**] १ जिसने प्रयाण किया हो वह; (से २, १६ ; सुर ४, १६८)। २ न. प्रस्थान, गति, चाल ; (अजि ९)।

पत्थिअ वि [**प्रार्थित**] १ जिसके पास प्रार्थना की गई हो वह ; २ जिस चीज की प्रार्थना की गई हो वह ; (भग ; सुर ६, १८ ; १६, ६ ; उव)।

पत्थिअ वि [**दे**] शीघ्र, जल्दी करने वाला ; (दे ६, १०)।

पत्थिअ वि [**प्रार्थिक**] प्रार्थी, प्रार्थना करने वाला ; (उव)।

पत्थिअ वि [**प्रास्थित**] विशेष आस्था वाला, प्रकृष्ट श्रद्धा वाला ; (उव)।

पत्थिआ° } स्त्री [**दे**] बाँस का बना हुआ भाजन-विशेष ;
पत्थिआ } (ओघ ४७६)। °**पिडग**, °**पिडय** न [°**पिटक**] बाँस का बना हुआ भाजन-विशेष ; (विपा १,२)।

पत्थिद देखो **पत्थिअ**=प्रस्थित, प्रार्थित ; (प्राकृ २५)।

पत्थिव पुं [**पार्थिव**] १ राजा, नरेश ; (णाया १, १६ ; पाअ)। २ वि. पृथिवी का विकार ; (गज)।

पत्थी स्त्री [**दे. पात्री**] पात्र, भाजन ; "अंधकरबोरपत्थिं व माउआ मह पई विलुंपंति" (गा २४० अ)।

पत्थीण न [**दे**] १ स्थूल वस्त्र, मोटा कपड़ा ; २ वि. स्थूल, मोटा ; (दे ६, ११)।

पत्थुअ वि [**प्रस्तुत**] १ प्रकरण-प्राप्त, प्राकरणिक; (सुर ३, १९६ ; महा)। २ प्राप्त, लब्ध ; (सूअ १,४, १,१७)।

पत्थुर देखो **पत्थर**=प्र+स्तृ। संकृ—**पत्थुरेत्ता**; (कस)।

पत्थेअमाण
पत्थेंत
पत्थेमाण
पत्थेयव्व } देखो **पत्थ**=प्र+अर्थय्।

पत्थोड वि [**प्रस्तोतृ**] १ प्रस्ताव करने वाला ; २ प्रवर्तक। स्त्री—°**त्थोई** ; (पण्ह १, ३—पत्र ४२)।

पथम (शौ) देखो **पढम** ; (पि १९०)।

पद देखो **पय**=पद ; (भग ; स्वप्न १५ ; हे ४, २७० ; पण्ह २, १ ; नाट—शकु ८१)।

पदअ सक [**गम्**] जाना, गमन करना। पदअइ; (हे ४, १६२)। पदअंति ; (कुमा)।

पदंसिअ वि [**प्रदर्शित**] दिखलाया हुआ, बतलाया हुआ ; (श्रा ३०)।

पदक्खिण वि [**प्रदक्षिण**] १ जिसने दक्षिण की तरफ से लेकर मण्डलाकार भ्रमण किया हो वह ; २ न. दक्षिणावर्त भ्रमण ; "पदक्खिणीकरअंतो भट्टारं" (प्रयौ ३५)। देखो **पयाहिण**।

पदक्खिण सक [**प्रदक्षिणय्**] प्रदक्षिणा करना, दक्षिण से लेकर मण्डलाकार भ्रमण करना। हेकृ—**पदक्खिणेउं** ; (पउम ४८, १११)।

पदक्खिणा स्त्री [**प्रदक्षिणा**] दक्षिण की ओर से मण्डलाकार भ्रमण; (नाट—चैत ३८)।

पदण न [**पदन**] प्रत्यायन, प्रतीति कराना ; (उप ८८३)।

पदण (शौ) न [**पतन**] गिरना ; (नाट—मालती ३७)।

पदम (शौ) देखो **पउम** ; (नाट—मृच्छ १३९)।

पदय देखो **पयय**=पदग, पदक, पतग, पतंग ; (इक)।

पदरिसिअ देखो **पदंसिअ** ; (अवि)।

पदहण न [**प्रदहन**] संताप, गरमी ; (कुमा)।

पदाइ वि [**प्रदायिन्**] देने वाला ; (नाट—विक ८)।

पदाण [**प्रदान**] दान, वितरण ; (ओघ ; अभि ३५)।

पदाहि (शौ) पुं [**पदाति**] पैदल चलने वाला सैनिक ; (प्रयौ १७ ; नाट—वेणी ६१) ।
पदायग वि [**प्रदायक**] देने वाला ; (विसे ३२००) ।
पदाय देखो **पयाय** ; (गा ३२६) ।
पदाहिण वि [**प्रदक्षिण**] प्रकृष्ट दक्षिण, प्रकर्ष से दक्षिण दिशा में स्थित ; (जीव ३) । देखो **पदक्खिण** ।
पदिक्किदि (शौ) देखो **पडिकिदि**; (मा १० ; नाट—विक २१) ।
पदित्त देखो **पलित्त** ; (राज) ।
पदिस° स्त्री [**प्रदिशा**] विदिशा, ईशान आदि कोण ; "लभंति पाणा पदिसो दिसासु य" (आचा) ।
पदिस्सा देखो **पदेक्ख** ।
पदीव सक [**प्र + दीपय्**] १ जलाना । २ प्रकाश करना । पदीवेसि ; (पि २४४) । वकृ—**पदीवेंत** ; (पउम १०२, १०) ।
पदीव देखो **पईव**=प्रदीप ; (नाट—मृच्छ ३०) ।
पदीविआ स्त्री [**प्रदीपिका**] छोटा दिया ; (नाट—मृच्छ ५१) ।
पदुट्ठ वि [**प्रद्विष्ट, प्रदुष्ट**] विशेष द्वेष को प्राप्त; (उत्त ३२ ; बृह ३) ।
पदुमोइय न [**पदोद्देश्क**] पद-विभाग और शब्दार्थ मात्र का पारायण ; (राज) ।
पदूमिय वि [**प्रदावित, प्रदून**] अत्यन्त पीड़ित; (बृह ३) ।
पदूस सक [**प्र + द्विष्**] द्वेष करना । पदूसंति ; (पंचा २, ३५) ।
पदूसणया स्त्री [**प्रद्वेषणा, प्रदूषणा**] द्वेष, मात्सर्य ; (उप ४८६) ।
पदेक्ख सक [**प्र + दृश्**] प्रकर्ष से देखना । पदेक्खइ ; (भवि) । संकृ—"**पदिस्सा** य दिस्सा वयमाणा" (भग १८,८ ; पि ३३४) ।
पदेस देखो **पएस**=प्रदेश ; (भग) ।
पदेस पुं [**प्रद्वेष**] द्वेष ; (धर्मसं ६७) ।
पदेसिअ वि [**प्रदेशित**] प्ररूपित, प्रतिपादित ; (आचा) ।
पदोस देखो **पओस**=दे. प्रद्वेष ; (अंत १३ ; निचू १) ।
पदोस देखो **पओस**=प्रदोष ; (राज) ।
पद्द न [**दे**] १ ग्राम-स्थान ; (दे ६, १) । २ छोटा गाँव; (पाअ) ।
पद्द न [**पद्य**] श्लोक, वृत्त, काव्य ; (प्राकृ २१) ।
पद्देस देखो **पदेस**=प्रद्वेष ; (सुअ १, १६, ३) ।
पद्धइ स्त्री [**पद्धति**] १ मार्ग, रास्ता ; (सुपा १८६) । २ पङ्क्ति, श्रेणी; (ठा २, ४) । ३ परिपाटी, क्रम; (आवम) । ४ प्रक्रिया, प्रकरण ; (कप्पा २) ।
पद्धंस पुं [**प्रध्वंस**] ध्वंस, नाश । °**ाभाव** पुं [°**ाभाव**] अभाव-विशेष, वस्तु के नाश होने पर उसका जो अभाव होता है वह ; (विसे १८३७) ।
पद्धर वि [**दे**] ऋजु, सरल, सीधा ; (दे ६, १०) । २ शीघ्र ; गुजराती में 'पाधरु' : "पद्धरपएहिं सुहडं पयारेइ" (सिरि ४३५) ।
पद्धल वि [**दे**] दोनों पार्श्वों में अ-प्रवृत्त ; (षड्) ।
पद्धार वि [**दे**] जिसका पूँछ कट गया हो वह, पूँछ-कटा ; (दे ६, १३) ।
पधाइय देखो **पधाविय** ; (भवि) ।
पधाण देखो **पहाण** ; (नाट—मृच्छ २०५) ।
पधार देखो **पहार**=प्र + धारय् । भूका—पधारित्थ ; (औप ; आया १, २—पत्र ८८)
पधाव सक [**प्र + धाव्**] दौड़ना, अधिक वेग से जाना । संकृ—**पधाविअ** ; (नाट) ।
पधावण न [**प्रधावन**] १ दौड़, वेग से गमन ; २ कार्य की शीघ्र सिद्धि ; (आ १) । ३ प्रक्षालन; (धर्मसं १०७८) ।
पधाविअ वि [**प्रधावित**] १ दौड़ा हुआ ; (महा ; पण्ह १, ४) । २ गति-रहित ; (राज) ।
पधाविर वि [**प्रधावितृ**] दौड़ने वाला ; (आ २८) ।
पधूवण न [**प्रधूपन**] १ धूप देना । २ एक प्रकार का आलेपन द्रव्य ; (कस) ।
पधूविय वि [**प्रधूपित**] जिसको धूप दिया गया हो वह ; (राज) ।
पधोअ सक [**प्र + धाव्**] धोना । संकृ—**पधोइत्ता** ; (आचा २, १, ६, ३) ।
पधोअ वि [**प्रधौत**] धोया हुआ ; (औप) ।
पधोव सक [**प्र + धाव्**] धोना । पधोवेंति ; (पि ४८२) ।
पन देखो **पंच** । °**र**, °**रस** त्रि. ब. [°**दशन्**] पनरह, दस और पाँच, १५ ; (कम्म १ ; ४, ५२ ; ६८ ; जी २५) ।
पनय (पै. चूपै) देखो **पणय**=प्रणय ; (हे ४, ३२६) ।
पन्न देखो **पण्ण**=पर्ण ; (सुपा ३३६ ; कुप्र ४०८) ।
पन्न देखो **पण्ण**=दे ; (भग ; कम्म ४, ५४) ।
पन्न देखो **पण्ण**=प्रज्ञ ; (आचा ; कुप्र ४०८) ।

पन्न वि [**प्राज्ञ**] १ पंडित, जानकार, विद्वान् ; (ठा ७; उप ५६१ ; धर्मसं ४५२) । २ वि. प्रज्ञ-संबन्धी ; (सूअ २, १, ६६) ।

पन्न देखो **पंच** । °र, °रस त्रि. ब. [°**दशन्**] पनरह, १५; (हे २२ ; सम २६ ; भग ; गण) । °रस, °रसम वि [°**दश**] पनरहवाँ, १५वाँ ; (सुर १५, २५० ; पउम १५, १००) । °रसी स्त्री [°**दशी**] १ पनरहवीं ; २ पनरहवीं तिथि ; (कप्प) ।

पन्न देखो **पण्णिअ** = पण्य ; (उप १०३१ टी) ।

पन्नंगणा स्त्री [**पण्याङ्गना**] वेश्या, वाराङ्गना ; (उप १०३१ टी) ।

पन्नग देखो **पण्णग** = पन्नग ; (विपा १, ७ ; सुर २, १३८) ।

पन्नट्ठि देखो **पण्णट्ठि** ; (कप्प) ।

पन्नत्त देखो **पण्णत्त** ; (आया १, १ ; भग ; सम १) ।

पन्नत्तरि स्त्री [**पञ्चसप्तति**] पचहत्तर, ७५ ; (सम ८५ ; ति ३) ।

पन्नत्ति देखो **पण्णत्ति** ; (सुपा १५३ ; संति ५ ; महा) । ५ प्रकृष्ट ज्ञान ; ६ जिससे प्ररूपणा किया जाय वह ; (तंदु ५४) । ७ पाँचवाँ अंग-ग्रन्थ, भगवतीसूत्र ; (श्रावक ३३२) ।

पन्नत्तु वि [**प्रज्ञापयितृ**] आख्याता, प्रतिपादक ; (पि ३९०) ।

पन्नपत्तिया स्त्री [**प्रज्ञप्रत्यया**] देखो **पुन्नपत्तिया**; (कप्प) ।

पन्नपन्नइम देखो **पणपन्नइम** ; (पि ४४६) ।

पन्नय देखो **पण्णग** ; (पाअ) । °रिउ पुं [°**रिपु**] गरुड़ पक्षी ; (पाअ) ।

पन्नया स्त्री [**पन्नगा**] भगवान् धर्मनाथजी की शासन-देवी ; संति १०) ।

पन्नव देखो **पण्णव** । पन्नवेइ ; (उव) । कर्म— पन्नविज्जइ; (उव) । वकृ—**पन्नवयंत** ; (सम्म १३४) । संकृ—**पन्नवेऊणं** ; (पि ५८५) ।

पन्नवग वि [**प्रज्ञापक**] प्रतिपादक, प्ररूपक; (कम्म ५, ८५ टी) ।

पन्नवण देखो **पण्णवण** ; (सुपा २६६) ।

पन्नवणा देखो **पण्णवणा** ; (भग ; पण्ण १ ; ठा ३, ४) ।

पन्नवय देखो **पन्नवग** ; (सम्म १६) ।

पन्नवयंत देखो **पन्नव** ।

पन्ना देखो **पण्णा**=प्रज्ञा ; (आचा ; ठा ४, १ ; १०) ।

पन्ना देखो **पण्णा**=दे; (पव ५०) ।

पन्नाड सक [**मृद्**] मर्दन करना । पन्नाडइ ; (हे ४, १२६) ।

पन्नाडिअ वि [**मृदित**] जिसका मर्दन किया गया हो वह ; (पाअ ; कुमा) ।

पन्नाण देखो **पण्णाण** ; (आचा ; पि ६०१) ।

पन्नारस (अप) त्रि. ब. [**पञ्चदशन्**] पनरह, १५ ; (भवि) ।

पन्नास देखो **पण्णास** ; (सम ७० ; कुमा) । स्त्री— °सा ; (कप्प) । °इम वि [°**तम**] पचासवाँ, ५० वाँ; (पउम ५०, २३) ।

पन्ह देखो **पण्ह** ; (कप्प) ।

पन्हु (अप) देखो **पण्हुअ** = दे. प्रस्नव ; (भवि) ।

पपंच देखो **पवंच** ; (सुपा २३५) ।

पपलीण वि [**प्रपलायित**] भागा हुआ ; (पि ३४६ ; ३६७ ; नाट—मृच्छ ५८) ।

पपिआमह पुं [**प्रपितामह**] १ ब्रह्मा, विधाता ; (राज) । २ पितामह का पिता ; (धर्मसं १४६) ।

पपुत्त पुं [**प्रपुत्र**] पौत्र, पुत्र का पुत्र ; (सुपा ४०७) ।

पपुत्त } पुं [**प्रपौत्र**] पौत्र का पुत्र ; पोते का पुत्र ;
पपोत्त } (विसे ८६२ ; राज) ।

पप्प सक [**प्र+आप्**] प्राप्त करना । पप्पोइ, पप्पोत्ति ; (पि ५०४ ; उत्त १४, १४) । पप्पोदि (शौ) ; (पि ५०४) । संकृ— **पप्प** ; (पणण १७ ; ओघ ५५ ; विसे ५५१) । कृ—**पप्प** ; (विसे २६८७) ।

पप्पग न [**दे. पर्पक**] वनस्पति-विशेष ; (सूअ २, २, ६) ।

पप्पड } पुंस्त्री [**पर्पट**] १ पापड़, मूँग या उर्द की बहुत
पप्पडग } पतली एक प्रकार की रोटी; (पव ३७ ; भवि) । २ पापड़ के आकार वाला शुष्क मृत्खण्ड ; (निचू १) । °पायय पुं [°**पाचक**] नरकावास-विशेष; (देवेन्द्र ३०) । °मोदय पुं [°**मोदक**] एक प्रकार की मिष्ट वस्तु ; (पणण १७—पत्र ५३३) ।

पप्पडिया स्त्री [**पर्पटिका**] तिल आदि की बनी हुई एक प्रकार की खाद्य वस्तु ; (पणण १ ; पिंड ५५६) ।

पप्पल देखो **पप्पड** ; (नाट—विक्र २१) ।

पप्पीअ पुं [**दे**] चातक पक्षी ; (दे ६, १२) ।

पप्फुअ वि [**प्रप्लुत**] १ जलार्द्र, पानी से भीजा हुआ; (पण्ह १, १ ; गाया १, ८)। २ व्याप्त ; "पयपप्फुअ-वंजणाइं च" (पव ४ टी)। ३ न. कूदना, लाँघना ; (गउड १२८)।

पप्फोइ } देखो **पप्प**।
पप्फोत्ति }

पप्फंदण न [**प्रस्पन्दन**] प्रचलन, फरकना ; (राज)।

पप्फाड पुं [**दे**] अग्नि-विशेष ; (दे ६, ६)।

पप्फिडिअ वि [**दे**] प्रतिफलित ; (दे ६, २२)।

पप्फुअ वि [**दे**] १ दीर्घ, लम्बा ; २ उड्डीयमान, उड़ता ; (दे ६, ६४)।

पप्फुट्ट अक [**प्र+स्फुट्**] १ खिलना ; २ फूटना। पप्फुट्टइ; (प्राकृ ७४)।

पप्फुडिअ पुं [**प्रस्फुटित**] नरकावास-विशेष ; (देवेन्द्र २६)।

पप्फुय देखो **पप्फुअ**; "बाहपप्फुयच्छो" (सुख २, २६)।

पप्फुर अक [**प्र+स्फुर्**] १ फरकना, हिलना। २ काँपना। पप्फुरइ ; (से १५, ७७ ; गा ६४७)।

पप्फुरिअ वि [**प्रस्फुरित**] फरका हुआ ; (दे ६, १६)।

पप्फुल्ल अक [**प्र+फुल्ल्**] विकसना। वकृ—**पप्फुल्लंत**; (रंभा)।

पप्फुल्ल वि [**प्रफुल्ल**] विकसित, खिला हुआ ; (गाया १, १३ ; उप पृ ११४; पउम ३, ६६ ; सुर २, ७६ ; षड् ; गा ६३६ ; ६७०), "इअ भणिएण णअंगी पप्फुल्लविलोअणा जाआ" (काप्र १६१)।

पप्फुल्लिअ वि [**प्रफुल्लित**] ऊपर देखो ; (सम्मत्त १८६; भवि)।

पप्फुल्लिआ स्त्री [**प्रफुल्लिका**] देखो **उप्फुल्लिआ**; (गा १६६ अ)।

पप्फोड देखो **पप्फुट्ट**। पप्फोडइ, पप्फोडए ; (धात्वा १४३)।

पप्फोड सक [**प्र+स्फोटय्**] १ झाड़ना, झाड़ कर गिराना। २ आस्फालन करना। ३ प्रक्षेपण करना। पप्फोडइ ; (गा ४३३)। पप्फोडे; (उत्त २६, २४)। वकृ—**पप्फोडंत, पप्फोडयंत, पप्फोडेमाण** ; (गा १४५, पि ४६१; ठा ६)। संकृ—"**पप्फोडेऊण** सेसयं कम्मं" (आउ ६७)।

पप्फोडण न [**प्रस्फोटन**] १ झाड़ना, प्रकृष्ट धूनन ; (ओघ भा १६३)। २ आस्फोटन, आस्फालन ; (पण्ह २, ५—पत्र १४८ ; पिंड २६३)।

पप्फोडणा स्त्री [**प्रस्फोटना**] ऊपर देखो ; (ओघ २६६; उत्त २६, २६)।

पप्फोडिअ वि [**दे. प्रस्फोटित**] निर्भाटित, झाड़ कर गिराया हुआ; (दे ६, २७; पाअ), "पप्फोडिअमोहजालस्स" (पडि)। २ फोड़ा हुआ, तोड़ा हुआ ; "पप्फोडिअसउणि-अंडगं व ते हुंति निस्सारा" (संबोध १७)।

पप्फोडेमाण देखो **पप्फोड**=प्र+स्फोटय्।

पफुल्ल देखो **पप्फुल्ल**; (षड्)।

पफुल्लिअ देखो **पप्फुल्लिअ** ; (हे ४, ३६६ ; पिंग)।

पबंध पुं [**प्रबन्ध**] १ सन्दर्भ, ग्रन्थ, परस्पर अन्वित वाक्य-समूह, (रंभा ८)। २ अ-विच्छेद, निरन्तरता; (उत्त ११, ७)।

पबंधण न [**प्रबन्धन**] प्रबन्ध, संदर्भ, अन्वित वाक्य-समूह की रचना; "कहाए य पबंधणे" (सम २१)।

पबल वि [**प्रबल**] बलिष्ठ, प्रचण्ड, प्रखर; (कुमा)।

पबाहा स्त्री [**प्रबाधा**] प्रकृष्ट बाधा, विशेष पीड़ा; (गाया १, ४)।

पबुद्ध वि [**प्रबुद्ध**] १ प्रवीण, निपुण; (से १२, ३७)। २ जागा हुआ; (सुर ५, १२६)। ३ जिसने अच्छी तरह जानकारी प्राप्त की हो वह; (आचा)।

पबोध सक [**प्र+बोधय्**] १ जागृत करना। २ ज्ञान कराना। कर्म— पबोधीआमि; (पि ५४३)।

पबोधण न [**प्रबोधन**] प्रकृष्ट बोधन; (राज)।

पबोह देखो **पबोध**। कृ—**पबोहणीय**; (पउम ७०, २८)।

पबोह पुं [**प्रबोध**] १ जागरण ; २ ज्ञान, समझ ; (चारु ५४ ; पि १६०)।

पबोहण देखो **पबोधण** ; (राज)।

पबोहय वि [**प्रबोधक**] प्रबोध-कर्ता ; (विसे १७३)।

पबोहिअ वि [**प्रबोधित**] १ जगाया हुआ ; २ जिसको ज्ञान कराया गया हो वह ; (सुपा ३१३)।

पब्बल देखो **पबल** ; (से ४, २५ ; ६, ३३)।

पब्बाल देखो **पव्वाल**=छादय्। पब्बालइ ; (हे ४, २१)।

पब्बाल देखो **पव्वाल**=प्लावय्। पब्बालइ ; (हे ४, ४१)।

पब्बुद्ध देखो **पबुद्ध** ; (पि १६६)।

पब्भ वि [**प्रह्व**] नम्र ; (औप ; प्राकृ २४)।

पब्भट्ट } वि [**प्रभ्रष्ट**] १ परिभ्रष्ट, प्रस्खलित, चूका हु-
पब्भसिअ } आ ; (पण्ह १, ३ ; अभि ११६; गा २१८; सुर ३, १२३ ; गा ३३ ; ६५)। २ विस्मृत ; (से १४,

४१)। ३ पुं. नरकावास-विशेष ; (देवेन्द्र २८)।
पब्भार पुं [दे. प्राग्भार] १ संघात, समूह ; जत्था; (दे ६, ६६ ; से ४, २० ; सुर १, १२३ ; कप्पू ; गउड ; कुलक २१)।
पब्भार पुं [दे] गिरि-गुफा, पर्वत-कन्दरा ; (दे ६, ६६), "पब्भारकंदरगया साहंती अप्पणो अट्ठं" (पव ८१)।
पब्भार पुं [प्राग्भार] १ प्रकृष्ट भार ; "कुमेरं संकमियरज्जपब्भारो" (धम्म ८ टी)। २ ऊपर का भाग; (से ४, २०)। ३ थोड़ा नमा हुआ पर्वत का भाग; (णाया १, १—पत्र ६३; भग ५, ७)। ४ एक देश, एक भाग ; (से १, ५८)। ५ उत्कर्ष, परभाग ; (गउड)। ६ पुंन. पर्वत के ऊपर का भाग ; (णंदि)। ७ वि. थोड़ा नमा हुआ, ईषदवनत ; (अंत ११ ; ठा १०)।
पब्भारा स्त्री [प्राग्भारा] दशा-विशेष, पुरुष की सत्तर से अस्सी वर्ष तक की अवस्था ; (ठा १०—पत्र ५१६ ; तंदु १६)।
पब्भूअ वि [प्रभूत] उत्पन्न; "मंडुक्कीए गब्भे, पब्भूओ दद्दुरत्तेण" (धर्मवि ३५)।
पब्भोअ पुं [दे. प्रभोग] भोग, विलास ; (दे ६, १०)।
पभ पुं [प्रभ] १ हरिकान्त-नामक इन्द्र का एक लोकपाल ; (ठा ४, १ ; इक)। २ द्वीप-विशेष और समुद्र-विशेष का अधिपति देव ; (राज)।
°**पभ** वि [प्रभ] सदृश, तुल्य ; (कप्प ; उवा)।
°**पभइ** देखो °**पभिइ**; "चंडाणं चंडरुद्दपभईणं" (अज्झ १४१)।
पभंकर पुं [प्रभङ्कर] १ ग्रह-विशेष, ज्योतिष-देव-विशेष ; (ठा २, ३)। २ पुंन. देव-विमान विशेष; (सम ८; १४ ; पव २६७)।
पभंकर वि [प्रभाकर] प्रकाशक ; "सव्वलोयपभंकरो" (उत्त २३, ७६)।
पभंकरा स्त्री [प्रभङ्करा] १ विदेह-वर्ष की एक नगरी का नाम ; (ठा २, ३)। २ चन्द्र की एक अग्र-महिषी का नाम; (ठा ४, १)। ३ सूर्य की एक अग्रमहिषी का नाम ; (भग १०, ५)।
पभंकरावई स्त्री [प्रभङ्करावती] विदेह वर्ष की एक नगरी; (आचू १)।
पभंगुर वि [प्रभङ्गुर] अति विनश्वर ; (आचा)।
पभंजण पुं [प्रभञ्जन] १ वायुकुमार-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र ; (ठा २, ३ ; ४, १ ; सम ६६)। २ लवणसमुद्र के एक पातालकलश का अधिष्ठायक देव; (ठा ४, २)। ३ वायु, पवन ; (से १४, ६६)। ४ मानुषोत्तर पर्वत के एक शिखर का अधिपति देव; (राज)। °**तणअ** पुं [°तनय] हनूमान् ; (से १४, ६६)।
पभंसण न [प्रभ्रंशन] स्खलना ; (धर्मसं १०७६)।
पभकंत पुं [प्रभकान्त] १—२ विद्युत्कुमार देवों के हरिकान्त और हरिस्सह-नामक दोनों इन्द्रों के लोकपालों के नाम ; (ठा ४, १—पत्र १९७ ; इक)।
पभण सक [प्र + भण्] कहना, बोलना। पभणइ ; (महा; सण)।
पभणिय वि [प्रभणित] उक्त, कथित ; (सण)।
पभम सक [प्र + भ्रम्] भ्रमण करना, भटकना। पभमेसि ; (श्रु १५३)।
पभव अक [प्र + भू] १ समर्थ होना, पहुँचना। २ होना, उत्पन्न होना। पभवइ ; (पि ४७५)। वकृ—**पभवंत** ; (सुपा ८६ ; नाट—विक्र ४५)।
पभव पुं [प्रभव] १ उत्पत्ति, प्रसूति ; (ठा ६ ; वसु)। २ प्रथम उत्पत्ति-कारण ; (णंदि)। ३ एक जैन मुनि, जम्बुस्वामी का शिष्य ; (कप्प ; वसु ; णंदि)।
पभवा स्त्री [प्रभवा] तृतीय वासुदेव की पटरानी ; (पउम २०, १८६)।
पभविय वि [प्रभूत] जो समर्थ हुआ हो ; "सा विज्जा सिद्धुए उदग्गपुण्णम्मि पभविया नेव" (धर्मवि १२३)।
पभा स्त्री [प्रभा] १ कान्ति, तेज; (महा ; धर्मसं १३३३)। २ प्रभाव; "निच्चुज्जोया रम्मा,सयंपभा ते विरायंति" (देवेन्द्र ३२०)।
पभाइअ } पुंन [प्रभात] १ प्रातः काल, सुबह; (पउम
पभाय } ७०, ५६; सुर ३, ६६; महा; सण २४४)। २ वि. प्रकाशित ; "रयणीए पभायाए" (उप ६४८ टी)। °**तणय** वि [°संबन्धिन्] प्राभातिक, प्रभात-संबन्धी; (सुर ३, २४८)।
पभार पुं [प्रभार] प्रकृष्ट भार ; (सम १५३)।
पभाव देखो **पहाव**=प्र + भावय्। पभावेइ, पभावंति ; (उव ; पव १४८)। वकृ—**पभाविंत** ; (सुपा ३७६)।
पभाव देखो **पहाव**—प्रभाव ; (स्वप्न ६८)।
पभावई स्त्री [प्रभावती] १ उन्नीसवें जिन-देव की माता का नाम; (सम १५१)। २ रावण की एक पत्नी का नाम; (पउम ७४, ११)। ३ उद्रायन राजर्षि की पटरानी और

चेडा नरेश की पुत्री का नाम; (पडि)। ४ बलदेव के पुत्र निषध की भार्या ; (आचू१)। ५ राजा बल की पत्नी; (भग ११, ११)।

पभावग वि [**प्रभावक**] प्रभाव बढ़ाने वाला, शोभा की वृद्धि करने वाला; (श्रा ६; द्र २३)। २ उन्नति-कारक; ३ गौरव-जनक; (कुप्र १६८)।

पभावण न [**प्रभावन**] नीचे देखो ; (श्रु ५)।

पभावणा स्त्री [**प्रभावना**] १ माहात्म्य, गौरव; २ प्रसिद्धि, प्रख्याति; (णाया १, १६—पत्र १२२; श्रा ६ ; महा)।

पभावय वि [**प्रभावक**] गौरव बढ़ाने वाला ; (संबोध ३१)।

पभावाल पुं [**प्रभावाल**] वृक्ष-विशेष ; (राज)।

पभाविंत देखो **पभाव**=प्र+भावय् ।

पभास सक [**प्र+भाष्**] बोलना, भाषण करना। पभासंति ; (विसे ४६६ टी)। वकृ—**पभासंत, पभासयंत, पभासमाण**; (उप पृ २३ ; पउम ५५, १८ ; ८६, १०)।

पभास अक [**प्र+भास्**] प्रकाशित होना। पभासिंति ; (सुज्ज १६)। भूका—पभासिंसु ; (भग ; सुज्ज १६)। भवि—पभासिस्संति ; (सुज्ज १६)। वकृ—**पभासमाण**; (कप्प)।

पभास सक [**प्र+भासय्**] प्रकाशित करना। प्रभासेइ ; (भग)। पभासंति ; (सुज्ज ३ पत्र ६४)। वकृ—**पभासयंत, पभासेमाण**; (पउम १०८, ३३ ; रयण ७५; कप्प; उवा; औप; भग)।

पभास पुं [**प्रभास**] १ भगवान् महावीर के एक गणधर का नाम; (सम १६ ; कप्प)। २ एक विकटापाती पर्वत का अधिष्ठाता देव ; (ठा २, ३—पत्र ६६)। ३ एक जैन मुनि का नाम; (धर्म ३)। ४ एक चित्रकार का नाम ; (धम्म ३१ टी)। ५ न. तीर्थ-विशेष; (जं ३; महा)। ६ देव-विमान विशेष; (सम १३; ४१)। °**तित्थ** न [°**तीर्थ**] तीर्थ-विशेष, भारतवर्ष की पश्चिम दिशा में स्थित एक तीर्थ; (इक)।

पभासा स्त्री [**प्रभासा**] अहिंसा, दया ; (पण्ह २, १)।

पभासिय वि [**प्रभाषित**] उक्त, कथित; (सूअ १, १, १, १६)।

पभासेमाण देखो **पभास**=प्र+भासय् ।

पभिइ देखो **पभिइं**; (अ ५५)।

°**पभिइ** वि. ब. [°**प्रभृति**] इत्यादि, वगैरह; (भग; उवा ; महा)।

पभिइं / **पभिई** / **पभीइ** / **पभीइं** अ [**प्रभृति**] प्रारम्भ कर, (वहां से) शुरू कर, लेकर ; "बालभावाओ पभिइं" (सुर ४,१६७; कप्प; महा; स ७३६; ३७५ टि)।

पभीय वि [**प्रभीत**] अति भीत, अत्यन्त डरा हुआ ; (उत्त ५, ११)।

पभु पुं [**प्रभु**] १ इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम ; (पउम ५, ७)। २ स्वामी, मालिक ; (पउम ६३, ३६; बृह २)। ३ राजा, नृप , "पभू राया अणुप्पभू जुवराया" (निचू २)। ४ वि. समर्थ, शक्तिमान् ; (श्रा २७; भग १५; उत्रा, ठा ४, ४)। ५ योग्य, लायक ; "पभुत्ति वा जोग्गोत्ति वा एगट्ठा" (निचू २०)।

पभुंज सक [**प्र+भुज्**] भोग करना। पभुंजेदि (शौ); (द्रव्य ६)।

पभुति (पै) देखो **पभिइं** ; (कुमा)।

पभुत्त वि [**प्रभुक्त**] १ जिसने खाने का प्रारम्भ किया हो वह; (सुर १०, ५८)। २ जिसने भोजन किया हो वह; (स १०४)।

पभूइ / **पभूइं** देखो **पभिइं** ; (पउम ६, ७६ ; स २७५)।

पभूय वि [**प्रभूत**] प्रचुर, बहुत ; (भग ; पउम ५, ५ ; णाया १, १ ; सुर ३, ८१ ; महा)।

पभोय (अप) देखो **उवभोग**; "भोय-पभोयमाणु जं किज्जइ" (भवि)।

पमइल वि [**प्रमलिन**] अति मलिन ; (णाया १, १)।

पमक्खण न [**प्रम्रक्षण**] १ अभ्यञ्जन, विलेपन ; २ विवाह के समय किया जाता एक तरह का उबटन; (स ७४)।

पमक्खिअ वि [**प्रम्रक्षित**] १ विलिप्त ; २ विवाह के समय जिसको उबटन किया गया हो वह ; (वसु ; सम ७५)।

पमज्ज सक [**प्र+मृज्, मार्ज्**] मार्जन करना, साफ-सुथरा करना, झाड़ आदि से धूलि वगैरः को दूर करना। पमज्जइ; (उव ; उवा)। पमज्जिया ; (आचा)। वकृ—**पमज्जेमाण**; (ठा ७)। संकृ—**पमज्जित्ता**; (भग ; उवा)। हेकृ—**पमज्जित्तु**; (पि ५७७)।

पमज्जण न [**प्रमार्जन**] मार्जन, भूमि-शुद्धि; (अंत)।

पमज्जणिया } स्त्री [**प्रमार्जनी**] झाडू, भूमि साफ करने
पमज्जणी } का उपकरण; (णाया १, ७; धर्म ३) ।
पमज्जय वि [**प्रमार्जक**] प्रमार्जन करने वाला ; (दे ५, १८) ।
पमज्जिअ वि [**प्रमृष्ट, प्रमार्जित**] साफ किया हुआ ; (उवा; महा) ।
पमत्त वि [**प्रमत्त**] १ प्रमाद-युक्त, असावधान, प्रमादी, बेदरकार; (उव ; अभि १८५ ; प्रासू ६८) । २ न. छठवाँ गुण-स्थानक; (कम्म ४, ४७; ५६) । ३ प्रमाद ; (कम्म २) । °**जोग** पुं [°**योग**] प्रमाद-युक्त चेष्टा ; (भग) । °**संजय** पुं [°**संयत**] प्रमादी साधु, प्रमाद-युक्त मुनि ; (भग ३,३) ।
पमद देखो **पमय**; (स्वप्न ५१; कप्पू) ।
पमदा देखो **पमया**; (नाट—शकु २) ।
पमद्द सक [**प्र + मृद्**] १ मर्दन करना । २ विनाश करना । ३ कम करना । ४ चूर्ण करना । ५ रुई की पूणी बनाना । वकृ—**पमद्दमाण** ; (पिंड ५७४) ।
पमद्द पुं [**प्रमर्द**] १ ज्योतिष शास्त्र में प्रसिद्ध एक योग; (सम १३; सुज्ज १०, ११) । २ संघर्ष, संमर्द ; (राज) । ३ वि. मर्दन करने वाला; ४ विनाशक ; "सारं मणगइ सव्वं पच्चक्खाणं खु भवदुहपमद्दं" (संबोध ३७) ।
पमद्दण न [**प्रमर्दन**] १ चूरना, चूर्ण करना; (राय) । २ नाश करना । ३ कम करना; (सम १२२) । ४ रुई की पूणी करना ; (पिंड ६०३) । ५ वि. विनाश करने वाला ; (पंचा १४, ४२) ।
पमद्दि वि [**प्रमर्दिन्**] प्रमर्दन करने वाला; (औप; पि २६१) ।
पमय पुं [**प्रमद**] १ आनन्द, हर्ष ; (काल ; श्रा २७) । २ न. धतूरे का फल । °**च्छी** स्त्री [°**ाक्षी**] स्त्री, महिला; (सुपा २३०) । °**वण** न [°**वन**] राजा का अन्तःपुर-स्थित वन ; (से ११, ३७ ; णाया १, ८; १३) ।
पमया स्त्री [**प्रमदा**] उत्तम स्त्री, श्रेष्ठ महिला; (उव; बृह ४) ।
पमह पुं [**प्रमथ**] शिव का अनुचर ; (पाअ) । °**णाह** पुं [°**नाथ**] महादेव ; (समु १५०) । °**ाहिव** पुं [°**ाधिप**] शिव, महादेव ; (गा ४४८) ।
पमा सक [**प्र + मा**] सत्य सत्य ज्ञान करना । कर्म—पमीयए; (विसे ६४६) ।
पमा स्त्री [**प्रमा**] १ प्रमाण, परिमाण; "पीअलधाउविणिम्मिअ-विहत्थिपमपमाणुलिंगआहरणं" (कुमा) । २ प्रमाण, न्याय; "अतिप्पसंगो पमासिद्धो" (धर्मसं ६८१) ।
पमा° देखो **पमाय**=प्रमाद; (वव १) ।
पमाइ वि [**प्रमादिन्**] प्रमादी, बेदरकार; (सुपा ५४३; उव; आचा) ।
पमाइअव्व देखो **पमाय**—प्र + मद् ।
पमाइल्ल देखो **पमाइ**; "धम्मपमाइल्ले" (उप ७२८ टी) ।
पमाण सक [**प्र + मानय्**] विशेष रीति से मानना, आदर करना । कृ—**पमाणणिज्ज** ; (श्रा २७) ।
पमाण न [**प्रमाण**] १ यथार्थ ज्ञान; सत्य ज्ञान; २ जिससे वस्तु का सत्य सत्य ज्ञान हो वह, सत्य ज्ञान का साधन; (अणु) । ३ जिससे नाप किया जाय वह; "अणुप्पमाणंपि" (श्रा २७; भग ; अणु) । ४ नाप, माप, परिमाण; (विचार ५४४; ठा ५, ३ ; जीवस ६४ ; भग ; विपा १, २) । ५ संख्या ; (अणु ; जी २६) । ६ प्रमाण-शास्त्र, न्याय-शास्त्र, तर्क-शास्त्र; "लक्खणसाहित्तपमाणजोइसाईणि सा पढइ" (सुपा १०३) । ७ पुंन. सत्य रूप से जिसका स्वीकार किया जाय वह ; ८ माननीय , आदरणीय ; ६ सच्चा, सही, ठीक ठीक, यथार्थ; "कमागओ जो य जेसिं किल धम्मो सो य पमाणो तेसिं" (सुपा ११०; श्रा १४),
"सुचिरंपि अच्छमाणो नलथंभो पिच्छ इच्छुवाडम्मि ।
कीस न जायइ महुरो जइ संसग्गी पमाणं ते" (प्रासू ३३) ।
°**वाय** पुं [°**वाद**] न्याय-शास्त्र, तर्क-शास्त्र; (सम्मत्त ११७) । °**संवच्छर** पुं [°**संवत्सर**] वर्ष-विशेष; (सुज्ज १०, २०) ।
पमाण सक [**प्रमाणय्**] प्रमाण रूप से स्वीकार करना । पमाण, पमाणह; (पिंग) । वकृ—**पमाणंत** ; (उवर १८६) । कृ—**पमाणियव्व** ; (सिरि ६१) ।
पमाणिअ वि [**प्रमाणित**] प्रमाण रूप से स्वीकृत ; (सुपा ११० ; श्रा १२) ।
पमाणिआ } स्त्री [**प्रमाणिका, प्रमाणी**] छन्द-विशेष;
पमाणी } (पिंग) ।
पमाणीकर सक [**प्रमाणी + कृ**] प्रमाण करना, सत्य रूप से स्वीकार करना । कर्म—पमाणीकरीअदि (शौ) ; (पि ३२४) । संकृ—**पमाणीकिअ**; (नाट—मालवि ४०) ।
पमाद देखो **पमाय**=प्र + मद् । कृ—**पमादेयव्व**; (णाया १,१—पत्र ६०) ।
पमाद देखो **पमाय**=प्रमाद; (भग; औप; स्वप्न १०६) ।

पमाय अक [**प्र+मद्**] प्रमाद करना, बेदरकारी करना। पमाअइ, पमायए; (उव; पि ४६०)। वकृ—**पमायंत**; (सुपा १०)। कृ—**पमाइअव्व**; (भग)।

पमाय पुं [**प्रमाद**] १ कर्तव्य कार्य में अप्रवृत्ति और अकर्तव्य में प्रवृत्ति रूप अ-सावधानता, बेदरकारी ; (आचा; उत्त ४, १२ ; महा; प्रासू ३८; १३४)। २ दुःख, कष्ट; "समग्गलोयाण वि जा विमायासमा समुप्पाइयसुप्पमाया" (सत्त ३५)।

पमार पुं [**प्रमार**] १ मरण का प्रारम्भ; (भग १५)। २ बुरी तरह मारना ; (ठा ५, १)।

पमारणा स्त्री [**प्रमारणा**] बुरी तरह मारना; (वव ३)।

पमिय वि [**प्रमीत**] परिमित, नापा हुआ; "अंगुलमूलासंखिअभागप्पमिया उ होंति सेढीओ" (पंच २,२०)।

पमिलाण वि [**प्रम्लान**] अतिशय मुरझाया हुआ; (ठा३, १: धर्मवि ५५)।

पमिलाय अक [**प्र+म्लै**] मुरझाना । "पणपन्नाय परेणं जोणी पमिलायए महिलियाणं" (तंदु ४)।

पमिल्ल अक [**प्र+मील्**] विशेष संकोच करना, सकुचना। पमिल्लइ; (हे ४, २३२; प्राप्र)।

पमीय° देखो **पमा=प्र+मा**।

पमील देखो **पमिल्ल**। पमीलइ; (हे ४, २३२)।

पमुइअ वि [**प्रमुदित**] हर्ष-प्राप्त, हर्षित; (औप; जीव ३)।

पमुंच सक [**प्र+मुच्**] छोड़ना, परित्याग करना। पमुंचंति; (उव)। कर्म—पमुच्चइ; (पि५४२)। भवि—पमोक्खसि; (आचा)। वकृ—**पमुंचमाण**; (राज)।

पमुक्क वि [**प्रमुक्त**] परित्यक्त ; (हे २, ९७ ; षड्)।

°**पमुक्ख** देखो °**पमुह**; (सुपा १०; गु ११; जी १०)।

पमुच्छिअ पुं [**प्रमूर्च्छित**] नरकावास-विशेष; (देवेन्द्र २७)।

पमुत्त देखो **पमुक्क**; (पि ५६६)।

पमुदिय देखो **पमुइअ**; (सुर ३, २०)।

पमुद्ध वि [**प्रमुग्ध**] अत्यन्त मुग्ध; (नाट —मालती ४४)।

पमुह वि [**प्रमुख**] १ तल्लीन दृष्टि वाला; "एगप्पमुहे" (आचा)। २ पुं. ग्रह-विशेष, ज्योतिष्क देव-विशेष; (ठा २, ३)। ३ न. प्रकृष्ट आरम्भ, आदि, आपात; "किंपागफलसरिच्छा भोगा पमुहे हवंति गुणमहुरा" (पउम १०८, ३१ ; पाअ)।

°**पमुह** वि. ब. [°**प्रमुख**] १ वगैरह, आदि; २. प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य; (औप; प्रासू १६९)।

पंमुहर वि [**प्रमुखर**] वाचाल, बकवादी; (उत्त १७, ११)।

पमेइल वि [**प्रमेदस्विन्**] जिसके शरीर में चर्बी बहुत हो वह "थूले पमेइले वज्झे पाइमेत्ति य नो वए" (दस ७, २२)।

पमेय वि [**प्रमेय**] प्रमाण-विषय, सत्य पदार्थ; (धर्मसं ११९०)

पमेह पुं [**प्रमेह**] रोग-विशेष, मेह रोग, मूल-दोष, बहुमूत्रता; (निचू १)।

पमोअ पुं [**प्रमोद**] १ आनन्द, खुशी, हर्ष; (सुर १, ७८; महा; गांदि)। २ राक्षस-वंश के एक राजा का नाम, एक लंका-पति ; (पउम ५, २६३)।

पमोक्ख° देखो **पमुंच**।

पमोक्ख पुंन [**प्रमोक्ष**] १ मुक्ति, निर्वाण ; (सूअ १, १०, १२)। २ प्रत्युत्तर, जवाब; "नो संचाएइ......किंचिवि पमोक्खमक्खाइउ" (भग)।

पमोक्खण न [**प्रमोक्षण**] परित्याग; "कंठाकंठिअं अवयासिय बाहपमोक्खणं करेइ" (णाया १, २—पत्र ८८)।

पमोयणा स्त्री [**प्रमोदना**] प्रमोदन, प्रमोद, आह्लाद; (चेइय ४११)।

पम्मलाअ अक [**प्र+म्लै**] अधिक म्लान होना। पम्मलाअदि (शौ); (पि १३६; नाट—मालती ५३)।

पम्माअ, **पम्माइअ** वि [**प्रम्लान**] १ विशेष म्लान, अत्यन्त मुरझाया हुआ; "पम्माअसिरीसाइं व। जह से जायाइं अंगाइं" (गा ५६; गा ५६ टि)। २ शुष्क; "वसहा य जायथामा, गामा पम्मायविक्खल्ला" (धर्मवि ५३)।

पम्मि पुं [**दे**] पाणि, हाथ, कर ; (षड्)।

पम्मुक देखो **पमुक** ; (हे २, ९७; षड्; कुमा)।

पम्मुह वि [**प्राङ्मुख**] पूर्व की ओर जिसका मुँह हो वह; (भवि; वज्जा १६४)।

पम्ह पुंन [**पक्ष्मन्**] १ अक्षि-लोम, बरवनी, आँख के बाल; (पाअ)। २ पद्म आदि का केसर, किंजल्क ; (उवा; भग; विपा १, १)। ३ सूत आदि का अत्यल्प भाग ; ४ पँख, पाँख; (हे २, ७४; प्राप्र)। ५ केश का अग्र-भाग; (से ६, २०)। ६ अग्र-भाग; "[illegible]" (से १५, ७३)। ७ महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रदेश; (ठा २, ३; इक)। ८ न. एक देव-विमान; (सम १५)।

°**कंत** न [°**कान्त**] एक देव-विमान का नाम; (सम १५)।

°कूड पुं [°कूट] १ पर्वत-विशेष; (राज)। २ न. ब्रह्मलोक-नामक देवलोक का एक देव-विमान; (सम १५)। ३ पर्वत-विशेष का एक शिखर; (ठा २, ३ ; ६)। °ज्झय न [°ध्वज] देव-विमान-विशेष; (सम १५)। °प्पम न [°प्रभ] ब्रह्मलोक का एक देव-विमान; (सम १५)। °लेस, °लेस्स न [°लेश्य] ब्रह्मलोक-स्थित एक देव-विमान; (सम १५ ; राज)। °वण्ण न [°वर्ण] वही पूर्वोक्त अर्थ; (सम १५)। °सिंग न [°शृङ्ग] वही अर्थ; (सम १५)। °सिट्ठ न [°सृष्ट] वही पूर्वोक्त अर्थ; (सम १५)। °वत्त न [°वर्त्त] वही अर्थ; (सम १५)।

पम्ह देखो पउम; (पण्ह १, ४—पत्र ६७; ७८; जीव ३)। °गंध वि [°गन्ध] १ कमल की गन्ध। २ वि. कमल के समान गन्ध वाला ; (भग ६, ७)। °लेस वि [°लेश्य] पद्म-नामक लेश्या वाला; (भग)। °लेसा स्त्री [°लेश्या] लेश्या-विशेष, पाँचवीं लेश्या, आत्मा का शुभतर परिणाम-विशेष; (ठा ३, १ ; सम ११)। °लेस्स देखो °लेस; (पण्ण १७—पत्र ५११)।

पम्हअ सक [प्र+स्मृ] भूल जाना, विस्मरण होना। पम्हअइ; (प्राकृ ६१)।

पम्हगावई स्त्री [पक्ष्मकावती] महाविदेह वर्ष का एक विजय, प्रदेश-विशेष; (ठा २, ३; इक)।

पम्हट्ठ वि [प्रस्मृत] १ विस्मृत; (से ४, ४२)। २ जिसको विस्मरण हुआ हो वह; "किं पम्हट्ठ म्हि अहं तुह चल-णुप्पणयातिवहआपडिउणयां" (से ६, १२)।

पम्हट्ठ वि [दे] १ प्रभ्रष्ट, विलुप्त; (से ४, ४२)। २ फेंका हुआ, प्रक्षिप्त; "पम्हट्ठं वा परिट्ठवियं ति वा एगट्ठं" (वव १)।

पम्हय वि [पक्ष्मज] १ पक्ष्म से उत्पन्न। २ न. एक प्रकार का सूता; (पंचभा)।

पम्हर पुं [दे] अपमृत्यु, अकाल-मरण; (दे ६, ३)।

पम्हल वि [पक्ष्मल] पक्ष्म-युक्त, सुन्दर अक्षि-लोम वाला; (हे २, ७४ ; कुमा ; षड् ; औप ; गउड ; सुर ३, १३६ ; पाअ)।

पम्हल पुं [दे] किंजल्क, पद्म आदि का केसर; (दे ६, १३; षड्)।

पम्हलिय वि [दे. पक्ष्मलित] धवलित, सफेद किया हुआ ; "लायण्णजोन्हापवाहपम्हलियपउट्ठिसाभोओ" (स ३६)।

पम्हस सक [वि+स्मृ] विस्मरण करना, भूल जाना। पम्हसइ; (षड्), पम्हसिउआउ; (गा ३४८)।

पम्हसाविय वि [विस्मारित] भूलाया हुआ, विस्मृत कराया हुआ ; (सुख २, ५)।

पम्हा स्त्री [पद्मा] १ लेश्या-विशेष, पद्म-लेश्या, आत्मा का शुभतर परिणाम-विशेष; (कम्म ३, २२; श्रा २६)। २ विजय-क्षेत्र विशेष; (राज)।

पम्हार पुं [दे] अपमृत्यु, अनमौत मरण; (दे ६, ३)।

पम्हावई स्त्री [पक्ष्मावती] १ विजय-विशेष की एक नगरी; (ठा २, ३; इक)। २ पर्वत-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ८०)।

पम्हुट्ठ वि [दे] १ नष्ट, नाश-प्राप्त; (हे ४, २५८)। २ विस्मृत; "पम्हुट्ठं विम्हरिअं" (पाअ), "किं थ तयं पम्हुट्ठं" (गाया १, ८—पत्र १४८; विचार २३८)।

पम्हुत्तरवडिंसग न [पक्ष्मोत्तरावतंसक] ब्रह्मलोक में स्थित एक देव-विमान; (सम १५)।

पम्हुस सक [वि+स्मृ] भूलना, विस्मरण करना। पम्हुसइ; (हे ४, ७५)।

पम्हुस सक [प्र+मृश्] स्पर्श करना। पम्हुसइ, पम्हुस; (हे ४, १८४ ; कुमा ७, २६)।

पम्हुस सक [प्र+मुष्] चोरना, चोरी करना। पम्हुसइ ; पम्हुसेइ; पम्हुसंति ; (हे ४, १८४; सुपा १३७; कुमा ७, २६)।

पम्हुसण न [विस्मरण] विस्मृति; (पंचा १५, ११)।

पम्हुसिअ वि [विस्मृत] जिसका विस्मरण हुआ हो वह; (कुमा; उप ७६८ टी)।

पम्हुह सक [स्मृ] स्मरण करना। पम्हुहइ ; (हे ४, ७४)।

पम्हुहण वि [स्मर्तृ] स्मरण करने वाला; (कुमा)।

पय सक [पच्] पकाना, पाक करना। पयइ ; (हे ४, ६०)। वकृ—पयंत; (कप्प)। संकृ—पइउं ; (कुप्र २६६)।

पय सक [पद्] १ जाना। २ जानना। ३ विचारना। पयइ ; (विसे ४०८)।

पय पुंन [पयस्] १ क्षीर, दूध; "पओ"; (हे १, ३२ ; ओघ १२ ; पाअ)। २ पानी, जल ; (सुपा १३६ ; पाअ)। °हर देखो पओहर; (पिंग)।

पय पुं [प्रज] प्राणी, जन्तु ; (आचा)।

परिच्चाय वि [परित्याज्य] त्याग करने लायक; "अगणेवि असुहजोगा सोहिपयाणे परिच्चाया" (संबोध ५४)।

परिच्छिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, ऊपर फेंका हुआ; (षड्)।

परिच्छिअ देखो **परिचिय**; (उप १४२ टी)।

परिच्छ देखो **परिक्ख**। "मणवयणकायगुत्तो सज्जो मरणं परिच्छिज्जा" (पच्च ६८; पिंड ३०), परिच्छंति; (पिंड ३१)।

परिच्छग वि [परीक्षक] परीक्षा-कर्ता; (धर्मसं ५१६)।

परिच्छण्ण
परिच्छन्न } वि [परिच्छन्न] १ आच्छादित, ढका हुआ; (महा)। २ परिच्छद-युक्त, परिवार-सहित; (वव ४)।

परिच्छय वि [परीक्षक] परीक्षा करने वाला; (सम्म १५६)।

परिच्छा स्त्री [परीक्षा] परख, जाँच; (ओघ ३१ भा; विसे ८४८; उप पृ ०)।

परिच्छिअ देखो **परिक्खिय**; (श्रा १६)।

परिच्छिंद सक [परि + छिद्] १ निश्चय करना, निर्णय करना। २ काटना, काट डालना। परिच्छिंदइ; (धर्मसं ३७१)। संकृ—"**परिच्छिंदिय** बाहिरगं च सोयं निक्कम्मदंसी इह मच्चिएहिं" (आचा—टि; पि ५०६; ५६१)।

परिच्छिण्ण वि [परिच्छिन्न] १ काटा हुआ; "नव सुहतणहा परिच्छिण्णा" (पच्च ६५)। २ निर्णीत, निश्चित; (आव ४)।

परिच्छित्ति स्त्री [परिच्छित्ति] १ परिच्छेद, निर्णय; २ परीक्षा, जाँच; (उप ८६५)।

परिच्छिण्ण देखो **परिच्छिण्ण**; (स ५६६; सम्मत्त १४२)।

परिच्छूढ वि [दे परिक्षिप्त] १ उत्क्षिप्त, फेंका हुआ; (दे ६, २५; नमि ६)। २ परित्यक्त; (से १३, १७)।

परिच्छेअ पुं [परिच्छेद] निर्णय, निश्चय; (विसे २२४४; स ६६७)।

परिच्छेअ वि [दे परिच्छेक] लघु, छोटा; (औप)।

परिच्छेअग वि [परिच्छेदक] निश्चय करने वाला; (उप ८५३ टी)।

परिच्छेज्ज वि [परिच्छेद्य] वह वस्तु जिसका क्रय-विक्रय परिच्छेद पर निर्भर रहता है—रत्न, वस्त्र आदि द्रव्य; (श्रा १८)।

परिच्छेद देखो **परिच्छेअ**=परिच्छेद; (धर्मसं १२३१)।

परिच्छेदग देखो **परिच्छेअग**; (धर्मसं ५०)।

परिच्छोय वि [परिस्तोक] थोड़ा, अल्प; (औप)।

परिछेज्ज देखो **परिच्छेज्ज**; (श्रा १८)।

परिजंपिय वि [परिजल्पित] उक्त, कथित; (सुपा ३६४)।

परिजज्जर वि [परिजर्जर] अतिजीर्ण; (उप २६४ टी; ६८६ टी)।

परिजडिल वि [परिजटिल] अतिशय जटिल; (गउड)।

परिजण देखो **परिअण**; (उवा)।

परिजव सक [परि+विच्] पृथक् करना, अलग करना। संकृ—**परिजविय**; (सुअ २, २, ४०)।

परिजव सक [परि+जप्] १ जाप करना। २ बहुत बोलना, बकवाद करना। संकृ—"से भिक्खू वा भिक्खुणी वा गामाणुगामं दूइज्जमाणे णो परेहिं सद्धिं **परिजविया** २ गामाणुगामं दूइज्जेज्जा" (आचा २, ३, २, ८)।

परिजवण न [परिजपन] जाप, जपन, मन्त्र आदि का पुनः पुनः उच्चारण; (विसे ११४०; सुर १२, २०१)।

परिजाइय वि [परियाचित] माँगा हुआ; (धर्मसं १०४५)।

परिजाण सक [परि+ज्ञा] अच्छी तरह जानना। परिजाणइ; (उवा)। वकृ—**परिजाणमाण**; (कुमा)। कवकृ—**परिजाणिज्जमाण**; (णाया १, १; कुमा)। संकृ—**परिजाणिया**; (सुअ १, १, १, १; १, ६, ६; १, ६, १०)। कृ—**परिजाणियव्व**; (आचा; पि ५७०)।

परिजिअ वि [परिजित] सर्वथा जित, जिस पर पूरा काबू किया गया हो वह; (विसे ८५१)।

परिजुण्ण वि [परिजीर्ण] १ फटा-टूटा, अत्यन्त जीर्ण; (आचा)। २ दुर्बल; (उत्त २, १२)। ३ दरिद्र, निर्धन; "परिजुण्णो उ दरिद्दो" (वव ४)।

परिजुण्णा देखो **परिजुन्ना**; (ठा १०—पत्र ४७४ टी)।

परिजुत्त वि [परियुक्त] सहित; (संबोध १)।

परिजुन्न देखो **परिजुण्ण**; (उप २६४ टी)।

परिजुन्ना स्त्री [परिजीर्णा, परिद्यूना] प्रव्रज्या-विशेष, दरिद्रता के कारण ली हुई दीक्षा; (ठा १०—पत्र ४७३)।

परिजुसिय देखो **परिझुसिय**; (ठा ४, १—पत्र १८७; औप)।

परिजुसिय न [पर्युषित] रात्रि-परिवसन, रात-बासी रहना; (ठा ४, २—पत्र २१६)। देखो **परिउसिय**।

परिजूर अक [परि+जॄ] सर्वथा जीर्ण होना। "परिजूरइ ते सरीरयं" (उत्त १०, २६)।

परिजूरिय वि [परिजीर्ण] अतिजीर्ण; (भवि)।

परिज्झय पुं [दे] कृष्ण पुद्गल-विशेष; (सुज्ज २०)।

परिज्झामिय वि [परिध्यामित] श्याम किया हुआ; (विपा १)।

परिज्झुसिय, **परिझुसिय**, **परिझूसिय** वि [परिजुष्ट] १ सेवित; २ प्रीत; "परिझुसियकामभोगसंपओगसंपउत्ते" (भग २५, ७—पत्र ६२३; ६२५ टी)। ३ परिक्षीण; (ठा ४, १—पत्र १८८ टी; पि २०६)।

परिट्ठव सक [परि+स्थापय्] १ परित्याग करना। २ संस्थापन करना। परिट्ठवेइ; परिट्ठवेज्जा; (आचा २, १, ६, ५; उवा)। संकृ—**परिट्ठवेऊण**, **परिट्ठवेत्ता**; (बृह ४; कस)। हेकृ—**परिट्ठवेत्तए**; (कस)। वकृ—**परिट्ठवंत**; (निचू २)। कृ—**परिट्ठप्प**, **परिट्ठवेयव्व**; (उत्त १४, ६; कस)।

परिट्ठवण न [प्रतिष्ठापन] प्रतिष्ठा कराना; (चेइय ७७६)।

परिट्ठवण न [परिष्ठापन] परित्याग; (उव; पव १६२)।

परिट्ठवणा स्त्री [परिष्ठापना] ऊपर देखो; "अभिहिपरिट्ठवणाए काउस्सग्गो य गुरुसमीवम्मि" (बृह ४)।

परिट्ठवणा स्त्री [प्रतिष्ठापना] प्रतिष्ठा कराना; "वेयावच्चं जिणगिहरक्खणपरिट्ठवणाइजिणकिच्चं" (चेइय ७७६)।

परिट्ठविय स्त्री [प्रतिष्ठापित] संस्थापित; (भवि)।

परिट्ठा देखो **पइट्ठा**; (हे १, ३८)।

परिट्ठाइ वि [परिष्ठापिन्] परित्यागी; (नाट—साहि १६२)।

परिट्ठाण न [परिस्थान] परित्याग; (नाट)।

परिट्ठाव देखो **परिट्ठव**। हेकृ—**परिट्ठावित्तए**; (कप्प; पि ५७८)।

परिट्ठावअ वि [परिस्थापक] परित्याग करने वाला; (नाट)।

परिट्ठिअ वि [परिस्थित] संपूर्ण रूप से स्थित; (पव ६६)।
परिट्ठिअ देखो **पइट्ठिअ**; (हे १, ३८; २, २११; षड्; महा; सुर ३, १३)।
परिठव देखो **परिट्ठव**। परिठवहु (अप); (पिंग)।
परिठवण देखो **परिट्ठवण**=परिष्ठापन; (पव—गाथा २४)।
परिण देखो **परिणी**। "परिणइ बहुयाउ खयरकन्नाओ" (धर्मवि ८२)। वकृ—**परिणंत**; (भवि)। संकृ—**परिणिऊण**; (महा; कुप्र ७६; १२७)।
परिणइ स्त्री [परिणति] परिणाम; (गा ५६८; धर्मसं ६२३)।
परिणंत देखो **परिण**।
परिणंतु वि [परिणन्तृ] परिणाम को प्राप्त होने वाला, परिणत होने वाला; (विसे ३५३४)।
परिणंद सक [परि+नन्द्] वर्णन करना, श्लाघा करना। "तावंपरिणंदंता (? ति)" (तंदु ४०)।
परिणद्ध वि [परिणद्ध] १ परिगत, वेष्टित; "उंदुरमालापरिणद्धसुकयचिंधे" (उवा; णाया १, ८—पत्र १३३)। २ न. वेष्टन; (णाया १, ८)।
परिणम सक [परि+णम्] १ प्राप्त करना। २ अक. रूपान्तर को प्राप्त करना। ३ पूर्ण होना, पूरा होना। "किण्हलेसं तु परिणमे" (उत्त ३४, २२), "परिणमइ अप्पमाओ" (स ६८४; भग १२, ५)। वकृ—**परिणमंत**, **परिणममाण**; (ठा ७; णाया १, १—पत्र ३१)।
परिणमण न [परिणमन] परिणाम; (धर्मसं ४७२; उप ८६८)।
परिणमिअ } वि [परिणत] १ परिपक्व; (पाअ)। २
परिणय } वृद्धि-प्राप्त; "तह परिणमिओ धम्मो जह तं खोभंति न सुरावि" (धर्मवि ८)। ३ अवस्थान्तर को प्राप्त; (ठा २, १—पत्र ५३; पिंड २६५)। °**वय** वि [°वयस्] वृद्ध, बूढ़ा; (णाया १, १—पत्र ४८)।
परिणयण न [परिणयन] विवाह; (उप १०१४; सुपा २७१)।
परिणयणा स्त्री. ऊपर देखो; (धर्मवि १२६)।
परिणव देखो **परिणम**। परिणवइ; (आरा ३१; महा)।
परिणाइ पुं [परिज्ञाति] परिचय; "कह तुज्झ तेण समयं परिणाई तक्खणेण उप्पन्नो" (पउम ५३, २५)।
परिणाम सक [परि+णमय्] परिणत करना। परिणामेइ; (ठा २, २)। कवकृ—**परिणामिज्जमाण**, **परिणामेज्जमाण**; (भग; ठा १०)। हेकृ—**परिणामइत्तए**; (भग ३, ४)।
परिणाम पुं [परिणाम] १ अवस्थान्तर-प्राप्ति, रूपान्तर-लाभ; (धर्मसं ४७२)। २ दीर्घ काल के अनुभव से उत्पन्न होने वाला आत्म-धर्म विशेष; (ठा ४, ४—पत्र २८३)। ३ स्वभाव, धर्म; (ठा ६)। ४ अध्यवसाय, मनो-भाव; (निचू २०)। ५ वि. परिणत करने वाला; "दिढ़ ता परिणामे" (वव १०; बृह १)।
परिणामणया } स्त्री [परिणामना] परिणमाना, रूपान्तर-
परिणामणा } करण; (पण्ण ३४—पत्र ७७४; विसे २२७८)।
परिणामय वि [परिणामक] परिणत करने वाला; (बृह १)।
परिणामि वि [परिणामिन्] परिणत होने वाला; (दे १, १; श्रावक १८३)। °**कारण** न [°कारण] कार्य-रूप में परिणत होने वाला कारण, उपादान कारण; (उवर २७)।
परिणामिअ वि [परिणामिक] १ परिणाम-जन्य, परिणाम से उत्पन्न; २ परिणाम-संबन्धी; ३ पुं. परिणाम; ४ भाव-विशेष; "सव्वदव्वपरिणइरूवो परिणामिओ सव्वो" (विसे २१७६; ३४९५)।
परिणामिअ वि [परिणमित] परिणत किया हुआ; (पिंड ६१२; भग)।
परिणामिआ स्त्री [परिणामिकी] बुद्धि-विशेष, दीर्घ काल के अनुभव से उत्पन्न होने वाली बुद्धि; (ठा ४, ४)।
परिणाय वि [परिज्ञात] जाना हुआ, परिचित; (पउम ११, २७)।
परिणाव सक [परि+णायय्] विवाह कराना। परिणावसु; (कुप्र ११६)। कृ—**परिणावियव्व**, **परिणावेयव्व**; (कुप्र ३३०; १५४)।
परिणावण न [परिणायन] विवाह कराना; (सुपा ३६८)।
परिणाविअ वि [परिणायित] जिसका विवाह कराया गया हो वह; (सुपा १६५; धर्मवि १३६; कुप्र १४)।
परिणाह पुं [परिणाह] १ लम्बाई, विस्तार; (पाअ; से ११, १२)। २ परिधि; (स ३१२; ठा २, २)।
परिणिंत देखो **परिणी**=परि+गम्।
परिणिज्जंत देखो **परिणी**=परि+णी।
परिणिज्जरा स्त्री [परिनिर्जरा] विनाश, क्षय; (पउम ३१, ६)।

परिणिज्जिअ वि [परिनिर्जित] पराभूत, पराजय-प्राप्त; (पउम ५३, ११) ।

परिणिट्ठा स्त्री [परिनिष्ठा] संपूर्णता, समाप्ति; (उवर १२५) ।

परिणिट्ठाण न [परिनिष्ठान] अवसान, अन्त; (विसे ६२६)।

परिणिट्ठिअ वि [परिनिष्ठित] १ पूर्ण किया हुआ, समाप्त किया हुआ; (रयण २५) । २ पार-प्राप्त; (आया १, ८; भास ६८; पंचा १२, १४) । ३ परिज्ञात; (वव १०) ।

परिणिट्ठिया स्त्री [परिनिष्ठिता] १ कृषि-विशेष, जिसमें दो या तीन बार तृण-शोधन किया गया हो वह कृषि; २ दीक्षा-विशेष, जिसमें बारंबार अतिचारों की आलोचना की जाती हो वह दीक्षा; (राज) ।

परिणिय वि [परिणीत] जिसका विवाह हुआ हो वह; (सण; भवि) ।

परिणिव्वव सक [परिनिर् + वापय्] सर्व प्रकार से अतिशय परिणत करना । संकृ—**परिणिव्वविय**; (कस) ।

परिणिव्वा अक [परिनिर्+वा] १ शान्त होना । २ मुक्ति पाना, मोक्ष को प्राप्त करना । परिणिव्वायंति; (भग)। भूका—परिणिव्वाइंसु; (पि ३१६) । भवि—परिणिव्वाहिंति; (भग) ।

परिणिव्वाण न [परिनिर्वाण] मुक्ति, मोक्ष; (आचा कप्प) ।

परिणिव्वुइ स्त्री [परिनिर्वृति] ऊपर देखो; (राज) ।

परिणिव्वुय देखो **परिनिव्वुअ**; (औप) ।

परिणी सक [परि + णी] १ विवाह करना । २ ले जाना । कवकृ—**परिणिज्जंत, परिणीयमाण**; (कुप्र १२७; आचा)।

परिणी अक [परि + गम्] बाहर निकलना । वकृ—**परिणिंत**; (स ६६१) ।

परिणीअ वि [परिणीत] जिसका विवाह किया गया हो वह; (महा; प्रासू ६३; सण) ।

परिणील वि [परिनील] सर्वथा हरा रंग का; (गउड)।

परिणे देखो **परिणी** । परिणेइ; (महा; पि ४७४) । कृ—**परिणेउं**; (कुप्र ५०) । कृ—**परिणेयव्व**; (सुपा ४५५; कुप्र १३८) ।

परिणेविय (अप) वि [परिणायित] जिसका विवाह कराया गया हो वह; (सण) ।

परिणेव्वुय देखो **परिनिव्वुअ**; (उत्त १८, ३५) ।

परिण्ण वि [परिज्ञ] ज्ञाता, जानकार; (आचा १, ५, ६, ४) ।

परिण्ण° देखो **परिण्णा**; (आचा १, ३, ६, ५) ।

परिण्णा सक [परि + ज्ञा] जानना । संकृ—**परिण्णाय**; (आचा; भग) । हेकृ—**परिण्णाउं** (शौ); (अभि १८६) ।

परिण्णा स्त्री [परिज्ञा] १ ज्ञान, जानकारी; (आचा; वसु; पंचा ६, २५) । २ विवेक; (आचा) । ३ पर्यालोचन, विचार; (सूअ १, १, १) । ४ ज्ञान-पूर्वक प्रत्याख्यान; (ठा ५, २) ।

परिण्णाण वि [परिज्ञान] ज्ञान, जानकारी; (धर्मसं १२५३; उप पृ २७४) ।

परिण्णाय देखो **परिण्णा**=परि + ज्ञा ।

परिण्णाय वि [परिज्ञात] विदित, जाना हुआ; (सम १६; आचा) ।

परिण्णि वि [परिज्ञिन्] परिज्ञा-युक्त; "गीअत्थो य परिण्णी तह जियाइ परीसहाणीयं" (वव १) ।

परितंत वि [परितान्त] सर्वथा खिन्न, निर्विण्ण; (पाअ १, ४—पत्र ६७; विपा १, १; उव) ।

परितंबिर वि [परिताम्र] विशेष ताम्र—अरुण—वर्ण वाला; (गउड) ।

परितज्ज सक [परि + तर्जय्] तिरस्कार करना । वकृ—**परितज्जयंत**; (पउम ४८, १०) ।

परितड्डिय वि [परितत] खूब फैलाया हुआ; (सण) ।

परितणु वि [परितनु] अत्यन्त पतला; (सुपा ५८) ।

परितप्प अक [परि + तप्] संतप्त होना, गरम होना । २ पश्चात्ताप करना । ३ दुःखी होना । परितप्पइ; (महा; उव), परितप्पंति; (सूअ २, २, ५५), "ता लोहआरवाहणलव्व परितप्पसे पच्छा" (धर्मवि ६) । संकृ—**परितप्पिऊण**; (महा) ।

परितप्प सक [परि + तापय्] परिताप उपजाना । परितप्पंति; (सूअ २, २, ५५) ।

परितप्पण न [परितपन] परितप्त होना; (सूअ २, २, ५५) ।

परितप्पण न [परितापन] परिताप उपजाना, (सूअ २, २, ५५) ।

परितलिअ वि [परितलित] तला हुआ; (ओघ ८८) ।

परितविय वि [परितप्त] परिताप-युक्त; (सण) ।

परित्ताण न [परित्राण] १ रक्षण; २ वागुरादि बन्धन; (सूअ १, १, २, ६) ।

परिताव देखो **परितप्प**=परि + तापय्। कृ—**परितावेयव्व**; (पि ५७०)।

परिताव पुं [**परिताप**] १ संताप, दाह; २ पश्चात्ताप; ३ दुःख, पीड़ा; (महा; औप)। °**यर** वि [°**कर**] दुःखोत्पादक; (पउम ११०, ६)।

परितावण देखो **परितप्पण**=परितापन; (औप)।

परिताविअ वि [**परितापित**] १ संतापित; (औप)। २ तपा हुआ; (ओघ १४७)।

परितास पुं [**परित्रास**] अकस्मात् होने वाला भय; (णाया १, १—पत्र ३३)।

परितुट्टिर वि [**परित्रुटितृ**] टूटने वाला; (सण)।

परितुट्ठ वि [**परितुष्ट**] तोष-प्राप्त, संतुष्ट; (उव; चेइय ७०१)।

परितुलिय वि [**परितुलित**] तौला हुआ; (सण)।

परितेज्जिअ देखो **परिच्चअ**।

परितोल सक [**परि+तोलय्**] उठाना। वकृ—"जुगवं **परितोलंता** खणं समरंगणम्मि तो दोवि" (सुपा ५७२)।

परितोस सक [**परि+तोषय्**] संतुष्ट करना। भवि—परितोसइस्सं; (कर्पूर ३२)।

परितोस पुं [**परितोष**] आनन्द, खुशी; (नाट—मालवि २३)।

परितोसिय वि [**परितोषित**] संतुष्ट किया हुआ; (सण)।

परित्त वि [**परीत**] १ व्याप्त; (सिरि १८३)। २ प्रभ्रष्ट; (सूअ २, ६, १८)। ३ संख्येय, जिसकी गिनती हो सके ऐसा; (सम १०६)। ४ परिमित, नियत परिमाण वाला; (उप ४१७)। ५ लघु, छोटा; ६ तुच्छ, हलका; (उप २७०; ६६४)। ७ एक से लेकर असंख्येय जीवों का आश्रय, एक से लेकर असंख्येय जीव वाला; (ओघ ४१)। ८ एक जीव वाला; (पण्ण १)। °**करण** न [°**करण**] लघूकरण; (उप २७०)। °**जीव** पुं [°**जीव**] एक शरीर में एकाकी रहने वाला जीव; (पण्ण १)। °**णंत** न [°**ानन्त**] संख्या-विशेष; (कम्म ४, ७१; ८३)। °**संसारिअ** वि [°**संसारिक**] परिमित संसार वाला; (उप ४१७)। °**ासंख** न [°**ासंख्यात**] संख्या-विशेष; (कम्म ४, ७१; ७८)।

परित्तज देखो **परिच्चय**। संकृ—**परित्तजिअ**; (स्वप्न ५१), **परितेज्जिअ** (अप); (पिंग)।

परित्ता } सक [**परि+त्रै**] रक्षण करना। परित्ताइ, परि-
परित्ताअ } त्तामसु, परित्ताहि, परित्तायह; (प्राकृ ७०; पि ४७६; हे ४, २६८)।

परित्ताइ वि [**परित्रायिन्**] रक्षण-कर्ता; (सुपा ४०५)।

परित्ताण न [**परित्राण**] रक्षण; (से १४,३५; सुपा ७१; आत्मानु ८; सण)।

परित्तास देखो **परितास**; (कप्प)।

परित्तीकय वि [**परीतीकृत**] संक्षिप्त किया हुआ, लघूकृत; (णाया १, १—पत्र ६६)।

परित्तीकर सक [**परीती+कृ**] लघु करना, छोटा करना। परित्तीकरेंति; (भग)।

परित्थोम न [**परिस्तोम**] १ मस्तक; २ वि. वक्र; "चित्तपरित्थोमपच्छदं" (औप)।

परिथंभिअ वि [**परिस्तम्भित**] स्तब्ध किया हुआ; (सुपा ४७५)।

परिथु सक [**परि+स्तु**] स्तुति करना। कवकृ—**परिथुव्वंत**; (सुपा ६०७)।

परिथूर } वि [**परिस्थूर**] विशेष स्थूल, खूब मोटा;
परिथूल } (धर्मसं ८३८; चेइय ८५४; श्रा ११)।

परिदा सक [**परि+दा**] देना। कर्म—परिदिज्जसु (अप); (पिंग)।

परिदाह पुं [**परिदाह**] संताप; (उत्त २, ८; भग)।

परिदिण्ण वि [**परिदत्त**] दिया हुआ; (अभि १२५)।

परिदिद्ध वि [**परिदिग्ध**] उपलिप्त; (सुख २, ३७)।

परिदिन्न देखो **परिदिण्ण**; (सुपा २२)।

परिदेव अक [**परि+देव्**] विलाप करना। **परिदेवए**; (उत्त २, १३)। वकृ—**परिदेवंत**; (पउम २६, ६२; ४५, ३६)।

परिदेवण न [**परिदेवन**] विलाप; "तस्स कंदणसोयणपरिदेवणताडणाइं लिंगाइं" (संबोध ४६; संवे ८)।

परिदेवणया स्त्री [**परिदेवना**] ऊपर देखो; (ठा ४, १—पत्र १८८)।

परिदेवि वि [**परिदेविन्**] विलाप करने वाला; (नाट—शकु १०१)।

परिदेविअ न [**परिदेवित**] विलाप; (पाअ; से ११, ६६; सुर २, २४१)।

परिदो अ [**परितस्**] चारों ओर से; (गा ४५४ अ)।

परिधम्म पुं [**परिधर्म**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

परिधवलिय वि [**परिधवलित**] खूब सफेद किया हुआ; (सण)।

परिधाम पुंन [**परिधामन्**] स्थान; (सुपा ४६३)।

परिधाविअ वि [**परिधावित**] दौड़ा हुआ ; (हम्मीर ३२)।
परिधाविर वि [**परिधावितृ**] दौड़ने वाला ; (सण)।
परिधूविअ वि [**परिधूनित**] अत्यन्त कँपाया हुआ; (सम्मत १२६)।
परिधूसर वि [**परिधूसर**] धूसर वर्ण वाला ; (वज्जा १२८ ; गउड)।
परिनट्ठ वि [**परिनष्ट**] विनष्ट ; (महा)।
परिनिक्खम देखो **पडिनिक्खम**। परिनिक्खमेइ ; (कप्प)।
परिनिट्ठिय देखो **परिणिट्ठिअ** ; (कप्प ; रंभा ३०)।
परिनिय सक [**परि+दृश्**] देखना, अवलोकन करना। वकृ—**परिनियंत** ; (सुपा ५२२)।
परिनिविट्ठ वि [**परिनिविष्ट**] ऊपर बैठा हुआ ; (सुपा २६६)।
परिनिविड वि [**परिनिबिड**] विशेष निबिड ; (महा)।
परिनिव्वा देखो **परिणिव्वा**। परिनिव्वाइ ; (भग), परिनिव्वाइंति ; (कप्प)। भवि—परिनिव्वाइस्संति ; (भग)।
परिनिव्वाण देखो **परिणिव्वाण** ; (णाया १, ८ ; ठा १, १ ; भग ; कप्प ; पव १३८ टी)।
परिनिव्वुअ, **परिनिव्वुड** वि [**परिनिर्वृत**] १ मुक्त, मोक्ष को प्राप्त ; (ठा १, १ ; पउम २०, ८४ ; कप्प)। २ शान्त, ठंढ़ा ; (सूअ १, ३, ३, २१)। ३ स्वस्थ ; (सुपा १८३)।
परिन्न देखो **परिण्ण** ; (आचा)।
परिन्न° देखो **परिण्ण°**; (आचा)।
परिन्ना देखो **परिण्णा** ; (उप ५२५)।
परिन्नाण देखो **परिण्णाण** ; (आचा)।
परिन्नाय देखो **परिण्णाय**=परिज्ञात ; (सुपा २६२)।
परिन्नाय वि [**प्रतिज्ञात**] जिसकी प्रतिज्ञा की गई हो वह ; (पिंड २८१)।
परिपंडुर, **परिपंडुल** वि [**परिपाण्डुर**] विशेष पाण्डुर—धूसर वर्ण वाला ; (सुपा २५६ ; कप्प ; गउड ; से १०, ३३)।
परिपंथग वि [**प्रतिपथक**] दुश्मन, विरोधी, प्रतिकूल ; (स १०५)।
परिपंथिअ, **परिपंथिग** वि [**परिपन्थिक**] ऊपर देखो ; (स ७४६ ; उप ६३६)।

परिपक्क वि [**परिपक्व**] पका हुआ ; (पव ४, भवि)।
परिपडिअ (अप) वि [**परिपतित**] गिरा हुआ ; (पिंग)।
परिपाग पुं [**परिपाक**] विपाक, फल ; "पुव्वभवविहिअदु-चरिअपरिपागो एस उवयसंपत्तो" (रयण ५२ ; आचा)।
परिपाडल वि [**परिपाटल**] सामान्य लाल रंग वाला, गुला-बी रँग का ; (गउड)।
परिपाडिअ वि [**परिपाटित**] फाड़ा हुआ, विदारित ; (से ७, ६१)।
परिपाल सक [**परि+पालय्**] रक्षण करना। परिपालइ ; (भवि)। कृ—**परिपालणीअ** ; (स्वप्न २६)। संकृ—**परिपालिउं** ; (सुपा ३४२)।
परिपालण न [**परिपालन**] रक्षण ; (कुप्र २२६ ; सुपा ३०८)।
परिपालिय वि [**परिपालित**] रक्षित ; (भवि)।
परिपासय [**दे**] देखो **परिवास** (दे); (पाअ)।
परिपिअ सक [**परि+पा**] पीना, पान करना। कवकृ—**परिपिज्जंत** ; (नाट—चैत ४०)।
परिपिंजर वि [**परिपिञ्जर**] विशेष पीत-रक्त वर्ण वाला ; (गउड)।
परिपिंडिय वि [**परिपिण्डित**] १ एकत्र समुदित, इकट्ठा किया हुआ ; (पिंड ४६७)। २ न. गुरु-वन्दन का एक दोष ; (धर्म २)।
परिपिक्क देखो **परिपक्क** ; (पि १०१)।
परिपिज्जंत देखो **परिपिअ**।
परिपिरिया स्त्री [**दे**] वाद्य-विशेष ; (भग ५, ४—पत्र २१६)।
परिपिल्ल सक [**परिप्र+ईरय्**] प्रेरना। परिपिल्लइ ; (सुपा ६४)।
परिपिहा सक [**परिपि+धा**] ढकना, आच्छादन करना। संकृ—**परिपिहित्ता, परिपिहेत्ता** ; (कप्प ; पि ५८२)।
परिपीडिय वि [**परिपीडित**] जिसको पीडा पहुँचाई गई हो वह ; (भवि)।
परिपील सक [**परि+पीडय्**] १ पीड़ना। २ पीलना, दबाना। परिपीलेज्जा ; (पि २४०)। संकृ—**परिपी-लइत्ता, परिपीलिय, परिपीलियाण** ; (भग ; राज ; आचा २, १, ८, १)।
परिपीलिअ देखो **परिपीडिअ** ; (राज)।

परिपुंगल वि [दे] श्रेष्ठ, उत्तम; (?) "जंपइ भविसयत्तु परिपुंगलु होसइ रिद्धिविद्धिसुहमंगलु" (भवि)।

परिपुच्छ सक [परि+प्रच्छ्] प्रश्न करना। परिपुच्छइ; (भवि)।

परिपुच्छण न [परिप्रच्छन] प्रश्न, पृच्छा; (भवि)।

परिपुच्छिअ } **परिपुट्ठ** } वि (परिपृष्ट) पूछा हुआ, जिज्ञासित; (गा ६१३; भवि; सुपा ३८७)।

परिपुण्ण } **परिपुन्न** } वि [परिपूर्ण] संपूर्ण; (भग; भवि)।

परिपुस सक [परि+स्पृश्] संस्पर्श करना। परिपुसइ; (से ४, ५)।

परिपूज सक [परि+पूजय्] पूजना। परिपूजउ (अप); (पिंग)।

परिपूणग पुं [दे. परिपूणक] पक्षि-विशेष का नीड, सुधरी-नामक पक्षी का घोंसला; (विसे १४५४; १४६५)।

परिपूय वि [परिपूत] छाना हुआ; (कप्प; तंदु ३२)।

परिपूर सक [परि+पूरय्] पूर्ण करना, भरपूर करना। वकृ—**परिपूरंत**; (पि ५३७)। संकृ—**परिपूरिअ**; (नाट—मालवि १५)।

परिपूरिय वि [परिपूरित] भरपूर, व्याप्त; (सुर २, ११)।

परिपेच्छ सक [परिप्र+ईक्ष्] देखना। वकृ—**परिपेच्छंत**; (मच्चु ६३)।

परिपेरंत पुं [परिपर्यन्त] प्रान्त भाग; (णाया १, ४; १३; सुर १५, २०२)।

परिपेरिय वि [परिप्रेरित] जिसको प्रेरणा की गई हो वह; (सुपा १८६)।

परिपेलव वि [परिपेलव] १ सुकर, सहल; (से ३, १३)। २ मृदु; ३ निःसार; ४ वराक, दीन; (राज)।

परिपेल्लिअ देखो **परिपेरिय**; (गा ५७७)।

परिपेस सक [परिप्र+इष्] भेजना। परिपेसइ; (भवि)।

परिपेसण न [परिप्रेषण] भेजना; (भवि)।

परिपेसल वि [परिपेशल] सुन्दर, मनोहर; (सुपा १०६)।

परिपेसिय वि [परिप्रेषित] भेजा हुआ; (भवि)।

परिपोस सक [परि+पोषय्] पुष्ट करना। कवकृ—**परिपोसिज्जंत**; (राज)।

परिप्पमाण न [परिप्रमाण] परिमाण; (भवि)।

परिप्पव सक [परि+प्लु] तैरना, गोता लगाना। वकृ—**परिप्पवंत**; (से २, २८; १०, १३; पाअ)।

परिप्पुय वि [परिप्लुत] आप्लुत, व्याप्त; (राज)।

परिप्पुया स्त्री [परिप्लुता] दीक्षा-विशेष; (राज)।

परिप्फंद पुं [परिस्पन्द] १ रचना-विशेष; "जयइ वाया-परिप्फंदो" (गउड)। २ समन्तात् चलन; (चारु ४५)। ३ चेष्टा, प्रयत्न;

"थोयारंभेवि विहिम्मि आयसगे व्व खंडणमुवेंति।
स-परिप्फंदेणं चिय णीआ भमिदारुसयलं व" (गउड)।

परिप्फुड वि [परिस्फुट] अत्यन्त स्पष्ट; (से ११, ६०; सुर ४, २१४; भवि)।

परिप्फुड पुं [परिस्फोट] १ स्फोटन, भेदन; २ वि. फोड़ने वाला, विभेदक; "तमपडलपरिप्फुडं चेव तेअसा पज्जलंतरूवं" (कप्प)।

परिप्फुर अक [परि+स्फुर्] चलना। परिप्फुरदि (शौ); (नाट—उत्तर २८)।

परिप्फुरण न [परिस्फुरण] हिलन, चलन; (सण)।

परिप्फुरिअ वि [परिस्फुरित] स्फूर्ति-युक्त; "वयणु परिप्फुरिउ" (भवि)।

परिफंस पुं [परिस्पर्श] स्पर्श, छूना; (पि ७४; ३११)।

परिफंसण न [परिस्पर्शन] ऊपर देखो; (उप ६८६ टी)।

परिफग्गु वि [परिफल्गु] निस्सार, असार; (धर्मसं ६५३)।

परिफासिय वि [परिस्पृष्ट] व्याप्त; (दस ५, १, ७२)।

परिफुड देखो **परिप्फुड**=परिस्फुट; (पउम ३, ८; प्रासू ११९)।

परिफुडिय वि [परिस्फुटित] फूटा हुआ, भग्न; (पउम ६८, १०)।

परिफुर देखो **परिप्फुर**। परिप्फुरइ; (सण)। वकृ—**परिफुरंत**; (सण)।

परिफुरिअ देखो **परिप्फुरिय**; (सण)।

परिफुल्लिअ वि [परिफुल्लित] फूला हुआ, कुसुमित; (पिंग)।

परिफुस सक [परि+स्पृश्] स्पर्श करना, छूना। वकृ—**परिफुसंत**; (धर्मवि १२६; १३६)।

परिफुसिय वि [परिप्रोञ्छित] पोंछा हुआ; (उप पृ ६४)।

परिफोसिय वि [परिस्पृष्ट] छुआ हुआ; "उदगपरि-फोसियाए दब्भोवरिपच्चत्थुयाए भिसियाए णिसीयति" (णाया १, १६; उप ६४८ टी)।

परिबूहण न [परिबृंहण] वृद्धि, उपचय; (सूअ २, २, ६)।

परिभंत वि [दे] १ निषिद्ध, निवारित; २ भीरु, डरपोक; (दे ६, ७२)।

परिब्भंसिद (शौ) नीचे देखो; (मा ५०)।

परिब्भट्ठ वि [परिभ्रष्ट] पतित, स्खलित; (गाया १, १३; सुपा ५०६; अभि १४४)।

परिब्भम सक [परि+भ्रम्] पर्यटन करना, भटकना। परिब्भमइ; (प्राकृ ७६; भवि; उव)। वकृ—**परिब्भमंत**; (सुर २, ८७; ३, ४; ४, ७१; भवि)।

परिब्भमण न [परिभ्रमण] पर्यटन; (महा)।

परिब्भमिअ वि [परिभ्रान्त] भटका हुआ; (वै ६३; सण; भवि)।

परिब्भीअ वि [परिभीत] भय-प्राप्त; (पउम ५३, ३६)।

परिब्भूअ वि [परिभूत] पराभव-प्राप्त; (सुपा २५८)।

परिभग्ग वि [परिभग्न] भाँगा हुआ; (आत्मानु १४)।

परिभट्ठ देखो **परिब्भट्ठ**; (महा; पि ८५)।

परिभणिर वि [परि+भणितृ] कहने वाला; (सण)।

परिभम देखो **परिब्भम**। परिभमइ; (महा)। वकृ—**परिभमंत**, **परिभममाण**; (महा; सण; भवि; संवेग १४)। संकृ—**परिभमिऊणं**; (पि ५८५)। हेकृ—**परिभमिउं**; (महा)।

परिभमिअ देखो **परिब्भमिअ**; (भवि)।

परिभमिर वि [परिभ्रमितृ] पर्यटन करने वाला; (सुपा २६६)।

परिभव सक [परि+भू] पराजय करना, तिरस्कारना। परिभवइ; (उव)। कर्म—परिभविज्जामि; (मोह १०८)। कृ—**परिभवणिज्ज**; (गाया १, ३)।

परिभव पुं [परिभव] पराभव, तिरस्कार; (औप; स्वप्न १०; प्रासू १७३)।

परिभवण न [परिभवन] ऊपर देखो; (राज)।

परिभवणा स्त्री [परिभवन] ऊपर देखो; (औप)।

परिभविअ वि [परिभूत] अभिभूत; (धर्मवि ३६)।

परिभाअ सक [परि+भाजय्] बाँटना, विभाग करना। परिभाएइ; (कप्प)। वकृ—**परिभाइंत**, **परिभायंत**, **परिभाएमाण**; (आचा २, ११, १८; गाया १, ७—पत्र ११७; १, १; कप्प)। कवकृ—**परिभाइज्जमाण**; (राज)। संकृ—**परिभाइत्ता**, **परिभायइत्ता**; (कप्प; औप)। हेकृ—**परिभाएउं**; (पि ५७३)।

परिभाइय वि [परिभाजित] विभक्त किया हुआ; (आचा २, २, ३, २)।

परिभायंत देखो **परिभाअ**।

परिभायण न [परिभाजन] बैंटवा देना; (पिंड १६३)।

परिभाव सक [परि+भावय्] १ पर्यालोचन करना। २ उन्नत करना। परिभावइ; (महा)। संकृ—**परिभाविऊण**; (महा)। कृ—**परिभावणीय**; (राज)।

परिभावइत्तु वि [परिभावयितृ] प्रभावक, उन्नति-कर्ता; (ठा ४, ४—पत्र २६५)।

परिभावि वि [परिभाविन्] परिभव करने वाला; (अभि ७१)।

परिभास सक [परि+भाष्] १ प्रतिपादन करना, कहना। २ निन्दा करना। परिभासइ, परिभासंति, परिभासेइ, परिभासए; (उत्त १८, २० ; सूअ १, ३, ३, ८ ; २, ७, ३६ ; विसे १४४३)। वकृ—**परिभासमाण**; (पउम ५३, ६७)।

परिभासा स्त्री [परिभाषा] १ संकेत; (संबोध ५८; भास १६)। २ तिरस्कार; ३ चूर्णि, टीका-विशेष; (राज)।

परिभासि वि [परिभाषिन्] परिभव-कर्ता; "राइणियपरिभासी" (सम ३७)।

परिभासिय वि [परिभाषित] प्रतिपादित; (सूअनि ८८ ; भास २१)।

परिभिंद सक [परि+भिद्] भेदन करना। कवकृ—**परिभिज्जमाण**; (उप पृ ६७)।

परिभीय वि [परिभीत] डरा हुआ; (उव)।

परिभुंज सक [परि+भुञ्ज्] १ खाना, भोजन करना। सेवन करना, सेवना। ३ बारंबार उपभोग में लेना। कर्म—परिभुंजिज्जइ, परिभुज्जइ; (पि ५४६ ; गच्छ २, ५१)। वकृ—**परिभुंजंत**, **परिभुंजमाण**; (निचू १; गाया १, १; कप्प)। कवकृ—**परिभुज्जमाण**; (औप; उप पृ ६७; गाया १, १—पत्र ३७)। हेकृ—**परिभोत्तुं**; (दस ५, १)। कृ—**परिभोग**, **परिभोत्तव्व**; (पिंड ३४; कस)।

परिभुंजण न [परिभोजन] परिभोग; (उप १३४ टी)।

परिभुंजणया स्त्री [परिभोजना] ऊपर देखो; (सम ४४)।

परिभुत्त वि [परिभुक्त] जिसका परिभोग किया गया हो वह; (सुपा ३००)।

परिभूअ वि [परिभूत] अभिभूत, तिरस्कृत; (सूअ २, ७, २; सुर १६, १२६; चेइय ७१४; महा)।

परिभोअ देखो **परिभोग** ; (अभि १११) ।
परिभोइ वि [**परिभोगिन्**] परिभोग करने वाला ; (पि ४०५ ; नाट—शकु ३५) ।
परिभोग पुं [**परिभोग**] १ बारंबार भोग ; (ठा ५, ३ टी ; आव ६) । २ जिसका बारंबार भोग किया जाय वह वस्त्र आदि ; (ओप) । ३ जिसका एक ही बार भोग किया जाय—जो एक ही बार काम में लाया जाय वह—आहार, पान आदि ; (उवा) । ४ बाह्य वस्तुओं का भोग ; (आव ६) । ५ आसेवन ; (पराह १, ३) ।
परिभोत्तुं, **परिभोत्तव्व**, **परिभोत्तु** } देखो **परिभुंज** ।
परिमइल सक [**परि+मृज्**] मार्जन करना ; (संक्षि ३५) ।
परिमउअ वि [**परिमृदुक**] १ विशेष कोमल ; २ अत्यन्त सुकर, सरल ; (धर्मसं ७६१ ; ७६२) । स्त्री—°उई; (विसे ११६६) ।
परिमउलिअ वि [**परिमुकुलित**] चारों ओर से संकुचित; (सण) ।
परिमंडण न [**परिमण्डन**] अलंकरण, विभूषा ; (उत्त १६, ६) ।
परिमंडल वि [**परिमण्डल**] वृत्त, गोलाकार; (सुअ २, १, १५; उत्त ३६, २२; स २१२; पाअ; ओप; पराण १; ठा १, १) ।
परिमंडिय वि [**परिमण्डित**] विभूषित, सुशोभित; (कप्प; ओप; सुर ३, १२) ।
परिमंथर वि [**परिमन्थर**] मन्द, धीमा; (गउड; स ७१६)।
परिमंथिअ वि [**परिमथित**] अत्यन्त आलोडित; (सम्मत्त २२६) ।
परिमंद वि [**परिमन्द**] मन्द, अशक्त; (सुर ४, २४०) ।
परिमग्ग सक [**परि+मार्गय्**] १ अन्वेषण करना, खोजना । २ माँगना, प्रार्थना करना । वकृ—**परिमग्गमाण**; (नाट—विक्र ३०) । संकृ—**परिमग्गेउं**; (महा) ।
परिमग्गि वि [**परिमार्गिन्**] खोज करने वाला; (गा२६१)।
परिमज्जिर वि [**परिमज्जितृ**] डूबने वाला; (सुपा ६) ।
परिमट्ठ वि [**परिमृष्ट**] १ घिसा हुआ; (से ६,२; ८, ४२)। २ [illegible]; "परिमट्ठमेकसिहरो" (से ४, ३७) । ३ मार्जित, शोधित; (कप्प) ।
परिमद्द सक [**परि+मर्दय्**] मर्दन करना । वकृ—**परिमद्दयंत**; (सुर १२, १७२) ।
परिमद्दण न [**परिमर्दन**] मर्दन, मालिश; (कप्प; ओप)।
परिमद्दा स्त्री [**परिमर्दा**] संबाधन, दबाना, पैचम्पी आदि; (निचू ३) ।
परिमन्न सक [**परि+मन्**] आदर करना । परिमन्नइ; (भवि)।
परिमल सक [**परि+मल्, मृद्**] १ घिसना । २ मर्दन करना । "जो मरणायालि परिमलइ हत्थु" (कुम ४५२),
"णालियीसु भमसि परिमलसि सत्तलं मालइं पि णो मुअसि ।
तरलत्तणं तुह अहो महुअर जइ पाडला हरइ ॥"
(गा ६१६) ।
परिमल पुं [**परिमल**] १ कुंकुम-चन्दनादि-मर्दन; (से १, ६४) । २ सुगन्ध; (कुमा; पाअ) ।
परिमलण न [**परिमलन**] १ परिमर्दन; २ विचार; (गा ४२८ ; गउड) ।
परिमलिअ वि [**परिमलित, परिमृदित**] जिसका मर्दन किया गया हो वह; (गा ६३७; से ७, ६२; महा; वज्जा ११८) ।
परिमहिय वि [**परिमहित**] पूजित; (पउम १, १) ।
परिमा (अप) देखो **पडिमा**; (भवि) ।
परिमाइ स्त्री [**परिमाति**] परिमाण; "जिणसासणि छज्जीवदयाइ व पंडियमरणि सुगइपरिमाइ व" (भवि) ।
परिमाण न [**परिमाण**] मान, माप, नाप; (ओप; स्वप्न ४२; प्रासू ८७) ।
परिमास पुं [**परिमर्श**] स्पर्श; (णाया १, ६; गउड; से ६, ४८; ६, ७६) ।
परिमास पुं [**दे**] नौका का काष्ठ-विशेष; (णाया १, ६—पत्र १५७) ।
परिमासि वि [**परिमर्शिन्**] स्पर्श करने वाला; (पि ६२)।
परिमिउज नीचे देखो ।
परिमिण सक [**परि+मा**] नापना, तौलना । वकृ—**परिमिणंत**; (सुपा ७७) । कृ—**परिमिउज, परिमेय**; (कप्प ५६; पउम ४६, २२) ।
परिमिअ वि [**परिमित**] परिमाण-युक्त; (कप्प; ठा ५, १; ओप; पराह २, १) ।
परिमिअ वि [**परिवृत**] परिकरित, वेष्टित; (पउम १०१, ३०; भवि) ।

परिमिला अक [परि+म्लै] म्लान होना। परिमिलादि (शौ); (पि १३६; ४७६) ।
परिमिलाण वि [परिम्लान] म्लान, विच्छाय, निस्तेज; (महा) ।
परिमिल्लिर वि [परिमोक्तृ] परित्याग करने वाला; (सण) ।
परिमुअ सक [परि+मुच्] परित्याग करना । परिमुअइ; (सण) ।
परिमुक्क वि [परिमुक्त] परित्यक्त; (सुपा २५२; महा; सण)।
परिमुट्ठ वि [परिमृष्ट] स्पृष्ट; (मा ४४) ।
परिमुण सक [परि+ज्ञा] जानना । परिमुणसि; (वज्जा १०४) ।
परिमुणिअ वि [परिज्ञात] जाना हुआ; (पउम १६, ६१; सण) ।
परिमुस सक [परि+मुष्] चोरी करना । वकृ—**परिमुसंत**; (श्रा २७) । संकृ—**परिमुसिऊण**; (कर्पूर २६) ।
परिमुस सक [परि+मृश्] स्पर्श करना, छूना । परिमुसइ; (भवि) ।
परिमुसण न [परिमोषण] १ चोरी; २ वञ्चना, ठगाई; (गा २६) ।
परिमुसिअ वि [परिमृष्ट] स्पृष्ट ; (महानि ४ ; भवि) ।
परिमूसण देखो **परिमुसण** ; (गा २६) ।
परिमेय देखो **परिमिण** ।
परिमोक्कल वि [दे. परिमुक्त] स्वैर, स्वच्छन्दी ; (भवि) ।
परिमोक्ख पुं [परिमोक्ष] १ मोक्ष, मुक्ति; (आचा) । २ परित्याग ; (सूअ १, १२, १०) ।
परिमोय सक [परि+मोचय्] छोड़ाना, छुटकारा कराना । परिमोयइ ; (सूअ २, १, ३६) ।
परिमोयण न [परिमोचन] मोक्ष, छुटकारा ; (सुर ४, २५० ; औप) ।
परिमोस पुं [परिमोष] चोरी ; (महा) ।
परियंच सक [परि+अञ्च्] १ पास में जाना । २ स्पर्श करना । ३ विभूषित करना । संकृ—**परिअंचिवि** (अप); (भवि) ।
परियंच सक [परि+अर्च्] पूजना । संकृ—**परिअंचिवि** (अप) ; (भवि) ।
परियंचण न [पर्यञ्चन] स्पर्श करना; (सुख ३, १) । देखो **पलियंचण** ।
परियंचिअ वि [पर्यञ्चित] विभूषित ; "पवरारामाल-परियंचिउ" (भवि) ।
परियंचिअ वि [पर्यर्चित] पूजित ; (भवि) ।
परियंद सक [परि+वन्द्] वन्दन करना, स्तुति करना । कवकृ—**परियंदिज्जमाण**; (औप) ।
परियंदण न [परिवन्दन] वन्दन, स्तुति ; (आचा) ।
परियच्छ सक [दृश्] १ देखना । २ जानना । परियच्छइ ; (भवि ; उव), परियच्छंति ; (उव) ।
परियच्छिअ देखो **परिकच्छिअ**; (राज) ।
परियत्थि स्त्री [पर्यस्ति] देखो **पल्हत्थिया** ; "अत्तो वायइ पवणो परियत्थी दिज्जए तत्तो" (चेइय १३०) ।
परियप्प सक [परि+कल्पय्] कल्पना करना, चिन्तन करना । वकृ—**परियप्पमाण** ; (आचा १, २, १, २) ।
परियप्पण न [परिकल्पन] कल्पना; (धर्मसं ११०८) ।
परियय पुं [परिचय] जान-पहचान, विशेष रूप से ज्ञान ; (गउड; से १५, ६६ ; अभि १३१) ।
परियय वि [परिगत] अन्वित, युक्त ; (स २२) ।
परियाइ सक [पर्या+दा] १ समन्तात् ग्रहण करना । २ विभाग से ग्रहण करना । परियाइयइ ; (सूअ २, १, ३७) । संकृ—**परियाइत्ता** ; (ठा ७) ।
परियाइअ वि [पर्यात्त] संपूर्ण रूप से गृहीत; (ठा २, ३—पत्र ६३) ।
परियाइअ देखो **परियाईय** ; (ठा २, ३—पत्र ६३) ।
परियाइणया स्त्री [पर्यादान] समन्तात् ग्रहण ; (पण्ण ३४—पत्र ७७४) ।
परियाइत्त वि [पर्यात्त] काफी ; (राज) ।
परियाईय वि [पर्यायातीत] पर्याय को अतिक्रान्त ; (राज) ।
परियाग देखो **पज्जाय** ; (औप ; उवा ; महा ; कप्प) ।
परियागय वि [पर्यागत] १ पर्याय से आगत ; (उत्त ५, २१ ; सुख ५, २१ ; णाया १, ३) । २ सर्वथा निष्पन्न; (णाया १, ७—पत्र ११६) ।
परियाण सक [परि + ज्ञा] जानना । परियाणइ, परियाणाइ; (पि १७० ; उवा) ।
परियाण न [परित्राण] रक्षण ; (सूअ १, १, २, ६; ७) ।
परियाण न [परिदान] १ विनिमय, बदला, लेनदेन ; २ समन्तात् दान ; (भवि) ।
परियाण न [परियान] १ गमन ; (ठा १०) । २ वाहन, यान ; (ठा ८) । ३ अवतरण ; (ठा ३, ३) ।

परियाणण न [**परिज्ञान**] जानकारी ; (स १३)।

परियाणिअ वि [**परित्राणित**] परित्राण-युक्त ; (सूअ १, १, २, ७)।

परियाणिअ वि [**परिज्ञात**] जाना हुआ, विदित ; (पउम ८८, ३३ ; रत्न १८ ; भवि)।

परियाणिअ पुंन [**परियानिक**] १ यान, वाहन ; २ विमान-विशेष ; (ठा ८)।

परियादि देखो **परियाइ**। परियादियति ; (कप्प)। संकृ—**परियादित्ता** ; (कप्प)।

परियाय देखो **पज्जाय** ; (ठा ४, ४ ; सुपा १६ ; विसे २७६१; ओप ; आचा ; उवा)। ६ अभिप्राय, मत; "सएहिं परियाएहिं लोयं बूया कडेति य" (सूअ १, १, ३, ६)। १० प्रव्रज्या, दीक्षा ; (ठा ३, २—पत्र १२६)। ११ ब्रह्मचर्य ; (आव ४)। १२ जिन-देव के केवल-ज्ञान की उत्पत्ति का समय ; (णाया १, ८)। °**थेर** पुं [°**स्थविर**] दीक्षा की अपेक्षा से वृद्ध ; (ठा ३, २)।

परियायंतकरभूमि स्त्री [**पर्यायान्तकृद्भूमि**] जिन-देव के केवल ज्ञान की उत्पत्ति के समय से लेकर तदनन्तर सर्व-प्रथम मुक्ति पाने वाले के बीच के समय का अन्तर ; (णाया १, ८—पत्र १५४)।

परियार सक [**परि + चारय्**] १ सेवा-शुश्रूषा करना। २ संभोग करना, विषय-सेवन करना। परियारेइ ; (ठा ३, १ ; भग)। वकृ—**परियारेमाण** ; (राज)। कवकृ—**परियारिज्जमाण** ; (ठा १०)।

परियार पुं [**परिचार**] मैथुन, विषय-सेवन ; (पण्ण ३४—पत्र ७८० ; ठा ३, १)।

परियारग वि [**परिचारक**] १ विषय-सेवन करने वाला ; (पण्ण २ ; ठा २, ४)। २ सेवा-शुश्रूषा करने वाला ; (विपा १, १)।

परियारण न [**परिचारण**] १ सेवा-शुश्रूषा ; (सुअ १८—पत्र २६५)। २ काम-भोग ; (पण्ण ३४)।

परियारणया } स्त्री [**परिचारणा**] ऊपर देखो ;
परियारणा } (पण्ण ३४ ; ठा ५, १)। °**सद्द** पुं [°**शब्द**] विषय-सेवन के समय का स्त्री का शब्द ; (निचू १)।

परियालोयण न [**पर्यालोचन**] विचार, चिन्तन; (सुपा ५००)।

परियाव देखो **परिताव**=परिताप; (आचा; ओघ १५४)।

परियावज्ज अक [**पर्या + पद्**] १ पीडित होना। २ रूपान्तर में परिणत होना। ३ सक. सेवना। परियावज्जइ, परियावज्जंति; (कप्प; आचा)।

परियावज्जण न [**पर्यापादन**] रूपान्तर-प्राप्ति; (पिंड २८०)।

परियावज्जणा स्त्री [**पर्यापादन**] आसेवन; (ठा ३, ४—पत्र १७४)।

परियावण देखो **परितावण**; (सूअ २, २, ६२)।

परियावणा स्त्री [**परितापना**] परिताप, संताप; (ओप)।

परियावणिया स्त्री [**परियापनिका**] कालान्तर तक अवस्थान, स्थिति; (णाया १, १४—पत्र १८६)।

परियावण्ण } वि [**पर्यापन्न**] स्थित, अवस्थित; (आचा
परियावन्न } २, १, ११, ७; ८; भग ३४, २; कस)।

परियावस सक [**पर्या + वासय्**] आवास कराना। परियावसे; (उत्त १८, ५४; सुख १८, ५४)।

परियावसह पुं [**पर्यावसथ**] मठ, संन्यासी का स्थान; (आचा २, १, ८, २)।

परियाविय वि [**परितापित**] पीडित; (पडि)।

परियासिय वि [**परिवासित**] बासी रखा हुआ; (कस)।

परिरंज सक [**भञ्ज्**] भाँगना, तोड़ना। परिरंजइ; (प्राकृ ७४)।

परिरंभ सक [**परि + रभ्**] आलिंगन करना। परिरंभस्सु (शौ); (पि ४६७)। संकृ—**परिरंभिउं**; (कुप्र २४२)।

परिरंभण न [**परिरम्भन**] आलिङ्गन; (पाअ; गा ८३५; सुपा २; ३६६)।

परिरक्ख सक [**परि + रक्ष्**] परिपालन करना। परिरक्खइ; (भवि)। कृ—**परिरक्खणीअ**; (सिक्खा ३१)।

परिरक्खण न [**परिरक्षण**] परिपालन; (गा ६०१; भवि)।

परिरक्खा स्त्री [**परिरक्षा**] ऊपर देखो; (पउम ५६, ५३; धर्मवि ५३; गउड)।

परिरक्खिय वि [**परिरक्षित**] परिपालित; (भवि)।

परिरद्ध वि [**परिरब्ध**] आलिङ्गित; (गा ३६८)।

परिरय पुं [**परिरय**] १ परिधि, परिक्षेप; (उत्त ३६, ५६; पउम ८६, ६१; पव १५८; ओप)। २ पर्याय, समानार्थक शब्द; "एगपरिरय त्ति वा एगपज्जाय त्ति वा एगयामभेद त्ति वा एगट्ठा" (आवू १)। ३ परिभ्रमण, फिर कर आना; "जइया थेरो, तस्स य अंतरा गड्डा डोंगरा वा, जे समत्था ते उज्जुएण

कल्पंति, जो असमत्थो सो परिरएणं—अमाडेण वच्चइ" (ओघ-भा २० टी) ।
परिराय अक [परि + राज्] विराजना, शोभना । वकृ—**परिरायमाण**; (कप्प) ।
परिरिंख सक [परि + रिङ्ख्] चलना, फरकना, हिलना । वकृ—**परिरिंखमाण**; (उप ५३० टी) ।
परिरुंभ सक [परि+रुध्] रोकना, अटकायत करना । कर्म—परिरुज्झइ; (गउड ४३४) । संकृ—**परिरुंभिऊण**; (उवकु १) ।
परिलंघि वि [परिलङ्घिन्] लङ्घन करने वाला; (गउड) ।
परिलंबि वि [परिलम्बिन्] लटकने वाला; (गउड) ।
परिलंभिअ वि [परिलम्भित] प्राप्त कराया हुआ; " सो गयवरो मुणीयं (मुणीहिं) वयाणि परिलंभिओ पसन्नप्पा" (पउम ८४, १) ।
परिलग्ग वि [परिलग्न] लगा हुआ, व्यापृत; (उप ३५६ टी)।
परिलिअ वि [दे] लीन, तन्मय; (दे ६, २४) ।
परिली अक [परि+ली] लीन होना । वकृ—**परिलिंत, परिलेंत, परिलीयमाण**; (णाया १, १—पत्र ५; औप; से ६, ४८; पराह १, ३; राय) ।
परिली स्त्री [दे] आतोद्य-विशेष, एक तरह का बाजा; (राज)।
परिलीण वि [परिलीन] निलीन; (पाअ) ।
परिलुंप सक [परि+लुप्] लुप्त करना, अ-दृष्ट करना । कवकृ—**परिलुप्पमाण**; (महा) ।
परिलेंत देखो **परिली**=परि + ली ।
परिलोयण न [परिलोचन, परिलोकन] अवलोकन, निरीक्षण; २ वि. देखने वाला; " जुगंतरपरिलोयणाए दिट्ठीए " (उत्त) ।
परिल्ल देखो **पर**=पर; (से ६, १७) ।
परिल्लवास वि [दे] अज्ञात-गति; (दे ६, ३३) ।
परिल्ली देखो **परिली** । वकृ—**परिल्लिंत, परिल्लेंत**; (औप) ।
परिल्हस अक [परि+स्रंस्] गिर पडना, सरक जाना । परिल्हसइ; (हे ४, १९७) ।
परिवइत्तु वि [परिव्रजितृ] गमन करने में समर्थ; (ठा ४, ४—पत्र २७१) ।
परिवंकड (अप) वि [परिवक्र] सर्वथा टेढ़ा; (भवि) ।
परिवंच सक [परिवञ्चय्] ठगना । संकृ—**परिवंचिऊण**; (सम्मत्त ११८) ।
परिवंछिअ वि [परिवाञ्छित] जो चाहा गया हो; (हे ४, १८) ।
परिवंथि वि [परिपन्थिन्] विरोधी, दुस्मन; (पि ४०५; नाट—विक ७) ।
परिवंदण न [परिवन्दन] स्तुति, प्रशंसा; (आचा) ।
परिवंदिय वि [परिवन्दित] स्तुत, पूजित; (पउम १, ६) ।
परिवक्खिअय देखो **परिवच्छिअय**; (औप) ।
परिवग्ग पुं [परिवर्ग] परिजन-वर्ग; (पउम २३, २४) ।
परिवच्छिअय देखो **परिकच्छिअय**; "उज्जलनेवत्थहव्वपरिवच्छिअय" (णाया १, १६ टी—पत्र २२१; औप) । देखो **परिवत्थिअ** ।
परिवज्ज सक [प्रति + पद्] स्वीकार करना । परिवज्जइ; (भवि) ।
परिवज्ज सक [परि+वर्जय्] परिहार करना, परित्याग करना । परिवज्जइ; (भवि) । संकृ—**परिवज्जिय, परिवज्जियाण**; (आचा; पि ५९२) ।
परिवज्जण न [परिवर्जन] परित्याग; (धर्मसं ११२०) ।
परिवज्जणा स्त्री [परिवर्जना] ऊपर देखो; (उव) ।
परिवज्जिअ वि [परिवर्जित] परित्यक्त; (उवा; भग; भवि)।
परिवट्ट देखो **परिवत्त**=परि + वर्तय् । परिवट्टइ; (भवि) । संकृ—**परिवट्टिवि** (अप); (भवि) ।
परिवट्टण न [परिवर्तन] आवर्तन, आवृत्ति; "आगमपरिवट्टणं" (संबोध ३६) ।
परिवट्टि देखो **परिवत्ति**; (मा ५२) ।
परिवट्टिय देखो **परिवत्तिय**; (भवि) ।
परिवट्टुल वि [परिवर्तुल] गोलाकार; (स ६८) ।
परिवड अक [परि+पत्] पड़ना । वकृ—**परिवडंत, परिवडमाण**; (पंच ५, ६२; ६७; उप पृ ३) ।
परिवडिअ वि [परिपतित] गिरा हुआ; (सुपा ३६०; वसु; मति २३; हम्मीर ३०; पंचा ३, २४) ।
परिवड्ढ अक [परि+वृध्] बढ़ना । परिवड्ढइ; (महा; भवि) । भवि—परिवड्ढिस्सइ; (औप) । कृ—**परिवड्ढंत, परिवड्ढमाण, परिवड्ढमाण**; (गा ३४६; णाया १, १३; महा; णाया १, १०) ।
परिवड्ढण न [परिवर्धन] परिवृद्धि, बढ़ाव; (गउड; धर्मसं ८७५) ।
परिवड्ढि स्त्री [परिवृद्धि] ऊपर देखो; (से ५, २) ।
परिवड्ढिअ देखो **परिवड्ढिअ**=परिवर्धित; (औप १६ टि) ।

परिवड्ढिअ वि [परिवर्धित] बढ़ाया हुआ ; (गा १४२ ; ४३१) ।
परिवड्ढमाण देखो **परिवड्ढ** ।
परिवण्ण सक [परि+वर्णय्] वर्णन करना । कृ—**परिवण्णेअव्व** ; (भग) ।
परिवण्णिअ वि [परिवर्णित] जिसका वर्णन किया गया हो वह ; (आत्म ७) ।
परिवत्त देखो **परिअट्ट**=परि + वृत् । परिवत्तई ; (उत्त ३३, १) । परिवत्तसु ; (गा ८०७) । वकृ—**परिवत्तंत** ; (गा २८३) ।
परिवत्त देखो **परिअट्ट**=परि + वर्तय् । वकृ—**परिवत्तेंत**, **परिवत्तयंत** ; (स ६ ; सुअ १, ५, १, १५) । संकृ—**परिवत्तिऊण**; (काल) ।
परिवत्त देखो **परिअट्ट**=परिवर्त ; "विहियरूवपरिवत्तो" (कुप्र १३४) । २ संचरण, भ्रमण ; (राज) ।
परिवत्त देखो **परिअत्त**=परिवृत्त ; (काल) ।
परिवत्तण देखो **पडिअत्तण**; (पि २८६; नाट—विक ८३) ।
परिवत्तर (अप) वि [परिपक्त्रिम] पकाया गया, गरम किया गया; "अंगु मलेवि सुअंधामोएं निमज्जिउ परिवत्तरतोएं" (भवि) ।
परिवत्ति वि [परिवर्तिन्] बदलाने वाला; "रूवपरिवत्तिणी विज्जा" (कुप्र १२६; महा) ।
परिवत्तिय देखो **परिअट्टिय**; (सुपा २६२) ।
परिवत्थ न [परिवस्त्र] वस्त्र, कपड़ा; (भवि) ।
परिवत्थिय वि [परिवस्त्रित] आच्छादित; "उज्जलनेवच्छहत्थ(?व्व)परिवत्थियं" (औप) । देखो **परिवच्छिय** ।
परिवद्ध देखो **परिवड्ढ** । वकृ— **परिवद्धमाण**; (राज) ।
परिवन्न देखो **पडिवन्न**; (उप १३६ टी) ।
परिवय सक [परि + वद्] निन्दा करना । परिवएज्जा, परिवयंति; (आचा) । वकृ—**परिवयंत**; (पराह १, ३) ।
परिवरिअ वि [परिवृत] परिकरित, वेष्टित; (सुपा १२५) ।
परिवलइअ वि [परिवलयित] वेष्टित; (सुख १०, १) ।
परिवस अक [परि + वस्] बसना, रहना । परिवसइ, परिवसंति; (भग ; महा; पि ४१७) ।
परिवसण न [परिवसन] आवास; (राज) ।
परिवसणा स्त्री [परिवसना] पर्युषणा-पर्व; (निचू १०) ।
परिवसिअ वि [पर्युषित] रहा हुआ, वास किया हुआ; (सख) ।
परिवह सक [परि + वह्] वहन करना, ढोना । २ अक, चालु रहना । परिवहइ; (कप्प) । परिवहंति; (गउड) । वकृ—**परिवहंत**; (पिंड ३५६) ।
परिवहण न [परिवहन] ढोना; (राज) ।
परिवा अक [परि + वा] सूखना । परिवाअइ ; (गउड) ।
परिवाइ वि [परिवादिन्] निन्दा करने वाला; (उव) ।
परिवाइय वि [परिवाचित] पढ़ा हुआ; (पउम ३७, १५) ।
परिवाई स्त्री [परिवाद] कलङ्क-वार्ता; "दहयस्स ताव वत्ता जणपरिवाई लहुं पत्ता" (पउम ६५, ४१) ।
परिवाड सक [घटय्] १ घटाना, संगत करना । २ रचना, निर्माण करना । परिवाडेइ; (हे ४, ५०) ।
परिवाडल देखो **परिपाडल**; (गउड) ।
परिवाडि स्त्री [परिपाटि] १ पद्धति, रीति; (विसे १०८५)। २ पंक्ति, श्रेणि; (उत्त १, ३२) । ३ क्रम, परंपरा; (संबे ६) । ४ सूत्रार्थ-वाचना, अध्यापन; "थिरपरिवाडी गहियमको" (धर्मवि ३६), "एगत्थीहिं वत्तिं न करे परिवाडिदाणमवि तासिं" (कुलक ११) ।
परिवाडिअ वि [घटित] रचित; (कुमा) ।
परिवाडी देखो **परिवाडि**; " परिवाडीआगयं हवइ रज्जं " (पउम ३१, १०६; पाअ) ।
परिवाद पुं [परिवाद] निन्दा, दोष-कीर्तन; (धर्मसं ६५४) ।
परिवादिणी स्त्री [परिवादिनी] वीणा-विशेष; (राज) ।
परिवाय देखो **परिवाद**; (कप्प; औप; पउम ६५, ६०; णाया १, १; स ३२; आत्महि १५) ।
परिवायग } पुं [परिव्राजक] संन्यासी, बाबा; (सण; **परिवायय** } सुर १५, ५) ।
परिवार सक [परि+वारय्] १ वेष्टन करना । २ कुटुम्ब करना । वकृ—**परिवारयंत**; (उत्त १३, १४) । संकृ—**परिवारिया**; (सुअ १, ३, २, २) ।
परिवार पुं [परिवार] गृह-लोक, घर के मनुष्य; (औप; महा; कुमा) । २ न. म्यान; (पाअ) ।
परिवारण न [परिवारण] १ निराकरण; (पराह १, १—पत्र १६) । २ आच्छादन, ढकना ; (वे १, ८६) ।
परिवारिअ वि [दे] घटित, रचित ; (दे ६,३०) ।
परिवारिअ वि [परिवारित] १ परिवार-संपन्न; २ वेष्टित; "जहा से उडुवई चंदे नक्खत्तपरिवारिए" (उत्त ११, २५; काल) ।

परिवाल देखो **परिआल** । परिवालइ; (दे ६, ३५ टी) ।

परिवाल सक [**परि + पालय्**] पालन करना । परिवालइ, परिवालेइ ; (भवि ; महा) । वकृ—**परिवालयंत**; (सुर १, १७१) । संकृ—**परिवालिय**; (राज) ।

परिवाल देखो **परिवार=परिवार** ; (गाया १, ८—पत्र १३१) ।

परिवाविय वि [**परिवापित**] उखाड़ कर फिर बोया हुआ; (ठा ४, ४) ।

परिवाविया स्त्री [**परिवापिता**] दीक्षा-विशेष, फिर से महाव्रतों का आरोपण ; (ठा ४, ४) ।

परिवास पुं [**दे**] खेत में सोने वाला पुरुष; (दे ६, २६) ।

परिवास न [**परिवासस्**] वस्त्र, कपड़ा; "अंघोरुयगुज्झंतरपासइँ सुनियत्थइँ मि भीणपरिवासइँ" (भवि) ।

परिवासि वि [**परिवासिन्**] बसने वाला ; (सुपा ४२) ।

परिवासिय वि [**परिवासित**] सुवासित, सुगन्ध-युक्त ; "मयपरिमलपरिवासियइइँ" (भवि) ।

परिवाह सक [**परि + वाहय्**] १ वहन कराना । २ अश्वादि खेलाना, अश्वादि-क्रीडा करना ; "विवरीयसिक्खतुरयं परिवाहइ वाहियालीए" (महा) ।

परिवाह पुं [**परिवाह**] जल का उछाल, बहाव ;
"भरिउच्चरंतपसरिअपिअसंभरणपिसुणो वराईए ।
परिवाहो विअ दुक्खस्स वहइ णअणट्ठिओ बाहो" (गा ३७७) ।

परिवाह पुं [**दे**] दुर्विनय, अ-विनय ; (दे ६, २३) ।

परिवाहण न [**परिवाहन**] अश्वादि-खेलन ; "आसपरिवाहणानिमित्तं गएणा" (स ८१ ; महा) ।

परिविआल सक [**परि + विश्**] वेष्टन करना । परिविआलइ ; (प्राकृ ७५ ; धात्वा १४४) ।

परिविच्चिट्ठ अक [**परिवि + स्था**] १ उत्पन्न होना । २ रहना । परिविच्चिट्ठइ ; (आचा १, ४, २, २; पि ४८३) ।

परिविच्छय वि [**परिविक्षत**] सर्वथा छिन्न—हत; (सूअ १, ३, १, २) ।

परिविट्ठ वि [**परिविष्ट**] परोसा हुआ ; (स १८६ ; सुपा ६२३) ।

परिवित्तस अक [**परिवि + त्रस्**] डरना । परिवित्तसंति; परिवित्तसेज्जा ; (आचा १, ६, ५, ५) ।

परिवित्ति स्त्री [**परिवृत्ति**] परिवर्तन; (सुपा ५८७) ।

परिविद्ध वि [**परिविद्ध**] जो बिंधा गया हो वह ; (सुपा २७०) ।

परिविद्धंस सक [**परिवि + ध्वंसय्**] १ विनाश करना । २ परिताप उपजाना । संकृ—**परिविद्धंसित्ता** ; (कप्प) ।

परिविद्धत्थ वि [**परिविध्वस्त**] १ विनष्ट ; २ परितापित; (सूअ २, ३, १) ।

परिविप्फुरिय वि [**परिविस्फुरित**] स्फूर्ति-युक्त ;(सण) ।

परिवियलिय वि [**परिविगलित**] चूआ हुआ, टपका हुआ; (सण) ।

परिवियलिर वि [**परिविगलितृ**] झरने वाला, चूने वाला; (सण) ।

परिविरल वि [**परिविरल**] विशेष विरल ; (गउड ; गा ३२६) ।

परिविलसिर वि [**परिविलसितृ**] विलासी ; (सण) ।

परिविस सक [**परि + विश्**] वेष्टन करना । परिविसइ ; (प्राकृ ७५) ।

परिविस सक [**परि+विष्**] परोसना, खिलाना । संकृ—**परिविस्स**; (उत्त १४, ६) ।

परिविसाय पुं [**परिविषाद**] समन्तात् खेद; (धर्मवि १२६)।

परिविहुरिय वि [**परिविधुरित**] अति पीड़ित ; "भविसंजुयदेविकरपरिविहुरिओ गयं मोत्तुं" (सुर १५, १५) ।

परिवीअ सक [**परि+वीजय्**] पँखा करना, हवा करना । परिवीएमि ; (स ६७) ।

परिवीइअ वि [**परिवीजित**] जिसको हवा की गई हो वह ; (उप २११ टी) ।

परिवीढ न [**परिपीठ**] आसन-विशेष ; (भवि) ।

परिवुड वि [**परिवृत**] परिकरित, वेष्टित ; (णाया १, १४; धर्मवि २४; औप; महा) ।

परिवुत्थ वि [**पर्युषित**] १ रहा हुआ ; २ न. वास, निवास ; (गउड ५४०) । देखो **परिवुसिअ** ।

परिवुद देखो **परिवुड** ; (प्राकृ १२) ।

परिवुदि स्त्री [**परिवृति**] वेष्टन ; (प्राकृ १२) ।

परिवुसिअ वि [**पर्युषित**] स्थित, रहा हुआ; "जे भिक्खू अचेले परिवुसिए" (आचा १, ८, ७, १; १, ६, २, २)। देखो **परिवुत्थ** ।

परिवूढ वि [**परिवृढ**] समर्थ ; (उत्त ७, २) ।

परिवूढ वि [**परिवृढ**] स्थूल ; (भास ८६; उत्त ७, ६) ।

परिवूढ वि [**परिव्यूढ**] वहन किया हुआ, ढोया हुआ ; "न चइस्सामि अहं पुण चिरपरिवूढं इमं लोहं" (धर्मवि ७) ।

परिवूहण देखो **परिवूहण** ; (राज) ।

परिवेढ सक [परि+वेष्ट्] वेढना, लपेटना। परिवेढइ; (भवि)। संकृ—**परिवेढिय**; (निचू १)।

परिवेढ पुं [परिवेष्ट] वेष्टन, घेरा; "जा जग्गइ तो पिच्छइ सेवापरसुहडपरिवेढं" (सिरि ६३८)।

परिवेढाविय वि [परिवेष्टित] वेष्टित कराया हुआ; (पि ३०४)।

परिवेढिय वि [परिवेष्टित] वेढा हुआ, घेरा हुआ, लपेटा हुआ; (उप ७६८ टी; पव २० ; पि ३०४)।

परिवेव अक [परि+वेप्] काँपना। "कायरवरिणि परिवेवइ" (भवि)।

परिवेविलर वि [परिवेविलतृ] कम्पन-शील; (गउड)।

परिवेव अक [परि+वेप्] काँपना। वकृ—**परिवेवमाण**; (णाया)।

परिवेस सक [परि+विष्] परोसना। परिवेसइ; (सुपा ३८६)। कर्म—परिवेसिज्जइ; (णाया १, ८)। वकृ—**परिवेसंत, परिवेसयंत**; (पिंड १२० ; सुपा ११; णाया १, ७)।

परिवेस पुं [परिवेश, °ष] १ वेष्टन; (गउड)। २ मंडल, मेघादि से सूर्य-चंद्र का वेष्टनाकार मंडल; "परिवेसो अंबरे फरुसवयणो" (पउम ६६, ४७; स ३१२ टी; गउड)।

परिवेसण न [परिवेषण] परोसना; (स १८७ ; पिंड ११६)।

परिवेसणा स्त्री [परिवेषणा] ऊपर देखो; (पिंड ४४५)।

परिवेसि [परिवेशिन्] समीप में रहने वाला; (गउड)।

परिव्वअ सक [परि+व्रज्] १ समन्तात् गमन करना। २ दीक्षा लेना। परिव्वए; परिव्वएज्जासि; (सूअ १, १, ४, ३; पि ४६०)।

परिव्वअ वि [परिवृत] परिवेष्टित; "तारापरिव्वओ विव सरयपुण्णिमाचंदो" (वसु)।

परिव्वअ वि [परिव्यय] विशेष व्यय; (नाट—मृच्छ ७)।

परिव्वह सक [परि+वह्] वहन करना, धारण करना। परिव्वहइ; (संबोध २२)।

परिव्वाइया स्त्री [परिव्राजिका] संन्यासिनी; (णाया १, ८; महा)।

परिव्वाज (शौ) पुं [परि+व्राज्] संन्यासी; (चारु ४६)।

परिव्वाजअ (शौ) पुं [परिव्राजक] संन्यासी; (पि १८७ ; नाट—मृच्छ ८५)।

परिव्वाजिआ (शौ) देखो **परिव्वाइया**; (मा २०)।

परिव्वाय देखो **परिव्वाज**; (सूअनि ११२; औप)।

परिव्वायग, **परिव्वायय** } पुं [परिव्राजक] संन्यासी, साधु; (भग)।

परिव्वायय वि [पारिव्राजक] परिव्राजक-संबन्धी; (कप्प)।

परिस देखो **फरिस**=स्पर्श; (गउड; चारु ४२)।

परिसंक अक [परि+शङ्क्] भय करना, डरना। वकृ—**परिसंकमाण**; (सूअ १, १०, २०)।

परिसंकिय वि [परिशङ्कित] भीत; (पण्ह १, ३)।

परिसंखा सक [परिसं+ख्या] १ अच्छी तरह जानना। २ गिनती करना। संकृ—**परिसंखाय**; (दस ७, १)।

परिसंखा स्त्री [परिसंख्या] संख्या, गिनती; (पउम २, ४६; जीवस ४०; पव—गाथा १३; तंदु ४; सम्म)।

परिसंग पुं [परिषङ्ग] संग, सोहबत; (हम्मीर १६)।

परिसंग पुं [परिष्वङ्ग] आलिङ्गन; (पउम २१, ५२)।

परिसंगय वि [परिसंगत] युक्त, सहित; (धर्मवि १३)।

परिसंठव सक [परिसं+स्थापय्] संस्थापन करना। परिसंठवहु (अप); (पिंग)। वकृ—**परिसंठवित**; (उप्प ४३)।

परिसंठविय वि [परिसंस्थापित] संस्थापित; (तंदु ३८)।

परिसंठिय वि [परिसंस्थित] स्थित, रहा हुआ; (महा)।

परिसंत वि [परिश्रान्त] थका हुआ; (महा)।

परिसंथविय वि [परिसंस्थापित] आश्वासित; (स ५६६)।

परिसक्क सक [परि+ष्वष्क्] चलना, गमन करना, इधर-उधर घूमना। परिसक्कइ; (उप ६ टी; कुप्र १७५)। वकृ—**परिसक्कंत, परिसक्कमाण**; (काप्र ६१७; स ४१; १३६)। संकृ—**परिसक्किऊण**; (सुपा ३१३)। कृ—**परिसक्कियव्व**; (स १६२)।

परिसक्कण न [परिष्वष्कण] परिभ्रमण; (से ५, ५५; १३, ५६; सुपा २०१)।

परिसक्किअ वि [परिष्वष्कित] १ गत; (भवि)। २ न. परिक्रमण, परिभ्रमण; (मा ६०६)।

परिसक्किर वि [परिष्वष्कितृ] गमन करने वाला; (णाया १, १; पि ५६६)।

परिसज्जिअ (अप) वि [परिष्वक्त] आलिंगित; (सण)।

परिसडिय वि [परिशटित] सड़ा हुआ, विनष्ट; (णाया १, २; औप)।

परिसण्ह वि [परिश्लक्ष्ण] सूक्ष्म, छोटा; (से १, १) ।
परिसन्न वि [परिषण्ण] जो हैरान हुआ हो, पीडित; (पउम १५, ३०) ।
परिसप्प सक [परि + सृप्] चलना । परिसप्पेइ; (नाट—विक ६१) ।
परिसप्पि वि [परिसर्पिन्] १ चलने वाला; (कप्पू) । २ पुंस्त्री. हाथ और पैर से चलने वाली जन्तु-जाति—नकुल, सर्प आदि प्राणि-गण । स्त्री—°णी; (जीव २) ।
परिसम देखो परिस्सम; (महा) ।
परिसमत्त वि [परिसमाप्त] संपूर्ण, जो पूरा हुआ हो वह; (से १५, ६५; सुर १५, २५०) ।
परिसमत्ति स्त्री [परिसमाप्ति] समाप्ति, पूर्णता; (उप ३५७; स ५२) ।
परिसमाविय वि [परिसमापित] जो समाप्त किया गया हो, पूरा किया हुआ; (विसे ३६०२) ।
परिसमाव सक [परिसम् + आप्] पूर्ण करना । संकृ—परिसमाविअ; (अभि ११६) ।
परिसर पुं [परिसर] नगर आदि के समीप का स्थान; (औप; सुपा १३०; मोह ७६) ।
परिसल्लिय वि [परिशल्यित] शल्य-युक्त; (सण) ।
परिसव सक [परि + स्रु] झरना, टपकना । वकृ—परिसवंत; (तंदु ३६; ४१) ।
परिसह पुं [परिषह] देखो परीसह; (भग) ।
परिसा स्त्री [परिषद्] १ सभा, पर्षद्; (पाअ; औप; उवा; विपा १, १) । २ परिवार; (ठा ३, २—पत्र १२७) ।
परिसाइ देखो परिस्साइ; (राज) ।
परिसाइयाण देखो परिसाव ।
परिसाड सक [परि+शाटय्] १ त्याग करना । २ अलग करना । परिसाडेइ; (कप्प; भग) । संकृ—परिसाडइत्ता; (भग) ।
परिसाडणा स्त्री [परिशाटना] पृथक्करण; (सुअनि ७; २०) ।
परिसाडि वि [परिशाटिन्] परिशाटन-युक्त; (ओघ ३१) ।
परिसाडि स्त्री [परिशाटि] परिशाटन, पृथक्करण; (पिंड ५५२) ।
परिसाम अक [शम्] शान्त होना । परिसामइ; (हे ४, १६७) ।
परिसाम वि [परिश्याम] नीचे देखो; (गउड) ।
परिसामल वि [परिश्यामल] कृष्ण, काला; (गउड) ।
परिसामिअ वि [शान्त] शान्त, शम-युक्त; (कुमा) ।
परिसामिअ वि [परिश्यामित] कृष्ण किया हुआ; (आचा १, १) ।
परिसाव सक [परि+स्रावय्] १ निचोड़ना । २ गालना । संकृ—परिसाइयाण; (आचा २, १, ८, १) ।
परिसावि देखो परिस्साचि; (बृह १) ।
परिसाहिय वि [परिकथित] प्रतिपादित, उक्त; (सण) ।
परिसिंच सक [परि + सिच्] सींचना । परिसिंचिज्जा; (उत्त २, ६) । वकृ—परिसिंचमाण; (आचा १, १) । कवकृ—परिसिच्चमाण; (कप्प; पि ५४२) ।
परिसिट्ठ वि [परिशिष्ट] अवशिष्ट, बाकी बचा हुआ; (आचा १, २, ३, ५) ।
परिसिढिल वि [परिशिथिल] विशेष शिथिल, ढीला; (गउड) ।
परिसित्त वि [परिषिक्त] १ सींचा हुआ; (गा १८५; सण) । २ न. परिषेक, सेचन; (पण्ह १, १) ।
परिसिल्ल वि [पर्षद्वत्] परिषद् वाला; (बृह ३) ।
परिसील सक [परि+शीलय्] अभ्यास करना, आदत डालना । संकृ—परिसीलिवि (अप); (सण) ।
परिसीलण न [परिशीलन] अभ्यास, आदत; (रंभा; सण) ।
परिसीलिय वि [परिशीलित] अभ्यस्त; (सण) ।
परिसीलग देखो पडिसीलग; (राज) ।
परिसुक्क वि [परिशुष्क] खूब सूखा हुआ; (विपा १, २; गउड) ।
परिसुण्ण वि [परिशून्य] खाली, रिक्त, सुन्न; (से ११, ८७) ।
परिसुत्त वि [परिसुप्त] सर्वथा सोया हुआ; (नाट—उत्तर २३) ।
परिसुद्ध वि [परिशुद्ध] निर्मल, निर्दोष; (उव; गउड) ।
परिसुद्धि स्त्री [परिशुद्धि] विशुद्धि, निर्मलता; (अच्चु; द्र ६५) ।
परिसुन्न देखो परिसुण्ण ; (विसे १८५०; सण) ।
परिसुस (अप) सक [परि+शोषय्] सुखाना । संकृ—परिसुसिवि (अप); (सण) ।
परिसूअणा स्त्री [परिसूचना] सूचना; (सुपा ३०) ।
परिसेय पुं [परिषेक] सेचन ; (ओघ ३४७) ।

परिसेस पुं [परिशेष] १ बाकी बचा हुआ, अवशिष्ट; (से १०, २३; पउम ३५, ४०; गा ८८; कम्म ६, ६०)। २ अनुमान-प्रमाण का एक भेद, पारिशेष्य-अनुमान; (धर्मसं ६८; ६६)।

परिसेसिअ वि [परिशेषित] १ बाकी बचा हुआ; (भग)। २ परिच्छिन्न, निर्णीत ;

"उज्झसि उज्झसु कढ्ढसि
कढ्ढसु अह फुडसि हिअअ ता फुडसु।
तहवि परिसेसिओ च्चिअ
सो हु मए गलिअसब्भावो" (गा ४०१)।

परिसेह पुं [परिषेध] प्रतिषेध, निवारण; "पावट्ठाणाण जो उ परिसेहो, झाणज्झयणाईणं जो य विही, एस धम्मकसो" (काल)।

परिसोण वि [परिशोण] लाल रँग का; (गउड)।

परिसोसण न [परिशोषण] सुखाना; (गा ६२८)।

परिसोसिअ वि [परिशोषित] सुखाया हुआ; (सण)।

परिसोह सक [परि+शोधय्] शुद्ध करना। कवकृ—**परिसोहिज्जंत**; (सण)।

परिस्सअ सक [परि+स्वञ्ज्] आलिंगन करना। परिस्सअदि (शौ); (पि ३१५)। संकृ—**परिस्सइअ**; (पि ३१५; नाट—शकु ७२)।

परिस्संत देखो **परिसंत**; (णाया १, १ ; स्वप्न ४०; अभि ११०)।

परिस्सज (शौ) देखो **परिस्सअ**। परिस्सजह; (उत्तर १७६)। वकृ—**परिस्सजंत**; (अभि १३३)। संकृ—**परिस्सजिअ**; (अभि १२५)।

परिस्सम पुं [परिश्रम] मेहनत; (धर्मसं ७८८, स्वप्न १०; अभि ३६)।

परिस्सम्म अक [परि+श्रम्] १ मेहनत करना। २ विश्राम लेना। परिस्सम्मइ; (बिसे ११६७; धर्मसं ७८६)।

परिस्सव सक [परि+स्रु] चूना, झरना, टपकना। वकृ—**परिस्सवमाण**; (विपा १, १)।

परिस्सव पुं [परिस्रव] आस्रव, कर्म-बन्ध का कारण; (आचा)।

परिस्सह देखो **परीसह**; (आचा)।

परिस्सार्इ देखो **परिस्सावि=परिस्राविन्**; (ठा ४, ४—पत्र २७६)।

परिस्साव देखो **परिसाव**। संकृ—**परिस्साविथाण**; (पि ५६२)।

परिस्सावि वि [परिस्राविन्] १ कर्म-बन्ध करने वाला; (भग २५, ६)। २ चूने वाला, टपकने वाला; ३ गुप्त बात को प्रकट कर देने वाला ; (गच्छ १, २३; पंचा १५, १४)।

परिस्सावि वि [परिश्राविन्] सुनाने वाला ; (द्रव्य ४६)।

परिह सक [परि+धा] पहिरना। परिहइ; (धर्मवि १५०; भवि), " सव्वंगीणेवि परिहए जंबू रयणमयालंकारे " (धर्मवि १४६)।

परिह पुं [दे] रोष, गुस्सा; (दे ६, ७)।

परिह पुं [परिघ] अर्गला, आगल ; (अणु)।

परिहच्छ वि [दे] १ पटु, दक्ष, निपुण; (दे ६, ७६; भवि)। २ पुं. मन्यु, रोष, गुस्सा; (दे ६, ७१)। देखो **परिहत्थ**।

परिहच्छ देखो **पडिहच्छ**; (औप)।

परिहट्ट सक [मृद्, परि+घट्टय्] मर्दन करना, चूर करना, कचड़ना। परिहट्टइ; (हे ४, १२६; नाट—साहित्य ११६)।

परिहट्ट सक [वि+लुल्] १ मारना, मार कर गिरा देना। २ सामना करना। ३ लूट लेना। ४ अक. जमीन पर लोटना। परिहट्टइ; (प्राकृ ७३)।

परिहट्टण न [परिघट्टन] १ अभिघात, आघात; (से १०, ४१)। २ घर्षण, घिसना; (से ८, ४३)।

परिहट्टि स्त्री [दे] आकृष्टि, आकर्षण, खींचाव; (दे ६, २१)।

परिहट्टिअ वि [मृदित] जिसका मर्दन किया गया हो वह; " परिहट्टिओ माणो " (कुमा; पाअ)।

परिहण न [दे, परिधान] वस्त्र, कपड़ा; (दे ६, २१; पाअ; हे ४, ३४१; सुर १, २५; भवि)।

परिहत्थ पुं [दे] १ जलजन्तु-विशेष; "परिहत्थमच्छपुंछच्छडअच्छोडणपोच्छलंतसलिलोहं " (सुर १३, ४१), "पोक्खरिणी....... परिहत्थभमंतमच्छकच्छभअणेगसउणगणमिहुणवियरियसद्दुन्नइयमहुरसरनाइया पासाईया " (णाया १, १३—पत्र १७६)। २ वि. दक्ष, निपुण; "अन्ने रणपरिहत्था सुरा" (पउम ६१, १; पण्ह १, ३—पत्र ५५; पाअ; आव ४)। ३ परिपूर्ण; (औप; कप्प)। देखो **परिहच्छ, पडिहत्थ**।

परिहर सक [परि+धृ] धारण करना। संकृ—**परिहरिअ**; (उत्त १२, ६)।

परिहर सक [परि+हृ] १ त्याग करना, छोड़ना । २ करना । ३ परिभोग करना, आसेवन करना । परिहरइ; (हे ४, २५९; उव; महा) । परिहरंति; (भग १५—पत्र ६६७) । वकृ—**परिहरंत, परिहरमाण**; (गा १६६; राज) । संकृ—**परिहरिअ**; (पिंग) । हेकृ—**परिहरित्तए, परिहरिउं**; (ठा ५, ३; काप्र ४०८) । कृ—**परिहरणीअ, परिहरिअव्व**; (पि ५७१; गा २२७; ओघ ५९; सुर १४, ८३; सुपा ३६६; ५८८; पण्ह २, ५)।

परिहरण न [परिहरण] १ परित्याग, वर्जन; (महा) । २ आसेवन, परिभोग; (ठा १०) ।

परिहरणा स्त्री [परिहरणा] ऊपर देखो; (पिंड १९७), " परिहरणा होइ परिभोगो " (ठा ५, ३ टी—पत्र ३३८)।

परिहरिअ वि [परिहृत] परित्यक्त, वर्जित; (महा; सण; भवि) ।

परिहरिअ देखो **परिहर**=परि+धृ, हृ ।

परिहरिअ वि [परिधृत] धारण किया हुआ;
" परिहरिअकणअकुंडलगंडत्थलमणहरेसु सवणेसु ।
अवणुअ ! समअवसेणं परिहिज्जइ तालवेंटजुअं ॥"
(गा ३९८ अ) ।

परिहलाविअ पुं [दे] जल-निर्गम, मोरी, पनाला; (दे ६, २९) ।

परिहव सक [परि+भू] पराभव करना । वकृ—**परिहवंत**; (वव १) । कृ—**परिहवियव्व**; (उप १०३६) ।

परिहव पुं [परिभव] पराभव, तिरस्कार; (से १,३, ४६; गा ३६६; हे ३, १८०) ।

परिहवण न [परिभवन] ऊपर देखो; (स ५७२) ।

परिहविय वि [परिभूत] पराजित, तिरस्कृत; (उप पृ १८०) ।

परिहस सक [परि+हस्] उपहास करना, हँसी करना । परिहसइ; (नाट) । कर्म—परिहसीअदि (शौ); (नाट—शकु २) ।

परिहस्स वि [परिह्रस्व] अत्यन्त लघु; (स ८) ।

पुट्ठव वि [**स्पृष्टवत्**] जिसने स्पर्श किया हो वह; (आचा १, ७, ८, ८)।

पुट्ठवई देखो **पोट्ठवई**; (सुज्ज १०, ६)।

पुट्ठवया स्त्री [**प्रोष्ठपदा**] नक्षत्र-विशेष; (सुज्ज १०, ५)।

पुट्ठि स्त्री [**पुष्टि**] पोषण, उपचय; (विसे २२१; चेइय ८)। २ अहिंसा, दया; (पण्ह २, १—पत्र ६६)। °**म** वि [°**मत्**] १ पुष्टि वाला। २ पुं. भगवान् महावीर का एक शिष्य; (अनु)।

पुट्ठि देखो **पिट्ठि**=पृष्ठ; "पाअपडिअस्स पइणो पुट्ठिं पुत्ते समारुहंतम्मि" (गा ११; ३३; ८७; प्राप्र; संक्षि १६)।

पुट्ठि स्त्री [**पृष्टि**] पृच्छा, प्रश्न। °**य** वि [°**ज**] प्रश्न-जनित; (ठा २, १—पत्र ४०)।

पुट्ठि स्त्री [**स्पृष्टि**] स्पर्श। °**य** वि [°**ज**] स्पर्श-जनित; (ठा २, १)।

पुट्ठिया स्त्री [**पृष्टिका**] प्रश्न से होने वाली क्रिया—कर्म-बन्ध; (ठा २, १)।

पुट्ठिया स्त्री [स्पृष्टिका] स्पर्श से होने वाली क्रिया—कर्म-बन्ध; (ठा २, १)।

पुट्ठिल देखो **पोट्टिल**; (अनु २)।

पुट्ठीया स्त्री [स्पृष्टीया] देखो **पुट्ठिया**=स्पृष्टिका; (नव १८)।

पुट्ठीया स्त्री [पृष्टीया] पृच्छा से होने वाली क्रिया—कर्म-बन्ध; (नव १८)।

पुड पुंन [पुट] १ मिथः संबन्ध, परस्पर जोड़ान, मिलाव, मिलान; "अंजलिपुड ", "ताहे करयलपुडेण नीओ सो" (औप; महा)। २ खाल, ढोल आदि का चमड़ा; "हुरुब्भपुडसंठाणसंठिया" (उवा ६४ टी; गउड १११६७; कुमा)। ३ संबद्ध दल-द्वय, मिला हुआ दो दल; "सिप्पपुडसंठिया" (उवा; गउड ५७६)। ४ ओषधि पकाने का पात्र-विशेष; (गाया १, १३)। ५ पत्रादि-रचित पात्र, दोना; (रंभा)। ६ आच्छादन, ढक्कन; (उवा; गउड)। ७ कमल, पद्म; "पुडइणो" (विक्र २३)। °**भेयण** न [°**भेदन**] नगर, शहर; (कस)। °**वाय** पुं [°**पाक**] १ पुट-पात्रों से ओषधि का पाक-विशेष; २ पाक-निष्पन्न ओषध-विशेष; "पुड(? ड)-वाएहि" (णाया १, १३—पत्र १८१)।

पुड (शौ) देखो **पुत्त**=पुत्र; (पि २६२; प्राप्र)।

पुडइअ वि [दे] पिण्डीकृत, एकत्रित; (दे ६, ५४)।

पुडइणी स्त्री [दे. पुटकिनी] नलिनी, कमलिनी; (दे ६, ५५; विक्र २३)।

पुडग पुंन [पुटक] देखो **पुट**= पुट; (उवा)।

पुडपुडी स्त्री [दे] मुँह से सीटी बजाना, एक प्रकार की अव्यक्त आवाज; (पव ३८)।

पुडम देखो **पुढम**; (प्रति ७१; पि १०४)।

पुडय देखो **पुडग**; (उवा; सुपा ६५६)।

पुडिंग न [दे] मुँह, वदन; २ बिन्दु; (दे ६, ८०)।

पुडिया स्त्री [पुटिका] पुड़ी, पुड़िया; (दे ५, १२)।

पुडु (शौ) देखो **पुत्त**=पुत्र; (प्राप्र)।

पुढं देखो **पिहं**; (षड्)।

पुढम वि [प्रथम] पहला; (हे १, ५५; कुमा; स्वप्न २३१)।

पुढवि° देखो **पुढवी**; (आचानि १, १, २; भग १६, ३; पि ६७)। °**काइय**, °**क्काइय** वि [°**कायिक**] पृथिवी शरीर वाला (जीव); (पण्ण १; भग १६, ३; ठा १; आचानि १, १, २)। °**क्काय** देखो **पुढवी-काय**; (आचानि १, १, २)।

पुढवी स्त्री [पृथिवी] १ पृथिवी, धरती, भूमि; (हे १, ८८; १३१; ठा ३, ४)। २ काठिन्यादि गुण वाला पदार्थ, द्रव्य-विशेष—मृत्तिका, पाषाण, धातु आदि; (पण्ण १)। ३ पृथिवीकाय का जीव; (जी २)। ४ ईशानेन्द्र के एक लोकपाल की अग्र-महिषी; (ठा ४, १—पत्र २०४)। ५ एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ८—पत्र ४३६)। ६ भगवान सुपार्श्वनाथ की माता का नाम; (राज)। °**काइय** देखो **पुढवि-काइय**; (राज)। °**काय** वि [°**काय**] पृथिवी शरीर वाला (जीव); (आचानि १, १, २)। °**वइ** पुं [°**पति**] राजा; (ठा ७)। °**सत्थ** न [°**शस्त्र**] १ पृथिवी रूप शस्त्र; २ पृथिवी का शस्त्र, हल, कुद्दाल आदि; (आचा)। देखो **पुहई, पुहवी**।

पुढीभूय वि [पृथग्भूत] जो अलग हुआ हो; (सुपा २३६)।

पुढुम वि [प्रथम] पहला, आद्य; (हे १, ५५; कुमा)।

पुढो अ [पृथग्] अलग, भिन्न; (सुपा ३६२; रयण ३०; श्रावक ४०; आचा)। °**छंद** वि [°**छन्द**] विभिन्न अभिप्राय वाला; (आचा; पि ७८)। °**जण** पुं [°**जन**] प्राकृत मनुष्य, साधारण लोक; (सूअ १, ३, १, ६) °**जिय** पुं [°**जीव**] विभिन्न प्राणी; (सूअ १, १, २, ३)। °**विमाय**, °**वेमाय** वि [°**विमात्र**] अनेक प्रकार का, बहुविध; (राज; ठा ४,४—पत्र २८०)।

पुढोजग वि [दे. पृथग्जक] पृथग्भूत, भिन्न व्यवस्थित; "जमिणं जगती पुढोजगा" (सूअ १, २, १, ४)।

पुढोवम वि [पृथिव्युपम] पृथिवी की तरह सब सहन करने वाला; (सूअ १, ६, २६)।

पुढोसिय वि [पृथवीश्रित] पृथिवी के आश्रय में रहा हुआ; (सूअ १, १२, १३; आचा)।

पुण सक [पू] १ पवित्र करना। २ धान्य आदि को तुष-रहित करना, साफ करना। पुणइ; (हे ४, २४१)। पुणंति; (गाया १, ७)। कर्म—पुणिज्जइ, पुव्वइ; (हे ४, २४२)।

पुण अ [पुनर्] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ भेद, विशेष; (विसे ८११)। २ अवधारण, निश्चय; ३ अधिकार, प्रस्ताव; ४ द्वितीय वार, वारान्तर; ५ पक्षान्तर; ६ समुच्चय; (पण्ह २, ३; गउड; कुमा; औप; जी ३७; प्रासू ६; ५२; १६८; स्वप्न ७२; पिंग)। ७ पादपूर्ति में भी इसका प्रयोग होता है; (निचू १)। °**करण** न

[°करण] फिर से बनाना; २ वि. जिसकी फिर से बनावट की जाय वह; "भिन्नं संखं न होइ पुणकरणं" (उव)। °ण्णव वि [°नव] फिर से नया बना हुआ, ताजा; (उप ७६८ टी; कप्पू)। °पुण अ [°पुनर्] फिर फिर, बारंबार। °पुणक-रण न [°पुनःकरण] फिर फिर बनाना, बारंबार निर्माण; (दे १, ३२)। °ब्भव पुं [°भव] फिर से उत्पत्ति, फिर से जन्म-ग्रहण; (चेइय ३५७; ओप)। °ब्भू स्त्री [°भू] फिर से विवाहित स्त्री, जिसका पुनर्लग्न हुआ हो वह महिला; "अत्थि पुणब्भूकप्पा त्ति विवाहिया पच्छन्नं" (कुप्र २०८; २०६)। °रवि, °रावि अ [°अपि] फिर भी; (उवा; उत्त १०, १६; १६)। °रावित्ति स्त्री [°आवृत्ति] पुनः आवर्तन; (पडि)। °रुत्त वि [°उक्त] फिर से कहा हुआ; २ न. पुनरुक्ति; (चेइय ५३८)। °वि अ [°अपि] फिर भी; (संक्षि १६; प्राकृ ८७)। °व्वसु पुं [°वसु] १ नक्षत्र-विशेष; (सम १०; ६६)। २ आठवें वासुदेव के पूर्व जन्म का नाम; (सम १५३; पउम २०, १७२)।

पुण (अप) देखो **पुण्ण**=पुण्य। °मंत वि [°मत्] पुण्यशाली; (पिंग)।

पुणअ सक [दृश्] देखना। पुणअइ; (धात्वा १४५)।

पुणइ पुं [दे] श्वपच, चाण्डाल; (दे ६, ३८)।

पुणण त्रि [पवन] पवित्र करने वाला। स्त्री — **णी**; (कुमा)।

पुणरुत्त } अ. कृत-करण, बारंबार, फिर फिर; "अइ सुप्पइ
पुणरुत्तं } पंसुलि णीसहेहिँ अंगेहिँ पुणरुत्तं" (हे १, १७६; कुमा), "ण वि तह छेअरआइँवि हरंति पुणरुत्तराअरसिआइं" (गा २७४)।

पुणा } अ. देखो **पुण**=पुनर्; (पि ३४३; हे १, ६५;
पुणाइ } कुमा; पउम ६, ६७; उवा)।
पुणाइं }

पुणु (अप) देखो **पुण**=पुनर्; (कुमा; पि ३४२)।

पुणो देखो **पुण**=पुनर्; (ओप; कुमा; प्राकृ ८७)।

पुणोत्त देखो **पुण-रुत्त, पुणरुत्त**; (प्राकृ ३०)।

पुणोल्ल सक [प्र+नोदय्] १ प्रेरणा करना। २ अत्यन्त दूर करना। पुणोल्लयामो; (उत्त १२, ४०)।

पुण्ण पुंन [पुण्य] १ शुभ कर्म, सुकृत; (ओप; महा; प्रासू ७५; पाअ)। २ दो उपवास, बेला; "भद्दं पुणं (? ण्ण) सुही (?हि)यं छट्ठभत्तस्स एगट्ठा" (संबोध ५८)। ३ वि. पवित्र; "थणुप्पियाजलपुण्णं" (कुमा)। **कलसा** स्त्री [°कलशा] लाट देश के एक गाँव का नाम; (राज)। °घण पुं [°घन] विद्याधरों का एक स्वनाम-ख्यात राजा; (पउम ५, ६५)। °मंत, °मत्त वि [°वत्] पुण्य वाला, भाग्यवान्; (हे २, १५६; चंड)। देखो **पुन्न**=पुण्य।

पुण्ण त्रि [पूर्ण] १ संपूर्ण, भरपूर, पूरा; (ओप; भग; उवा)। २ पुं. द्वीपकुमार देवों का दाक्षिणात्य इन्द्र; (इक)। ३ इक्षुवर समुद्र का अधिष्ठायक देव; (राज)। ४ तिथि-विशेष, पक्ष की पाँचवीं, दसवीं और पनरहवीं तिथि; (सुज्ज १०, १५)। ५ पुंन. शिखर-विशेष; (इक)। °कलस पुं [°कलश] संपूर्ण घट; (जं ०)। °घोस पुं [°घोष] ऐरवत वर्ष का एक भावी जिन-देव; (सम १५४)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ संपूर्ण चन्द्रमा। २ विद्याधर वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ४४)। °प्पभ पुं [°प्रभ] इक्षुवर द्वीप का अधिपति देव; (राज)। °भद्द पुं [°भद्र] १ स्वनाम-ख्यात एक गृह-पति, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ले मुक्ति पाई थी; (अंत)। २ यक्ष-निकाय का एक इन्द्र; (ठा ४, १)। ३ पुंन. अनेक कूट —शिखरों का नाम; (इक)। ४ यक्ष का चैत्य-विशेष; (ओप; विपा १, १; उवा)। °मासी स्त्री [°मासी] पूर्णिमा तिथि; (दे)। °सेण पुं [°सेन] राजा श्रेणिक का पुत्र, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी; (अनु)। देखो **पुन्न**=पूर्ण।

पुण्णमासिणी स्त्री [पौर्णमासी] तिथि-विशेष, पूर्णिमा; (ओप; भग)।

पुण्णवत्त न [दे] आनन्द से हृत वस्त्र; (दे ६, ५३; पाअ)।

पुण्णा स्त्री [पूर्णा] १ तिथि-विशेष, पक्ष की ५, १० और १५ वीं तिथि; (संबोध ५४; सुज्ज १०, १५)। २ पूर्णभद्र और माणिभद्र इन्द्र की एक महादेवी—अग्र-महिषी; (इक; णाया २), "पुण्णभद्दस्स णं जक्खिंदस्स जक्खरन्नो चत्तारि अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ तं जहा—पुन्ना(? ण्णा) बहुपुत्तिआ उत्तमा तारगा, एवं माणिभद्दस्सवि" (ठा ४, १—पत्र २०४)।

पुण्णाग } देखो **पुन्नाग**; (पउम ४३, ३६; से ६, ५६;
पुण्णाम } हे १, १६०; पि २३१)।

पुण्णाली स्त्री [दे] असती, कुलटा, पुंश्चली; (दे ६, ५३; षड्)।

पुण्णाह पुंन [पुण्याह] १ पुण्य दिन, शुभ दिवस; (गा १६५; गउड)। २ वाद्य-विशेष; "पुण्णाहतूरेण" (स ४०१; ७३४)।

पुण्णिमसी स्त्री [पूर्णमासी] पूर्णिमा; (संबोध ३६)।

पुण्णिमा स्त्री [**पूर्णिमा**] तिथि-विशेष, पूर्णमासी; (काप्र १६४)। °**यंद** पुं [°**चन्द्र**] पूर्णिमा का चन्द्र; (महा; हेका ४८)।

पुण्णिमासिणी देखो **पुण्णमासिणी**; (सम ६६; श्रा २६; सुज्ज १०, ६)।

पुत्त पुं [**पुत्र**] लड़का; (ठा १०; कुमा; सुपा ६६; ३३४; प्रासू २७; ७७; गाया १, २)। °**वई** स्त्री [°**वती**] लड़का वाली स्त्री; (सुपा २८१)।

पुत्तंजीवय पुं [**पुत्रंजीवक**] वृक्ष-विशेष, पुतजीया, जियापोता का पेड़; "पुत्तंजीवयरिट्ठ"(पराण १—पत्र ३१)। २ न. जियापोता का बीज; "पुत्तंजीवयमालालंकिएयं" (स ३३७)।

पुत्तय पुं [**पुत्रक**] देखो **पुत्त**; (महा)।

पुत्तरे पुंस्त्री [**दे**] योनि, उत्पत्ति-स्थान; "पुत्तरं योनौ" (संक्षि ४७)।

पुत्तलय पुं [**पुत्रक**] पुतला; (सिरि ८६१; ६२; ६४)।

पुत्तलिया } स्त्री [**पुत्रिका**] शालभञ्जिका, पुतली; (पाअ; **पुत्तली** } कुम्मा ६; प्रवि १३; सुपा २६६; सिरि ८१५)।

पुत्तह देखो **पुत्त**; (प्राकृ ३५)।

पुत्ताणुपुत्तिय वि [**पौत्रानुपुत्रिक**] पुत्र-पौत्रादि के योग्य; "पुत्ताणुपुत्तियं वित्तिं कप्पेति" (णाया १, १—पत्र ३७)।

पुत्तिआ स्त्री [**पुत्रिका**] १ पुत्री, लड़की; (अभि १७८)। २ पुतली; (दे ६, ६२; कुमा)।

पुत्तिल्ल देखो **पुत्त**; (प्राकृ ३५)।

पुत्ती स्त्री [**पुत्री**] लड़की; (कप्पू)।

पुत्ती स्त्री [**पोती**] १ वस्त्र-खण्ड, मुख-वस्त्रिका; (पव ६०; संबोध ५४)। २ साड़ी, कटी-वस्त्र; (धर्मवि १७)। देखो **पोत्ती**।

पुत्तुल्ल पुं [**पुत्र**] पुत्र, लड़का; (प्राकृ ३५)।

पुत्थ वि [**दे**] मृदु, कोमल; (दे ६, ५२)।

पुत्थ } पुंन [**पुस्त**, °**क**] १ लेप्यादि कर्म; (श्रा १)। **पुत्थय** } २ पुस्तक, पोथी, किताब; "पुत्थए लिहावेइ" (कुप्र ३४८), "अवहरिओ पुत्थओ सहसा" (सम्मत्त ११८)। देखो **पोत्थ**।

पुथवी देखो **पुढवी**; (चंड)।

पुथुणी } (पै) देखो **पुढवी**; (प्राकृ १२४; पि १६०)। **पुथुवी** } °**नाथ** (पै) पुं [°**नाथ**] राजा; (प्राकृ १२४)।

पुध देखो **पिह**=पृथक्; (ठा १०)।

पुधं देखो **पिधं**; (हे १, १८८)।

पुधम } (पै) देखो **पुढम**, **पुढुम**; (पि १०४; हे ४, **पुधुम** } ३१६)।

पुन्न देखो **पुण्ण**=पुन्य; "कह मह इत्तियपुन्ना जं सो दीसिज्ज पच्चक्खं" (सुर १२, ११८; उप ७६८ टी; कुमा)। °**कंखिअ** वि [°**काङ्क्षित**, °**काङ्क्षिन्**] पुण्य की चाह वाला; (भग)। °**कलस** पुं [°**कलश**] एक राजा का नाम; (उप ७६८ टी)। °**जसा** स्त्री [°**यशस्**] एक स्त्री का नाम; (उप ७२८ टी)। °**पत्तिया** स्त्री [°**प्रत्यया**] एक जैन मुनि-शाखा; (कप्प)। °**पिवासय** वि [°**पिपासक**] पुण्य का प्यासा, पुण्य की चाह वाला; (भग)। °**भागि** वि [°**भागिन्**] पुण्य का भागी, पुण्य-शाली; (सुपा ६४१)। °**सम्म** पुं [°**शर्मन्**] एक ब्राह्मण का नाम; (उप ७२८ टी)। °**सार** पुं [°**सार**] एक स्वनाम-ख्यात श्रेष्ठी; (उप ७२८ टी)।

पुन्न देखो **पुण्ण**=पूर्ण; (सुर २, ६७; उप ७६८ टी; ठा २, ३; अनु २)। °**तल्ल** पुं [°**तल**] एक जैन मुनि-गच्छ; (कुप्र ६)। °**पाय** वि [°**प्राय**] करीब-करीब संपूर्ण, कुछ-कम पूर्ण; (उप ७२८ टी)। °**भद्द** पुं [°**भद्र**] १ यक्ष-विशेष; (सिरि ६६६)। २ यक्ष-निकाय का एक इन्द्र; (ठा २, ३)। ३ एक अन्तकृद् मुनि; (अंत १८)। ४ एक जैन मुनि, आर्य श्रीसंभूतविजय का एक शिष्य; (कप्प)।

पुन्नयण पुं [**पुण्यजन**] यक्ष, एक देव-जाति; (पाअ)।

पुन्नाग } देखो **पुंनाग**; (कप्प; कुमा; पउम २१, ४६; **पुन्नाम** } पाअ)। ३ पुन्नाग का फूल; (कुमा; हे १, **पुन्नाय** } १६०)।

पुन्नालिया } [**दे**] देखो **पुण्णाली**; (सुपा ५६६; **पुन्नाली** } ५६७)।

पुन्निमा देखो **पुण्णिमा**; (रंभा)।

पुप्पुअ वि [**दे**] पीन, पुष्ट, उपचित; (दे ६, ५२)।

पुप्फ न [**पुष्प**] १ फूल, कुसुम; (गाया १, १; कप्प; सुर ३, ६५; कुमा)। २ एक विमानावास, देव-विमान विशेष; (देवेन्द्र १३५; सम ३८)। ३ स्त्री का रज; ४ विकास; ५ आँख का एक रोग; ६ कुबेर का विमान; (हे १, २३६; २, ५३; ६०; १५४)। °**इरि** पुं [°**गिरि**] एक पर्वत का नाम; (पउम ७६, १०)। °**कंत** न [°**कान्त**] ए

देव-विमान; "पुप्फकंतं" (सम ३८)। °करंडय पुं [°करण्डक] हस्तिशीर्ष नगर का एक उद्यान; "पुप्फकरंडए उज्जाणे" (विपा २, १)। °केउ पुं [°केतु] १ एरवत क्षेत्र का सातवाँ भावी तीर्थंकर—जिनदेव; (सम १५४)। २ ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष; (ठा २, ३)। °ग न [°क] १ मूल भाग; "भायस्स पुप्फगं तो इमेहिं कज्जेहिं पडिलेहे" (ओघ २८६)। २ पुष्प, फूल; (कप्प)। ३ देखो नीचे °य; (औप)। °चूला स्त्री [°चूला] १ भगवान् पार्श्वनाथ की मुख्य शिष्या का नाम; (सम १५२; कप्प)। २ एक महासती, अन्निकाचार्य की सुयोग्य शिष्या; (पडि)। ३ सुबाहुकुमार की मुख्य पत्नी का नाम; (विपा २, १)। °चूलिया स्त्री [°चूलिका] एक जैन ग्रन्थ; (निर १, ४)। °च्चणिया स्त्री [°र्चनिका] पुष्पों से पूजा; (णाया १, २)। °च्चिणिया स्त्री [°चायिनी] फूल बिनने वाली स्त्री; (पाअ)। °छज्जिया स्त्री [°छादिका] पुष्प-पात्र विशेष; (राज)। °ज्झय न [°ध्वज] एक देव-विमान; (सम ३८)। °णंदि पुं [°नन्दिन्] एक राजा का नाम; (ठा १०)। °णालिया देखो °नालिया; (तंदु)। °दंत पुं [°दन्त] १ नववाँ जिनदेव, श्री सुविधिनाथ; (सम ६३; ठा २, ४)। २ ईशानेन्द्र के हस्ति-सैन्य का अधिपति देव; (ठा ५, १; इक)। ३ देव-विशेष; (सिरि ६६७)। °दंती स्त्री [°दन्ती] दमयन्ती की माता का नाम, एक रानी; (कुप्र ४८)। °नालिया स्त्री [°नालिका] पुष्प का बेंट; (तंदु ४)। °निज्जास पुं [°निर्यास] पुष्प-रस; (जीव ३)। °पुर न [°पुर] पाटलिपुत्र, पटना शहर; (राज)। °पूरय पुं [°पूरक] पुष्प की रचना-विशेष; (णाया १, १६)। °प्पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान; (सम ३८)। °बलि पुं [°बलि] उपचार, पुष्प-पूजा; (पाअ)। °बाण पुं [°बाण] कामदेव; (रंभा)। °भद्द न [°भद्र] नगर-विशेष, पटना शहर; (राज)। °मंत वि [°वत्] पुष्प वाला; (णाया १, १)। °माल न [°माल] वैताढ्य की उत्तर श्रेणि का एक नगर; (इक)। °माला स्त्री [°माला] ऊर्ध्व लोक में रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ८—पत्र ४३७)। °य पुं [°क] १ फेन, डिण्डीर; (पाअ)। २ न. ईशानेन्द्र का एक पारियानिक विमान, देव-विमान-विशेष; (ठा ८; इक; पउम ७२, १८; औप)। ३ पुष्प, फूल; (कप्प)। ४ ललाट का एक पुष्पाकार आभूषण; (जं २)। देखो ऊपर °ग। °लाई, °लावी स्त्री [°लावी] फूल बिनने वाली स्त्री; (पाअ; दे १, ६)। °लेस न [°लेश्य] एक देव विमान; (सम ३८)। °वई स्त्री [°वती] १ ऋतुमती स्त्री; (दे ६, ६४; गा ४८०)। २ सत्पुरुष-नामक किंपुरुषेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (ठा ४, १; णाया २)। ३ बीसवें जिनदेव की प्रवर्तिनी—प्रमुख साध्वी—का नाम; (सम १५२; पत्र ६)। ४ चैत्य-विशेष; (भग)। °वण्ण न [°वर्ण] एक देव-विमान; (सम ३८)। °सिंग न [°शृङ्ग] एक देव-विमान; (सम ३८)। °सिद्ध न [°सिद्ध] देव-विमान विशेष; (सम ३८)। °सुय पुं [°शुक] व्यक्ति-वाचक नाम; (उत्त)। °ावत्त न [°ावर्त] एक देव विमान; (सम ३८)।

पुप्फस न [दे] फफड़ा, शरीर का एक भीतरी अंग; (पउम १०५, ५५)।

पुप्फा स्त्री [दे] फूफी, पिता की बहिन; (दे ६, ५२)।

पुप्फिअ वि [पुष्पित] कुसुमित, संजात-पुष्प; (धर्मवि १४८; कुमा; णाया १, ११; सुपा ५८)।

पुप्फिआ [दे] देखो पुप्फा; (पाअ)।

पुप्फिआ स्त्री [पुष्पिता] एक जैन आगम-ग्रन्थ; (निर १, ३)।

पुप्फिम पुंस्त्री [पुष्पत्व] पुष्पपन; (हे २, १५४)।

पुप्फी [दे] देखो पुप्फा; (षड्)।

पुप्फुआ स्त्री [दे] करीष का अग्नि; "सुव्वइ हेमंतम्मि दुग्गआ पुप्फुआसुअंधेया" (गा ३२६)।

पुप्फुत्तर न [पुष्पोत्तर] एक विमान; (कप्प)। °वडिंसग न [°ावतंसक] एक देव-विमान; (सम ३८)।

पुप्फुत्तरा } स्त्री [पुष्पोत्तरा] शक्कर की एक जाति; (णाया
पुप्फोत्तरा } १, १७—पत्र २२६; पण्ण १७—पत्र ५३३)।

पुप्फोदय न [पुष्पोदक] पुष्प-रस से मिश्रित जल; (णाया १,१—पत्र १६)।

पुप्फोवय } वि [पुष्पोपग] पुष्प प्राप्त करने वाला, फूलने
पुप्फोवा° } वाला (वृक्ष); (ठा ३, १—पत्र ११३)।

पुम पुं [पुंस्] १ पुरुष, नर; "थीअपुमाणं विसुज्झंता" (पव ५, ७२), "पुमत्तमागम्म कुमार दोवि" (उत्त १४, ३; ठा ८; औप)। २ पुरुष-वेद; (कम्म ५, ६०)। °आणमणी स्त्री [°आज्ञापनी] पुरुष को आज्ञा देने वाली भाषा, भाषा-विशेष; (पण्ण ११)। °पन्नवणी स्त्री [°प्रज्ञापनी] भाषा विशेष, पुरुष के लक्षणों का प्रतिपादन करने वाली भाषा; (पण्ण ११—पत्र ३६४)। °वयण न [°वचन] पुंलिंग शब्द का उच्चारण; (पण्ण ११—पत्र ३७०)।

पुम्म (अप) सक [**दृश्**] देखना। पुम्मइ; (प्राकृ ११६)।
पुयावइत्ता देखो **पुआव**।
पुर (अप) देखो **पूर**=पूरय्। पुरइ; (पिंग)।
पुर न [**पुर**] १ नगर, शहर; (कुमा; कुप्र ४३८)। २ शरीर, देह; (कुप्र ४३८)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] विद्याधर वंश का एक राजा; (पउम ५, ४४)। °**भेयण** वि [°**भेदन**] नगर का भेदन करने वाला। स्त्री—°**णी**; (उत्त २०, १८)। °**वइ** पुं [°**पति**] नगर का अधिपति; (भवि)। °**वर** न [°**वर**] श्रेष्ठ नगर; (उवा; पराह १, ४)। °**वरी** स्त्री [°**वरा**] श्रेष्ठ नगरी; (गाया १, ६; उवा; सुर २, १५२)। °**वाल** पुं [°**पाल**] नगर-रक्षक, राजा; (भवि)।
पुर देखो **पुरं**; "पुरकम्मम्मि य पुच्छा" (बृह १)।
पुरएअ } देखो **पुरदेव**; (भवि)।
पुरएव }
पुरओ अ [**पुरतस्**] १ अग्रतः, आगे; (सम १५१; ठा ४, २; गा ३५०; कुमा; औप)। २ पहले, पूर्व में; "पुरत्रो कयं जं तु तं पुरेकम्मं" (ओघ ४८६)।
पुरं अ [**पुरस्**] १ पहले, पूर्व में; २ समक्ष; "नए गं से दरिद्दे समुक्किट्ठे समाणे पच्छा पुरं च गं विउलभोगसमितिसमन्नागते यावि विहरिज्जा" (ठा २, १--पत्र ११७)। ३ अग्रे, आगे। °**गम** वि [°**गम**] अग्र-गामी, पुरो-वर्ती; (सूअ १, ३, ३, ६)। देखो **पुरे, पुरो**।
पुरंजय पुं [**पुरञ्जय**] एक विद्याधर राजा। °**पुर** न [°**पुर**] एक विद्याधर-नगर; (इक)।
पुरंदर पुं [**पुरन्दर**] १ इन्द्र, देवराज; २ गन्ध-द्रव्य विशेष; (हे १, १७७)। ३ वृक्ष-विशेष, चव्य का पेड़; "पुरंदरकुसुमदामसुविणेण सूइया जाया" (उप ६८६ टी)। ४ एक राजर्षि; (पउम २१, ८०)। ५ मन्दरकुञ्ज नगर का एक विद्याधर राजा; (पउम ६, १७०)। °**जसा** स्त्री [°**यशस्**] एक राज-कन्या का नाम; (उप ६७३)। °**दिसि** स्त्री [°**दिश्**] पूर्व दिशा; (उप १४२ टी)।
पुरंधि } स्त्री [**पुरन्ध्री**] १ बहु कुटुम्ब वाली स्त्री; २ पति
पुरंधी } और पुत्र वाली स्त्री; (कुमा; कुप्र १०७; सुपा २६; पाअ)। ३ अनेक काल पहले ब्याही हुई स्त्री; (कप्पू)।
पुरकड देखो **पुरक्खड**; (सूअ १, २, १८)।
पुरकार पुं [**पुरस्कार**] १ आगे करना, अग्रतः स्थापन; (आचा)। २ सम्मान, आदर; (राम ६०)।

पुरक्खड वि [**पुरस्कृत**] १ आगे किया हुआ; (आ ६)। २ पुरो-वर्ती, आगामी; "गहणसमयपुरक्खडे पोग्गले उदीरेंति" (भग १, १)।
पुरच्छा देखो **पुरत्था**; (राज)।
पुरच्छिम देखो **पुरत्थिम**; (ठा २, ३ —पत्र ६७; सुज्ज २०—पत्र २८७; पि ६५५)। °**दाहिणा** स्त्री [°**दक्षिणा**] पूर्व-दक्षिण दिशा, अग्निकोण; (ठा १० —पत्र ४७८)।
पुरच्छिमा देखो **पुरत्थिमा**; (ठा १०—पत्र ४७८)।
पुरच्छिमिल्ल देखो **पुरत्थिमिल्ल**; (सम ६६)।
पुरत्थ वि [**पुरःस्थ**] आगे रहा हुआ; अग्र-वर्ती, पुरस्सर; "पुरत्थं होइ सहायं रणे ममं तेण" (उप १०३१ टी), "जेण गहिएणऽत्था इत्थ परत्थावि हु पुरत्था" (आ १४)।
पुरत्थ } अ [**पुरस्तात्**] १ पहले, काल या देश की अपेक्षा
पुरत्थओ } से आगे; "तप्पुरपुरत्थभाए" (सुपा ३६०), "मोस-
पुरत्था } स्स पच्छा य पुरत्थओ य" (उत्त ३२, ३१), "आदीणियं दुक्कडियं पुरत्था" (सूअ १, ५, १, २)। २ पूर्वदिशा; "पुरत्थाभिमुहे" (कप्प; औप; भग; गाया १, १—पत्र १६)।
पुरत्थिम वि [**पौरस्त्य, पूर्व**] १ पूर्व की तरफ का; "उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए" (कप्प; औप)। २ न. पूर्व दिशा; "पुरतो पुरत्थिमेणं" (गाया १, १—पत्र ५४; उवा)।
पुरत्थिमा स्त्री [**पूर्वा**] पूर्व दिशा; "पुरत्थिमाओ वा दिसाओ आगओ" (आचा; मुच्छ १५८ टि)।
पुरत्थिमिल्ल त्रि [**पौरस्त्य**] पूर्व दिशा का, पूर्व दिशा में स्थित; (विपा १, ७, पि ५६५)।
पुरदेव पुं [**पुरादेव**] भगवान् आदिनाथ; "पुरदेवजिणस्स निव्वाणं" (पउम ४, ८७)।
पुरव देखो **पुव्व**; (गउड; हे ४, २७०; ३२३)।
पुरस्सर वि [**पुरस्सर**] अग्र-गामी; (कप्पू)।
पुरा स्त्री [**पुर्**] नगरी, शहर; (हे १, १६)।
पुरा देखो **पुरिल्ला**=पुरा; (सूअ १, १, २, २४; विपा १, १)। °**इय**, °**कय** वि [°**कृत**] पूर्व काल में किया हुआ; (भवि; कुप्र ३१६)। °**भव** पु [°**भव**] पूर्व जन्म; (कुप्र ४०६)।
पुराअण वि [**पुरातन**] पुराना, प्राचीन। स्त्री—°**णी**; (नाट—चैत १३१)।
पुराकर सक [**पुरा+कृ**] आगे करना। पुराकरंति; (सूअ १, ५, २, ५)।

पुराण वि [**पुराण**] १ पुराना, पुरातन; (गउड; उत्त ८, १२)। २ न व्यासादि-मुनि-प्रणीत ग्रन्थ-विशेष, पुरातन इतिहास के द्वारा जिसमें धर्म-तत्त्व निरूपित किया जाता हो वह शास्त्र; (धर्मवि ३८; भवि)। °**पुरिस** पुं [°**पुरुष**] श्रीकृष्ण; (वज्जा १२२)।

पुरिकोबेर पुं. ब. [**पुरीकौबेर**] देश-विशेष; (पउम ९८, ६७)।

पुरित्थिमा देखो **पुरत्थिमा**; (सूअ २, १, ९)।

पुरिम देखो **पुव्व**=पूर्व; (हे २, १३५; प्राकृ २८; भग; कुमा), "पंचवत्रो खलु धम्मो पुरिमस्स य पच्छिमस्स य जिणस्स" (पव ७४; पंचा १७, १)। °**ड्ढ** पुंन [°**र्ध**] १ पूर्वार्ध; २ प्रत्याख्यान-विशेष; (पंचा ५; पडि)। ३ तप-विशेष, निर्विकृतिक तप; (संबोध ५७)। °**ड्ढिय** वि [°**र्धिक**] 'पुरिमड्ढ' प्रत्याख्यान करने वाला; (पगह २, १, ठा ५, १)।

पुरिम वि [**पौरस्त्य**] अग्र-भव, अग्रेतन, आगे का; "इय पुव्वुत्तचउक्के झाणेसु पढमदुगि खु मिच्छत्तं। पुरिमदुगे सम्मत्तं" (संबोध ५२)।

पुरिम पुं [**दे**] प्रस्फोटन, प्रतिलेखन की क्रिया-विशेष; "छ प्पुरिमा नव खोडा" (ओघ २६५)।

पुरिमताल न [**पुरिमताल**] नगर-विशेष, (विपा १, ३; औप)।

पुरिमिल्ल वि [**पूर्वीय**] पहले का, पुरातन, प्राचीन; "आसि नगा पुरिमिल्ला, ता किं अम्हेहिं नट्ट होमो" (चेइय ११५)।

पुरिल पुं [**दे**] दैत्य, दानव; (षड्)।

पुरिल्ल वि [**पुरातन**] पुरा-भव, पहले का, पूर्ववर्ती; (विसे १३२६; हे २, १६३)।

पुरिल्ल वि [**पौरस्त्य**] पुरो-भव, पुरो-वर्ती, अग्र-गामी; (से १३, २; हे २, १६३; प्राप्र; षड्)।

पुरिल्ल वि [**पौर**] पुर-भव, नागरिक; (प्राकृ ३५; हे २, १६३)।

पुरिल्ल वि [**दे**] प्रवर, श्रेष्ठ; (दे ६, ५३)।

पुरिल्ल देखो **पुरिल्ला**=पुरा, पुरस्; "पुरिल्लो" (हे २, १६४ टि; षड्)।

पुरिल्लदेव पुं [**दे**] असुर, दानव; (दे ६, ५५)।

पुरिल्लपहाणा स्त्री [**दे**] साँप की दाढ़; (दे ६, ५६)।

पुरिल्ला अ [**पुरा**] १ निरन्तर क्रिया-करण, विच्छेद-रहित क्रिया करना; २ प्राचीन, पुराना; ३ पुराने समय में; ४ भावी; ५ निकट, सन्निहित; ६ इतिहास, पुरावृत्त; (हे २, १६४)।

पुरिल्ला अ [**पुरस्**] आगे, अग्रतः; (हे २, १६४)।

पुरिस पुंन [**पुरुष**] १ पुमान्, नर, मर्द; (हे १, १२४; भग; कुमा; प्रासू १२६), "इत्थीणि वा पुरिसाणि वा" (आचा २, ११, १८)। २ जीव, जीवात्मा; (विसे २०६०; सूअ २, १, २६)। ३ ईश्वर; (सूअ २, १, २६)। ४ शङ्कु, छाया नापने का काष्ठादि-निर्मित कीलक; ५ पुरुष-शरीर; (णंदि)। °**कार**, °**क्कार**, °**गार** पुं [°**कार**] १ पौरुष, पुरुषपन, पुरुष-चेष्टा, पुरुष-प्रयत्न; (प्रासू ४३; उवा; सुर २, ३५; उवर ४७)। २ पुरुषत्व का अभिमान; (औप)। °**जाय** पुं [°**जात**] १ पुरुष; २ पुरुष-जातीय; (सूअ २, १, ९; ७; ठा ३, १; २; ४, १)। °**जुग** न [°**युग**] क्रम-स्थित पुरुष; (सम ६८)। °**जेट्ठ** पुं [°**ज्येष्ठ**] प्रशस्त पुरुष; (पंचा १७, १०)। °**त्त**, °**त्तण** न [°**त्व**] पौरुष, पुरुषपन; "नहि नियजुवइसलहिया पुरिमा पुरिसत्तणमुविंति" (सुर २, २४; महा; सुपा ८४)। °**त्थ** पुं [°**ार्थ**] धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप पुरुष-प्रयोजन; "सयलपुरिसत्थकारणमइदुलहो माणुसो भवो एसो" (धर्मवि ८२; कुमा; सुपा १२६)। °**पुंडरीअ** पुं [°**पुण्डरीक**] इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न षष्ठ वासुदेव; (पव २१०)। °**प्पणीय** वि [°**प्रणीत**] १ ईश्वर-निर्मित; २ जीव-रचित; (सूअ २, १, २६)। °**मेह** पुं [°**मेध**] यज्ञ-विशेष, जिसमें पुरुष का होम किया जाय वह यज्ञ; (राज)। °**यार** देखो °**कार**; (गउड; सुर २, १६; सुपा २७१)। °**लक्खण** न [°**लक्षण**] कला-विशेष, पुरुष के शुभाशुभ चिह्न पहचानने की एक सामुद्रिक कला; (जं २)। °**लिंग** न [°**लिङ्ग**] पुरुष-चिह्न। °**लिंगसिद्ध** पुं [°**लिङ्गसिद्ध**] पुरुष-शरीर से जो मुक्त हुआ हो वह; (णंदि)। °**वयण** न [°**वचन**] पुंलिंग शब्द; (आचा २, ४, १, ३)। °**वर** पुं [°**वर**] श्रेष्ठ पुरुष; (औप)। °**वरगंधहत्थि** पुं [°**वरगन्धहस्तिन्**] १ पुरुषों में श्रेष्ठ गन्धहस्ती के तुल्य; २ जिन-देव; (भग; पडि)। °**वरपुंडरीय** पुं [°**वरपुण्डरीक**] १ पुरुषों में श्रेष्ठ पद्म के समान; २ जिन-देव, अर्हन्; (भग; पडि)। °**विजय** पुं [°**विचय**, °**विजय**] ज्ञान-विशेष; (सूअ २, २, २७)। °**वेय** पुं [°**वेद**] १ कर्म-विशेष, जिसके उदय से पुरुष को स्त्री-संभोग की इच्छा होती है वह कर्म; २ पुरुष को स्त्री-भोग की अभिलाषा; (पण्ण २३; राम १५०)। °**सिंह**, °**सीह** पुं [°**सिंह**] १ पुरुषों में सिंह के समान, श्रेष्ठ पुरुष; २ पुं. जिनदेव, जिन भगवान्; (भग; पडि)। ३ भगवान् धर्मनाथ के प्रथम श्रावक का नाम;

(विचार ३७८)। ४ इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न पाँचवाँ वासुदेव; (सम १०५; पउम ५, १५५; पव २१०)। °**सेण** पुं [°**सेन**] १ भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा ले कर मोक्ष जाने वाला एक अन्तकृद् महर्षि, जो वसुदेव के अन्यतम पुत्र थे; (अंत १४)। २ भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर विमान में उत्पन्न होने वाले एक मुनि, जो राजा श्रेणिक के पुत्र थे; (अनु १)। °**दाणिअ**, °**दाणीय** पुं [°**दा-नीय**] उपादेय पुरुष, आप्त पुरुष; (सम १३; कप्प)।

पुरिसाअ अक [**पुरुषाय्**] विपरीत मैथुन करना। वकृ— **पुरिसाअंत**; (गा १९६; ३६१)।

पुरिसाइअ न [**पुरुषायित**] विपरीत मैथुन; (दे १, ४२)।

पुरिसाइर वि [**पुरुषायितृ**] विपरीत रत करने वाला; "दर-पुरिसाइरि विसमिरि जाणसु पुरिसाण जं दुक्खं" (गा ५२; ४४६)।

पुरिसुत्तम } पुं [**पुरुषोत्तम**] १ उत्तम पुरुष, श्रेष्ठ पुमान्;
पुरिसोत्तम } २ जिन-देव, अर्हन्; (सम १; भग; पडि)। ३ चौथा त्रिखण्डाधिपति, चतुर्थ वासुदेव; (सम ७०; पउम ५, १५५)। ४ भगवान् अनन्तनाथ का प्रथम श्रावक; (विचार ३७८)। ५ श्रीकृष्ण; (सम्मत्त २२६)।

पुरी स्त्री [**पुरी**] नगरी, शहर; (कुमा)। °**नाह** पुं [°**नाथ**] नगरी का अधिपति, राजा; (उप ७२८ टी)।

पुरीस पुंन [**पुरीष**] विष्ठा; (णाया १, ८; उप १३६ टी; ३२० टी; पाअ), "मुत्तपुरीसं य विक्खंति" (धर्मवि १६)।

पुरु पुं [**पुरु**] १ स्व-नाम-ख्यात एक राजा; (अभि १७६)। २ वि. प्रचुर, प्रभूत। स्त्री °**ई**; (प्राकृ २८)।

पुरुपुरिआ स्त्री [**दे**] उत्कण्ठा, उत्सुकता; (दे ६, ५)।

पुरुमिल्ल देखो **पुरिमिल्ल**; (गउड)।

पुरुव } देखो **पुव्व**=पूर्व; "ण ईरिसो दिट्ठपुरुवो" (स्वप्न ५५)।
पुरुव्व } "अमंदमाणंदगुंदलपुरुव्वं" (सुपा २२; नाट मृच्छ १२१; पि १२५)।

पुरुस (शौ) देखो **पुरिस**; (प्राकृ ८३; स्वप्न २६; अभि ८५; प्रयौ ६६)।

पुरुसोत्तम (शौ) देखो **पुरिसोत्तम**; (पि १२४)।

पुरुहूअ पुं [**दे**] घूक, उल्लू; (दे ६, ५५)।

पुरुहूअ पुं [**पुरुहूत**] इन्द्र, देव-राज; (गउड)।

पुरूरव पुं [**पुरूरवस्**] एक चंद्र-वंशीय राजा; (पि ४०८; ४०९)।

पुरे देखो **पुरं**; "जस्स नत्थि पुरं पच्छा मज्झे तस्स कुओ सिया" (आचा)। °**कड** वि [°**कृत**] आगे किया हुआ, पूर्व में किया हुआ; (औप; सूअ १, ५, २, १; उत्त १०, ३)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] पहले करने का काम, पूर्व में की जाती क्रिया; "पुरओ कयं जं तु तं पुरेकम्मं" (ओघ ४८६; हे १, ५७)। °**क्कार** पुं [°**कार**] सम्मान, आदर; (उत्त २६, ७; सुख २६, ७)। °**क्खड** देखो °**कड**; (पण्ण ३६—पत्र ७९६; पण्ह १, १)। °**वाय** पुं [°**वात**] १ सस्नेह वायु; २ पूर्व दिशा का पवन; (णाया १, ११—पत्र १७१)। °**संखडि** स्त्री [**दे. संस्कृति**] पहले ही किया जाता जिमनवार—भोजनोत्सव; (आचा २, १, २, ६; २, १, ४, १)। °**संथुय** वि [°**संस्तुत**] १ पूर्व-परिचित; २ स्व-पक्ष का सगा; (आचा २, १, ४, ५)।

पुरेस पुं [**पुरेश**] नगर-स्वामी; (भवि)।

पुरो देखो **पुरं**; (मोह ४६; कुमा)। °**अ**, °**ग** वि [°**ग**] अग्रगामी, अग्रेसर; (प्रति ४०; विसे २५४८)। °**गम** वि [°**गम**] वही अर्थ; (उप पृ ३५१)। °**भाइ** वि [°**भागिन्**] दोष को छोड़ कर गुण-मात्र को ग्रहण करने वाला; (नाट—विक्र ६७)।

पुरोकर सक [**पुरस्+कृ**] १ आगे करना। २ स्वीकार करना। ३ सम्मान करना। संकृ—**पुरोकरिअ, पुरोकाउं**; (मा १६; सूअ १, १, ३, १५)।

पुरोत्तमपुर न [**पुरोत्तमपुर**] एक विद्याधर-नगर का नाम; (इक)।

पुरोवग पुं [**पुरोपक**] वृक्ष-विशेष; (औप)।

पुरोह पुं [**पुरोधस्**] पुरोहित; (उप ७२८ टी; धर्मवि १४६)।

पुरोहड वि [**दे**] १ विषम, असम; २ पच्छोकड (?); (दे ६, १५)। ३ पुंन. आक्रान्त भूमि का वास्तु; (दे ६, १५)। ४ अग्रद्वार, दरवाजा का अग्रभाग; (ओघ ६२२)। ५ बाडा, वाटक; "संझासमए पत्ते मज्झ वलद्दा पुरोहडस्संतो। मह दिट्ठीए दंसिवि ठाएयव्वा" (सुपा ५४५; बृह २)।

पुरोहिअ पुं [**पुरोहित**] पुरोधा, याजक, होम आदि से शान्ति-कर्म करने वाला ब्राह्मण; (कुमा; काल)।

पुल पुं [**दे. पुल**] छोटा फोड़ा, फुनसी; "ते पुला भिज्जंति" (ठा १०—पत्र ५२१)।

पुल वि [**पुल**] समुच्छ्रित, उन्नत; "पुलनिप्पुलाए" (दस १०, १६)।

पुल ⎫ सक [**दृश्**] देखना। पुलइ, पुलअइ; (प्राकृ
पुलअ ⎭ ७१; हे ४, १८१; प्राप्र ८, ६६)। पुलएइ; (गउड १०६३), पुलएमि; (गा ५३१)। वकृ—**पुलंत, पुलअंत, पुलएंत**; (कप्पू; नाट—मालवि ६; पउम ३, ७७; ८, १६०; सुर ११, १२०; १२, २०४; ७, २१२)। संकृ—**पुलइअ**; (स ६८६)।

पुलअ पुं [**पुलक**] १ रोमाञ्च; (कुमा)। २ रत्न-विशेष, मणि की एक जाति; (पण्ण १; उत्त ३६, ७७; कप्प)। ३ जलचर जन्तु-विशेष, ग्राह का एक भेद; "सीमागारपुलु(? ल)-यसुंसुमार—" (पण्ह १, १—पत्र ७)। °**कंड** पुंन [°**काण्ड**] रत्नप्रभा नरक-पृथिवी का एक काण्ड; (ठा १०)।

पुलअण वि [**दर्शन**] देखने वाला, प्रेक्षक; (कुमा)।

पुलअण न [**पुलकन**] पुलकित होना; (कप्प)।

पुलआअ अक [**उत्+लस्**] उल्लसित होना, उल्लास पाना। पुलआअइ; (हे ४, २०२)। वकृ—**पुलआअमाण**; (कुमा)।

पुलइअ वि [**दृष्ट**] देखा हुआ; (गा ११८; सुर १४, ११; पाअ)।

पुलइअ वि [**पुलकित**] रोमाञ्चित; (पाअ; कुमा ४, १६; कप्प; महा; गा २०)।

पुलइज्ज अक [**पुलकाय्**] रोमाञ्चित होना। वकृ—**पुलइज्जंत**; (सण)।

पुलइल्ल वि [**पुलकिन्**] रोमाञ्च-युक्त, रोमाञ्चित; (वज्जा १६४)।

पुलएंत देखो **पुलअ**=दृश्।

पुलंधअ पुं [**दे**] भ्रमर, भमरा; (षड्)।

पुलंपुल न [**दे**] अनवरत, निरन्तर; (पण्ह १, ३—पत्र ४५; औप)।

पुलक ⎫ देखो **पुलअ**=पुलक; (पि २०३ टि; णाया १,
पुलग ⎭ १; सम १०४; कप्प)।

पुलाग ⎫ पुंन [**पुलाक**] १ असार अन्न; "धन्नमसारं भन्नइ
पुलाय ⎭ पुलायसद्देण" (संबोध २८; पव ६३), "निस्सारए होइ जहा पुलाए" (सूअ १, ७, २६)। २ चना आदि शुष्क अन्न; (उत्त ८, १२; सुख ८, १२)। ३ लहसुन आदि दुर्गन्ध द्रव्य; ४ दुष्ट रस वाला द्रव्य; "तिविहं होइ पुलागं धण्णे गंधे य रसपुलाए य" (बृह ५)। ५ पुं. अपने संयम को निस्सार बनाने वाला मुनि, शिथिलाचारी साधुओं का एक भेद; (ठा ३, २; ५, ३; संबोध २८; पव ६३)।

पुलासिअ पुं [**दे**] अग्नि-कण; (दे ६, ५५)।

पुलिंद पुं [**पुलिन्द**] १ अनार्य देश-विशेष; (इक)। २ पुंस्त्री. उस देश में रहने वाला मनुष्य; (पण्ह १, १; औप; कप्पू; उव)। स्त्री—°**दी**; (णाया १, १; औप)।

पुलिण न [**पुलिन**] तट, किनारा; "ओइण्णो नइपुलिणाओ" (पउम १०, ५४)। २ लगातार बाईस दिनों का उपवास; (संबोध ५८)।

पुलिय न [**पुलित**] गति-विशेष; (औप)।

पुलुट्ठ वि [**प्लुष्ट**] दग्ध; (पाअ)।

पुलोअ सक [**दृश्, प्र+लोक्**] देखना। पुलोएइ; (हे ४, १८१; सुर १, ८६)। वकृ—**पुलोअंत, पुलोएंत**; (पि १०४; सुर ३, ११८)।

पुलोअण न [**दर्शन, प्रलोकन**] विलोकन; (दे ६, ३०; गा ३२२)।

पुलोइअ वि [**दृष्ट, प्रलोकित**] १ देखा हुआ; (सुर ३, १६४)। २ न. अवलोकन; (से ७, ५६)।

पुलोएंत देखो **पुलोअ**।

पुलोम पुं [**पुलोमन्**] दैत्य-विशेष। °**तणया** स्त्री [°**तनया**] शची, इन्द्राणी; (पाअ)।

पुलोमी स्त्री [**पौलोमी**] इन्द्राणी; (प्राकृ १०; हे १, १६०)।

पुलोव देखो **पुलोअ**। पुलोवदि (शौ); (पि १०४)।

पुलोस पुं [**प्लोष**] दाह, दहन; (गउड)।

पुल्ल [**दे**] देखो **पोल्ल**; (सुख ६, १)।

पुल्लि पुंस्त्री [**दे**] १ व्याघ्र, शेर; (दे ६, ७६; पाअ)। २ सिंह, पञ्चानन, मृगेन्द्र; (दे ६, ७६)। स्त्री—को पियइ पयं च पुल्लीए" (सुपा ३१२)।

पुव ⎫ सक [**प्लु**] गति करना, चलना। पुवंति; (पि
पुव्व ⎭ ४७३), पुव्वंति; (भग १५—पत्र ६७०; टी—पत्र ६७३)।

पुव्व° देखो **पुण**=पू।

पुव्व वि [**पूर्व**] १ दिशा, देश और काल की अपेक्षा से पहले का, आद्य, प्रथम; (ठा ४, ४; जी १; प्रासू १२२)। २ समस्त, सकल; ३ ज्येष्ठ भ्राता; (हे २, १३५; षड्)। ४ पुंन. काल-मान-विशेष, चौरासी लाख को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो उतने वर्ष; (ठा २, ४; सम ७४; जी ३७; इक)। ५ जैन ग्रन्थांश-विशेष, बारहवें अंग-ग्रन्थ का एक विशाल विभाग, अध्ययन, परिच्छेद; "चोद्दसपुव्वी" (विपा १, १)। ६ द्वन्द्व, वधू-वर आदि युग्म; "पुव्वद्दा-

णाणि'' (आचा २, ११, १३)। ७ पूर्व-ग्रन्थ का ज्ञान; (कम्म १, ७)। ८ कारण, हेतु; (गांदि)। °कालिय वि [°कालिक] पूर्व काल का, पूर्व काल से संबन्ध रखने वाला; (पगह १, २ - पत्र २८)। °गय न [°गत] जैन शास्त्रांश-विशेष, बारहवें अंग का विभाग-विशेष; (ठा १० — —पत्र ४९१)। °ण्ह पुं [°ह्ण] १ दिन का पूर्व भाग, सुबह से दो पहर तक का समय; (हे १, ६७)। २ तप-विशेष, 'पुरिमड्ढ' तप; (संबोध ५८)। °तव पुंन [°तपस्] वीतराग अवस्था के पहले का—सराग अवस्था का—तप; (भग)। °दारिअ वि [°द्वारिक] पूर्व दिशा में गमन करने में कल्याण-कारी (नक्षत्र); (सम १२)। °द्ध पुंन [°र्ध] पहला आधा; (नाट)। °धर वि [°धर] पूर्व-ग्रन्थ का ज्ञान वाला; (पगह २, १)। °पय न [°पद] उत्सर्ग-स्थान; (निचू १)। °पुट्ठवया स्त्री [°प्रोष्ठपदा] नक्षत्र-विशेष; (सुज्ज १०, ५)। °पुरिस पुं [°पुरुष] पूर्वज, पुरखा; (सुर २, १९४)। °प्पओग पुं [°प्रयोग] पहले की क्रिया, पूर्व काल का प्रयत्न; (भग ८, ९)। °फग्गुणी स्त्री [°फाल्गुनी] नक्षत्र-विशेष; (राज)। °भद्दवया स्त्री [°भाद्रपदा] नक्षत्र-विशेष; (राज)। °भव पुं [°भव] गत जन्म, अतीत जन्म; (गाया १, १)। °भविय वि [°भविक] पूर्वजन्म-संबन्धी; (भवि)। °य पुं [°ज] पूर्व पुरुष, पुरखा; (सुपा २३२)। °रत्त पुं [°रात्र] रात्रि का पूर्व भाग; (भग; महा)। °व न [°वत्] अनुमान प्रमाण का एक भेद; (अणु)। °विदेह पुं [°विदेह] महाविदेह वर्ष का पूर्वीय हिस्सा; (ठा २, ३; इक)। °समास पुंन [°समास] एक से ज्यादः पूर्व-शास्त्रों का ज्ञान; (कम्म १, ७)। °सुय न [°श्रुत] पूर्व का ज्ञान; (राज)। °सूरि पुं [°सूरि] पूर्वाचार्य, प्राचीन आचार्य; (जीव १)। °हर देखो °धर; (पउम ११८, १२१)। °णुपुव्वी स्त्री [°ानुपूर्वी] क्रम, परिपाटी; (भग; विपा १, १; औप; महा)। °ाह देखो °ण्ह; (हे १, ६७; षड्)। °ाफग्गुणी देखो °फग्गुणी; (सम ७; इक)। °ाभद्दवया देखो °भद्दवया; (सम ७)। °ासाढा स्त्री [°ाषाढा] नक्षत्र-विशेष; (सम ९)।

पुव्वंग पुंन [**पूर्वाङ्ग**] १ समय-परिमाण-विशेष, चौरासी लाख वर्ष; (ठा २, ४; इक)। २ पक्ष के पहले दिन का नाम, प्रतिपत्; (सुज्ज १०, १४)।

पुव्वंग वि [**दे**] मुण्डित; (षड्)।

पुव्वा स्त्री [**पूर्वा**] पूर्व दिशा; (कुमा)।

पुव्वाड वि [**दे**] पीन, मांसल, पुष्ट; (दे ६, ५२)।

पुव्वामेव अ [**पूर्वमेव**] पहले ही; (कस)।

पुव्वावईणय न [**पूर्वावकीर्णक**] नगर-विशेष; (इक)।

पुव्वि वि [**पूर्विन्**] पूर्व-शास्त्र का जानकार; (विपा १, १; राज)।

पुव्विं } किवि [**पूर्वम्**] पहिले, पूर्व में; (सण; उवा; सुर
पुव्विं } १, १९४; ४, १११; औप)। °संथव पुं [°संस्तव] पूर्व में की जाती श्लाघा, जैन मुनि की भिक्षा का एक दोष, भिक्षा-प्राप्ति के पहले दायक की स्तुति करना; (ठा ३, ४)।

पुव्विम पुंस्त्री [**पूर्वत्व**] पहिलापन, प्रथमता; (षड्)।

पुव्विल्ल वि [**पूर्व, पूर्वीय**] पहिले का, पूर्व का; "पुव्विल्ल-समं कम्मं" (चेइय ८८९), "पुव्विल्लए किंचिवि दुट्ठकम्मे" (निसा ४; सुपा ३४६; सण)।

पुव्वुत्त वि [**पूर्वोक्त**] पहले कहा हुआ, पूर्व में उक्त; (सुर २, २४८)।

पुव्वुत्तरा स्त्री [**पूर्वोत्तरा**] ईशान कोण; (राज)।

पुस सक [**प्र + उञ्छ्, मृज्**] साफ करना, शुद्ध करना, पोंछना। पुसइ; (प्राकृ ६६; हे ४, १०५; गा ४३३)। कवकृ — **पुसिज्जंत**; (गा २०६)।

पुस देखो **पुस्स**; (प्राकृ २६; प्राप्र)।

पुस पुं [**पौष**] मास-विशेष, पौष मास; "पुसो" (प्राकृ १०)।

पुसिअ वि [**प्रोञ्छित, मृष्ट**] पोंछा हुआ; (गउड; से १०, ४२; गा ५४)।

पुसिअ पुं [**पृषत**] मृग-विशेष; (गा ६२९)।

पुस्स पुं [**पुष्य**] १ नक्षत्र-विशेष, कृत्तिका से आठवाँ नक्षत्र; (प्राकृ २६; प्राप्र; सम ८; १७; ठा २, ३)। २ रेवती नक्षत्र का अधिपति देव; (सुज्ज १०, १२)। ३ ऋषि-विशेष; (राज)। °माणअ, °माणव पुं [°मानव] मागध, स्तुति-पाठक, भाट-चारण आदि; (गाया १, ८— पत्र १३३; टी —पत्र १३६)। देखो **पूस=पुष्य**।

पुस्सायण न [**पुष्यायण**] गोत्र-विशेष; (सुज्ज १०, १६)।

पुह } देखो **पिह=पृथक्**; (हे १, १८८)। °ब्भूय वि
पुहं } [°भूत] अलग, जो जुदा हुआ हो; (अज्झ ६०)।

पुहई } स्त्री [**पृथिवी**] १ तृतीय वासुदेव की माता का
पुहई } नाम; (पउम २०, १८४)। २ एक नगरी का नाम; (पउम २०, १८८)। ३ भगवान् सुपार्श्वनाथ की

माता का नाम; (सुपा ३६)। ४ —देखो **पुढवी, पुहवी**; (कुमा; हे १, ८८; १३१)। **°धर** पुं [**°धर**] राजा; (पउम ८५, ४)। **°नाह** पुं [**°नाथ**] राजा; (सुपा १२२)। **°पहु** पुं [**°प्रभु**] राजा; (उप ७२८ टी)। **°पाल** पुं [**°पाल**] राजा; (सुर १, २४३)। **°राय** पुं [**°राज**] विक्रम की बारहवीं शताब्दी का शाकम्भरी देश का एक राजा; "पुहईराएण सयंभरीनरिंदेण" (मुणि १०६०१)। **°वइ** पुं [**°पति**] राजा; (सुपा २०१; २४८; ५१६)। **°वाल** देखो **°पाल**; (उप ६४८ टी)।

पुहईसर पुं [**पृथिवीश्वर**] राजा; (सुपा १०७; २४१)।

पुहत्त न [**पृथक्त्व**] १ भेद, पार्थक्य; (अणु)। २ विस्तार; (राज)। ३ बहुत्व; (भग १, २; ठा १०)। ४ वि. भिन्न, अलग; "अत्थपुहत्तस्स" (विसे १०६६)। **°वियक्क** न [**°वितर्क**] शुक्ल ध्यान का एक भेद; (संबोध ५१)। देखो **पुहुत्त, पोहत्त**।

पुहत्तिय देखो **पोहत्तिय**; (भग)।

पुहय देखो **पिह**=पृथक्; "पुहय देवीणं" (कुमा)।

पुहवि° } देखो **पुढवी, पुहई**; (पि ३८६; श्रा १४; प्राप्र; **पुहवी** } प्रासू ५; ११३; सम १५१; स १५२)। ६ भगवान् श्रेयांसनाथ की दीक्षा-शिबिका; (विचार १२६)। १० एक छन्द का नाम; (पिंग)। **°चंद** पुं [**°चन्द्र**] एक राजा, (यति ५०)। **°पाल** पुं [**°पाल**] १ एक राज-कुमार; (उप ६८६ टी)। २ देखो **पुहई-पाल**; (सिरि ४५)। **°पुर** न [**°पुर**] एक नगर का नाम; (उप ८४४)।

पुहवीस पुं [**पृथिवीश**] राजा; (हे १, ६)।

पुहु वि [**पृथु**] विशाल, विस्तीर्ण। स्त्री—**°ई**; (प्राकृ २८)।

पुहुत्त न [**पृथक्त्व**] १ दो से नव तक की संख्या; (सम ४४; जी ३०; भग)। २ —देखो **पुहत्त**; (ठा १०—पत्र ४७१; ४६५)।

पुहुवी देखो **पुहु-ई**; (हे २, ११३)।

पू° देखो **पुं**। **°सुअ** पुं [**°शुक**] तोता, मर्द पिक-पक्षी; (गा ५६३ अ)।

पूअ सक [**पूजय्**] पूजा करना। पूएइ; (महा)। कर्म—पूइज्जसि; (गउड)। वकृ—**पूयंत**; (सुपा २२४)। कवकृ —**पूइज्जंत**; (पउम ३२, ६)। कृ—**पूअणीअ, पूएअव्व, पूअणिज्ज**; (नाट—मृच्छ १६५; उवर १६६; औप; णाया १, १ टी; पंचा २, ८; उप ३२० टी)। संकृ —**पूइऊण**; (महा)।

पूअ न [**दे**] दधि, दही; (दे ६, ५६)।

पूअ पुं [**पूग**] १ वृक्ष-विशेष, सुपारी का गाछ; (गउड)। २ न. फल-विशेष, सुपारी; (स ३४५)। देखो **पूग**। **°प्फली, °फली** स्त्री [**°फली**] सुपारी का पेड़; (पउम ५३, ७६; पण्ण १)।

पूअ न [**पूर्त**] तालाव, कुआँ आदि खुदवाना, अन्न-दान करना, देव-मन्दिर बनाना आदि जन-समूह के हित का कार्य; "गरहियाणि इट्टपूयाणि" (स ७१३)।

पूअ वि [**पूत**] १ पवित्र, शुद्ध; (णाया १, ५; औप)। २ न. लगातार छः दिनों का उपवास; (संबोध ५८)। ३ वि. सूर्प आदि से साफ—तुष-रहित किया हुआ; (णाया १, ७ —पत्र ११६)।

पूअ न [**पूय**] पीब, दुर्गन्ध रक्त, व्रण से निकला हुआ गंदा सफेद बिगड़ा हुआ खून; (पण्ह १, १; णाया १, ८)।

पूअण न [**पूजन**] पूजा, सेवा; (कुमा; औप; सुपा ५८४; महा)।

पूअणा स्त्री [**पूजना**] १ ऊपर देखो; (पण्ह २, १; स ७६३; संबोध ६)। २ काम-विभूषा; (सूअ १, ३, ४, १७)।

पूअणा } स्त्री [**पूतना**] १ दुष्ट व्यन्तरी, डाइन, डाकिनी; **पूअणी** } (सूअ १, ३, ४, १३; पिंडभा ४१; सुपा २६; पण्ह १, ४)। २ गाडर, भेड़ी, मेषी; (सूअ १, ३, ४, १३)।

पूअय वि [**पूजक**] पूजा करने वाला; (सुर १३, १४३)।

पूअर देखो **पोर**=पूतर; (श्रा १४; जी १५)।

पूअल पुं [**पूप**] अपूप, पूआ, खाद्य-विशेष; (दे ६, १८)।

पूअलिया स्त्री [**पूपिका**] ऊपर देखो; (पव ४)।

पूआ स्त्री [**दे**] पिशाच-गृहीता, भूताविष्ट स्त्री; (दे ६, ५४)।

पूआ स्त्री [**पूजा**] पूजन, अर्चा, सेवा; (कुमा)। **°भत्त** न [**°भक्त**] पूज्य के लिए निष्पादित भोजन; (बृह २)। **°मह** पुं [**°मह**] पूजोत्सव; (कुप्र ८५)। **°रह** [**°रथ**] राक्षस-वंश में उत्पन्न एक राजा का नाम, एक लंका-पति; (पउम ५, २५६)। **°रिह, °रुह** वि [**°र्ह**] पूजा-योग्य; (सुपा ४६१; अभि ११८)।

पूइ वि [**पूति**] १ दुर्गन्धी, दुर्गन्ध वाला; (पउम ४४, ५५; उप ७२८ टी; तंदु ४१)। २ अपवित्र; (पंचा १३, ५)। ३ स्त्री. दुर्गन्ध; ४ अपवित्रता; (तंदु ३८)। ५ भिक्षा का एक दोष, पूति-कर्म; (पिंड २६८)। ६ रोग-विशेष, एक नासिका-रोग, नासा-कोथ; (विसे २०८)। ७ पूय, पीब; "गलंतपूइनिवहं" (महा), "पूइवसरुहिरपुन्नं" (सुर १४, ४६), "जहा सुणी पूइकण्णी" (उत्त १, ४)। ८ वृक्ष-विशेष, एकास्थिक वृक्ष की एक जाति; "पूई य निंबकरए" (पराण १—पत्र ३१)। °**कम्म** पुंन [°**कर्मन्**] मुनि-भिक्षा का एक दोष, पवित्र वस्तु में अपवित्र वस्तु को मिला कर दो जाती भिक्षा का ग्रहण; (ठा ३, ४ टी; औप; पंचा १३ ५)। °**म** वि [°**मत्**] १ दुर्गन्धी; २ अपवित्र; (तंदु ३८)।

पूइआलुग न [**दे. पूत्यालुक**] जल में होने वाली वनस्पति-विशेष; (आचा २, १, ८—सूत्र ४७)।

पूइज्जंत देखो **पूअ**=पूजय्।

पूय वि [**पूजित**] अर्चित, सेवित; (औप; उव)।

पूइय वि [**पूतिक**] १ अपवित्र, अशुद्ध, दूषित; (पराह २, ५; उप पृ २१०)। २ दुर्गन्धी, दुष्ट गन्ध वाला; (गाया १, ८; तंदु ४१)। ३ पूति-नामक भिक्षा-दोष से युक्त; (पिंड २६८)।

पूइय देखो **पोइअ**=(दे); "बलो गम्भो पूइयावणं" (सुत्त २, २६; उप)।

पूएअव्व देखो **पूअ**=पूजय्।

पूंडरिअ न [**दे**] कार्य, काम, काज, प्रयोजन; (दे ६, ५७)।

पूग पुं [**पूग**] १ समूह, संघात; (मोह २८)। २ देखो **पूअ**=पूग; (स ७०; ७१)।

पूगी स्त्री [**पूगी**] सुपारी का पेड़। °**फल** न [°**फल**] सुपारी; (रयण ५५)।

पूज देखो **पूअ**=पूजय्। कर्म—पुज्जए; (उव)। वकृ—**पूजयंत**; (विसे २८८८)। कृ—**पूज्ज, पूज**; (पउम ११, ६७; सुपा १८०; सुर १, १७; उवर १६६; उव; उप ५६८)।

पूजग देखो **पूअय**; (पंचा ४, ४४)।

पूजण देखो **पूअण**; (पंचा ६, ३८)।

पूजा देखो **पूआ**=पूजा; (उप १०१६)।

पूजिय देखो **पूइय**=पूजित; (औप)।

पूण पुं [**दे**] हस्ती, हाथी; (दे ६, ५६)।

पूणिआ } स्त्री [**दे**] पूणी, रुई की पहल; (दे ६, ७८; **पूणी** } ६, ५६)।

पूप देखो **पूअल**; (पिंड ५५७)।

पूयंत देखो **पूअ**=पूजय्।

पूयावणा स्त्री [**पूजना**] पूजा कराना; (संबोध १५)।

पूर सक [**पूरय्**] पूर्ति करना, भरना। पूरइ, पूरए; (हे ४, १६९; औप; भग; महा; पि ४६२) । वकृ—**पूरंत, पूरयंत**; (कुमा; कप्प; औप)। कवकृ—**पुज्जंत, पुज्जमाण, पूरिज्जंत, पूरंत, पूरमाण**; (उप पृ १५४; सुपा ६८; उप १३६ टी; भवि; गा ११६; से ११, ६३; ६, ६७)। संकृ—**पूरित्ता**; (भग), **पूरि** (अप); (पिंग)। हेकृ—**पूरइत्तए**; (पि ५७८)। कृ—**पूरिअव्व**; (से ११, ४४)।

पूर पुं [**पूर**] १ जल-समूह, जल-प्रवाह, जल-धारा; (कुमा)। २ खाद्य-विशेष; "कप्पूरपूरमहिए तंबोले" (सुर २, ६०)। ३ वि. पूरा, पूर्ण; "पूराणि य से सम्मं पसाइमणोरहेहिं अज्जेव सत्त राइंदियाइं, भविस्सइ य सुए सामिणो विज्जासिद्धी" (स ३६३)।

पूरइत्तअ (शौ) वि [**पूरयितृ**] पूर्ण करने वाला; (मा ४३)।

पूरंतिया स्त्री [**पूरयन्तिका**] राजा की एक परिषत्—परिवार; (राज)।

पूरग वि [**पूरक**] पूर्ति करने वाला; (कप्प; औप; रयण ७७)।

पूरण न [**पूरण**] शूर्प, सूप, सिरकी का बना एक पात्र जिससे अन्न पछारा जाता है; (दे ६, ५६)।

पूरण न [**पूरण**] १ पूर्ति; "समस्सापूरणं" (सिरि ८६८)। २ पालन; (आचू ५)। ३ पुं. यदुवंश के राजा अन्धक-वृष्णि का एक पुत्र; (अंत ३)। ४ एक गृह-पति का नाम; (उवा)। ५ त्रि. पूर्ति करने वाला; (राज)।

पूरमाण देखो **पूर**=पूरय्।

पूरय देखो **पूरग**; "बत्तीसं किर कवला आहारो कुच्छिपूरओ भणिओ" (पिंड ६४२)।

पूरयंत } देखो **पूर**=पूरय्।
पूरिअव्व }

पूरिगा स्त्री [**पूरिका**] मोटा कपड़ा; (राज)।

पूरिम वि [**पूरिम**] पूरने से—भरने से—होने वाला; (णाया १, १३; पराह २, ५; औप)।

पूरिमा स्त्री [**पूरिमा**] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना; (ठा ७—पत्र ३६३)।

पूरिय वि [**पूरित**] भरा हुआ; (गउड; सण; भवि)।
पूरी स्त्री [**पूरी**] तन्तुवाय का एक उपकरण; (दे ६, ५६)।
पूरेंत देखो **पूर**=पूरय्।
पूरोट्टी स्त्री [**दे**] अवकर, कतवार, कूड़ा; (दे ६, ५७)।
पूल पुंन [**पूल**] पूला, घास की अंटिया; (उप ३२० टी; कुप्र २१५)।
पूव } **पूवल** } देखो **पूअल**; (कस; दे ६, ११७; निचू १)।
पूवलिआ } **पूविगा** } देखो **पूअलिया**; (बृह १; निचू १६)।
पूस अक [**पुष्**] पुष्ट होना। पूसइ; (हे ४, २३६; प्राकृ ६८)।
पूस देखो **पुस्स**=पुष्य; (गाया १, ८; हे १, ४३)। °**गिरि** पुं [°**गिरि**] एक जैन मुनि; (कप्प)। °**फली** स्त्री [°**फली**] वल्ली-विशेष; (पगण १)। °**माण**, °**माणग** पुं [°**माण**, °**मानव**] मागध, मङ्गल-पाठक; "—वद्धमाणपूसमाणघंटियगणेहिं" (कप्प; औप)। °**माणग** पुं [°**मानक**] ज्योतिर्देवता-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष; (ठा २, ३)। °**माणय** देखो °**माण**; (औप)। °**मित्त** पुं [°**मित्र**] १ स्वनाम-प्रसिद्ध जैन मुनि-त्रय—१ घृतपुष्यमित्र; २ वस्त्रपुष्यमित्र; ३ दुर्बलिकापुष्यमित्र, जो आर्य रक्षितसूरि के शिष्य थे; (विसे २५१०; २२८६)। २ एक राजा; (विचार ४६३)। °**मित्तिय** न [°**मित्रीय**] एक जैन मुनि-कुल; (कप्प)।
पूस पुं [**दे**] १ राजा सातवाहन; (दे ६, ८०)। २ शुक, तोता; (दे ६, ८०; गा २६३; वज्जा १३४; पाअ)।
पूस पुं [**पूषन्**] १ सूर्य, रवि; (हे ३, ५६)। २ मणि-विशेष; (पउम ६, ३९)।
पूसा स्त्री [**पुष्या**] व्यक्ति-वाचक नाम, कुण्डकोलिक श्रावक की पत्नी; (उवा)।
पूसाण देखो **पूस**=पूषन्; (हे ३, ५६)।
°**पूह** पुं [**अपोह**] विचार, मीमांसा; "ईहापूहमग्गणगवेसणं करेमाणस्स" (औप; पि १४२; २८६)। देखो **अपोह**=अपोह।
पृथुम (पै) देखो **पढम**; "पृथुमसिनेहो" (प्राकृ १२४)।
पेअ पुं [**प्रेत**] १ व्यन्तर-भेद, एक देव-जाति; (सुपा ४६१; ४६२; जय २६)। २ मृतक; (पउम ५, ६०)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] अन्त्येष्टि क्रिया, मृत का दाहादि कार्य; (पउम १३, २४)। **करणिज्ज** न [°**करणीय**] अन्त्येष्टि क्रिया; (पउम ७५, १)। °**काइय** वि [°**कायिक**] प्रेत-योनि में उत्पन्न, व्यन्तर-विशेष; (भग ३,७)। °**देवयकाइय** वि [°**देवताकायिक**] प्रेत देवता का, प्रेत-सम्बन्धी; (भग ३, ७)। °**नाह** पुं [°**नाथ**] यमराज, जम; (स ३१६)। °**भूमि**, °**भूमी** स्त्री [°**भूमि**, °**मी**] श्मशान; (सुपा २६५)। °**लोय** पुं [°**लोक**] श्मशान; (पउम ८६, ४३)। °**वइ** पुं [°**पति**] यम; (उप ७२८ टी)। °**वण** न [°**वन**] श्मशान; (पाअ; सुर १६, २०४; वज्जा २; सुपा ५१२)। °**ाहिव** पुं [°**ाधिप**] यम, जमराज; (पाअ)।
पेअ वि [**प्रेयस्**] अतिशय प्रिय। स्त्री—°**सी**; (सम्मत्त १७५)।
पेअ } **पेअव्व** } देखो **पा**=पा।
पेआ स्त्री [**पेया**] यवागू, पीने की वस्तु-विशेष; (हे १, २४८)।
पेआल न [**दे**] १ प्रमाण; (दे ६, ५७; विसे १६६ टी; णंदि; उव)। २ विचार; (विसे १३६१)। ३ सार, रहस्य; (ठा ४, ४ टी—पत्र २८३; उप पृ २०७)। ४ प्रधान, मुख्य; (उवा)।
पेआलणा स्त्री [**दे**] प्रमाण-करण; "पज्जव-पेयालणा पिंडो" (पिंड ६५)।
पेआलुय वि [**दे**] विचारित; (विसे १४८२)।
पेइअ वि [**पैतृक**] १ पिता से आया हुआ, पितृ-क्रम-प्राप्त; "पेइओ धम्मो" (पउम ८२, ३३; सिरि ३४८; स ५६६)। २ न. स्त्री के पिता का घर, पीहर, नैहर, मैका; "ता जा कुले कलंकं नो पयडइ ताव पेइए एयं पेसेमि", "विमलेण तओ भणियं गच्छ पिए पेइयमियाणिं" (सुपा ६००)।
पेईहर न [**पितृगृह**, **पैतृकगृह**] पीहर, स्त्री के पिता का घर; "इय चिंतिऊण सिग्घं धणसिरिपेईहरम्मि संचलिओ" (सुपा ६०३)।
पेऊस न [**पीयूष**] अमृत, सुधा; (हे १, १०५; गा ६५; कप्पू)। °**ासण** पुं [°**ाशन**] देव, सुर; (कुमा)।
पेंखिअ वि [**प्रेङ्खित**] कम्पित; (कप्पू)।
पेंखोल अक [**प्रेङ्खोलय्**] झूलना, हिलना। वकृ—**पेंखोलमाण**; (गाया १, १—पत्र ३१)।
पेंड देखो **पिंड**=पिण्ड; (हे १, ८५; प्राकृ ५; प्राप्र; कुमा)।
पेंड न [**दे**] १ खण्ड, टुकड़ा; २ वलय; (दे ६, ८१)।
पेंडधव पुं [**दे**] खड्ग, तलवार; (दे ६, ५६)।

पेंडवाल वि [दे] देखो **पेंडलिअ**; (दे ६, ५४)।

पेंडय पुं [दे] १ तरुण, युवा; २ षण्ढ, नपुंसक; (दे ६, ५३)।

पेंडल पुं [दे] रस; (दे ६, ५८)।

पेंडलिअ वि [दे] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया हुआ; (दे ६, ५४)।

पेंडव सक [प्र+स्थापय्] १ रखना, स्थापन करना। २ प्रस्थान कराना। पेंडवइ; (हे ४, ३७)।

पेंडविर वि [प्रस्थापयितृ] प्रस्थापन करने वाला; (कुमा)।

पेंडार पुं [दे] १ गोप, गो-पाल; २ महिषी-पाल; (दे ६, ५८)।

पेंडोली स्त्री [दे] क्रीड़ा; (दे ६, ५६)।

पेंढा स्त्री [दे] कलुष सुरा, पंक वाली मदिरा; (दे ६, ५०)।

पेंत देखो **पा**=पा।

पेक्ख सक [प्र+ईक्ष्] देखना, अवलोकन करना। पेक्खइ, पेक्खए; (सण; पिंग)। वकृ—**पेक्खंत**; (पि ३६७)। कवकृ—**पेक्खिज्जंत**; (से १५, ६३)। संकृ—**पेक्खिअ, पेक्खिऊण**; (अभि ४२; काप्र १५८)। कृ—**पेक्खणिज्ज**; (नाट—वेणी ७३)।

पेक्खअ } वि [प्रेक्षक] देखने वाला, निरीक्षक, द्रष्टा; (सुर
पेक्खग } ७, ८०; स ३७६; महा)।

पेक्खण न [प्रेक्षण] निरीक्षण, अवलोकन; (सुपा १६६; अभि ५३)।

पेक्खणग } न [प्रेक्षणक] खेल, तमाशा, नाटक; (सुर ७,
पेक्खणय } १८२; कुप्र ३०)।

पेक्खणा स्त्री [प्रेक्षणा] निरीक्षण, अवलोकन; (ओघ ३)।

पेक्खा स्त्री [प्रेक्षा] ऊपर देखो; (पउम ७२, २६)। देखो **पेच्छा**।

पेक्खिय देखो **पेच्छिअ**; (राज)।

पेखिल (अप) वि [प्रेक्षित] दृष्ट; (रंभा)।

पेच्च } अ [प्रेत्य] परलोक, आगामी जन्म; (भग; औप)।
पेच्चा } "संबोही खलु पेच्च दुल्लहा" (वै ७३)। °**भव** पुं [°भव] आगामी जन्म, पर लोक; (औप)। °**भाविअ** वि [°भाविक] जन्मान्तर-संबन्धी; (पण्ह २, २)।

पेच्चा देखो **पिअ**=पा।

पेच्छ सक [दृश्, प्र+ईक्ष्] देखना। पेच्छइ, पेच्छए; (हे ४, १८१, उव; महा; पि ४५७)। भवि—पेच्छिहिसि; (पि ५२५)। वकृ—**पेच्छंत**; (गा ३७३; महा)। संकृ—**पेच्छिऊण**; (पि ५८५)। हेकृ—**पेच्छिउं, पेच्छित्तए**; (उप ७२८ टी; औप)। कृ—**पेच्छणिज्ज, पेच्छिअव्व**; (गा ६६; औप; पण्ह १, ४; से ३, ३३)।

पेच्छ वि [प्रेक्ष] द्रष्टा, दर्शक; "अपरमत्थपेच्छो" (स ७१५)।

पेच्छग देखो **पेक्खग**; (भास ४७; धर्मसं ७४३)।

पेच्छण देखो **पेक्खण**; (सुपा ३७)।

पेच्छणग } देखो **पेक्खणग**; (पंचा ६, ११; महा)।
पेच्छणय }

पेच्छय वि [प्रेक्षक] द्रष्टा, निरीक्षक; (पउम ८६, ७१; स ३६१; गा ४६८)।

पेच्छय वि [दे] जो देखे उसीको चाहने वाला, दृष्ट-मात्र का अभिलाषी; (दे ६, ५८)।

पेच्छा स्त्री [प्रेक्षा] प्रेक्षणक, तमाशा, खेल, नाटक; "पेच्छा-छणा सिणाणविलोअणाण जहा सुचोक्खंवि न किंचिदंव" (उपपं ३७; सुर १३, ३७; औप)। देखो **पेक्खा**। °**घर** न [°गृह] देखो °**हर**; (ठा ४, २)। °**मंडव** पुं [°मण्डप] नाट्य-गृह, खेल आदि में प्रेक्षकों को बैठने का स्थान; (पव २६६)। °**हर** न [°गृह] नाटक-गृह, खेल-तमाशा का स्थान; (पउम ८०, ५)।

पेच्छि वि [प्रेक्षिन्] प्रेक्षक, द्रष्टा; (चेइय १०६; गा २१४)।

पेच्छिअ वि [प्रेक्षित] १ निरीक्षित, अवलोकित; (कुमा)। २ न. निरीक्षण, अवलोकन; (सुर १२, १८३; गा २२५)।

पेच्छिर वि [प्रेक्षितृ] निरीक्षक, द्रष्टा; (गा १७४; ३७१)।

पेज्ज देखो **पा**=पा।

पेज्ज पुंन [प्रेमन्] प्रेम अनुराग; (सूअ २, ५, २२; आचा; भग; ठा १; चेइय ६३४)। °**दंसि** वि [°दर्शिन्] अनुरागी; (आचा)।

पेज्ज वि [प्रेयस्] अत्यन्त प्रिय; (औप)।

पेज्ज वि [प्रेज्य] पूज्य, पूजनीय; (राज)।

पेज्ज देखो **पेर**=प्र + ईरय्।

पेज्जल न [दे] प्रमाण; (दे ६, ५७)।

पेज्जलिअ वि [दे] संघटित; (षड्)।

पेज्जा देखो **पेआ**; (ओघ १४६; हे १, २४८)।

पेज्जाल वि [दे] विपुल, विशाल; (दे ६, ६)।

पेट } न [दे] पेट, उदर; (पिंग; पव १)।
पेट्ट }

पेट्ठ देखो **पिट्ठ**=पिष्ट (संक्षि ३; प्राकृ ५; प्राप्र)।

पेड देखो **पेडय**; "नडपेडनिहा" (संबोध १८)।

पेडइअ पुं [**दे**] धान्य आदि बेचने वाला वणिक्; (दे ६, ५६)।

पेडक } न [**पेटक**] समूह, यूथ; "नडपेडकसंनिहा जाग"
पेडय } (संबोध १५; सुपा ५४६; सिरि १६३; महा)।

पेडा स्त्री [**पेटा**] १ मञ्जूषा, पेटी; (दे ५, ३८; महा)। २ पेटाकार चतुष्कोण गृह-पंक्ति में भिक्षार्थ-भ्रमण; (उत्त ३०, १६)।

पेडाल पुं [**दे. पेटाल**] बड़ी मञ्जूषा, बड़ी पेटी; (मुद्रा ११०)।

पेडावइ पुं [**पेटकपति**] यूथ का नायक; (सुपा ५४६)।

पेडिआ स्त्री [**पेटिका**] मञ्जूषा; (मुद्रा २४०)।

पेडु पुं [**दे**] महिष, भैंसा; (दे ६, ८०)।

पेडुा स्त्री [**दे**] १ भित्ति, भींत; २ द्वार, दरवाजा; ३ महिषी, भैंस; (दे ६, ८०)।

पेढ देखो **पीढ**=पीठ; (हे १, १०६; कुमा), "काऊण पेढं ठविया तत्थ एसा पडिमा" (कुप ११२)।

पेढाल वि [**दे**] १ विपुल; (दे ६, ६; गउड)। २ वर्तुल, गोलाकार; (दे ६, ६; गउड; पाअ)।

पेढाल वि [**पीठवत्**] पीठ-युक्त; (गउड)।

पेढाल पुं [**पेढाल**] १ भारत वर्ष का आठवाँ भावी जिन-देव; "पेढालं अट्ठमयं आणंदजियं नमंसामि" (पव ४६)। २ ग्यारह रुद्र पुरुषों में दसवाँ; (विचार ४७३)। ३ एक ग्राम, जहाँ भगवान् महावीर का विचरण हुआ था; "पेढालग्गाम-मागओ भयवं" (आवम)। ४ न. एक उद्यान; "तओ सामी दढभूमिं गओ, तीसे बाहिं पेढालं नाम उज्जाणं" (आव १)। °**पुत्त** पुं [°**पुत्र**] १ भारतवर्ष का आठवाँ भावी जिन-देव; "उदए पेढालपुत्ते य" (सम १५३)। २ भगवान पार्श्वनाथ के संतान में उत्पन्न एक जैन मुनि; "अहे णं उदए पेढालपुत्ते भगवं पासावच्चिजे नियंठे मेयज्जे गोत्तेणं" (सूअ २, ७, ५; ८; ६)। ३ भगवान् महावीर के पास दीक्षा ले कर अनुत्तर विमान में उत्पन्न एक जैन मुनि; (अनु २)।

पेढिया देखो **पीढिआ**; "चत्तारि मणिपेढियाओ" (ठा ४, २—पत्र २३०), २ ग्रन्थ की भूमिका, प्रस्तावना; (वसु)।

पेढी देखो **पीढी**; (जीव ३)।

पेणी स्त्री [**प्रैणी**] हरिणी का एक भेद, (पगह १, ४—पत्र ६८)।

पेदंड वि [**दे**] लुप्त-दण्डक, जूए में जो हार गया हो वह, जिसका दाव चला गया हो वह; (मृच्छ ४६)।

पेम पुंन [**प्रेमन्**] प्रेम, अनुराग, प्रीति, स्नेह; (उवा; औप; सं ५; सुपा २०४; रयण ४२)।

पेमालुअ वि [**प्रेमिन्**] प्रेमी, अनुरागी; (उप ६८६ टी)।

पेम्म देखो **पेम**; (हे २, ६८; ३, २५; कुमा; गा १२६; प्रासू ११६)।

पेम्मा स्त्री [**प्रेमा**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

पेर सक [**प्र + ईरय्**] १ पठाना, भेजना, प्रेरणा करना। २ धक्का लगाना, आघात करना। ३ आदेश करना। ४ किसी कार्य में जोड़ना लगाना। ५ पूर्वपक्ष करना, प्रश्न करना, सिद्धान्त का विरोध करना। ६ गिराना। पेरइ; (धर्मसं ५६०; भवि)। वकृ—**पेरंत**; (कुप्र ७०; पिंग)। कवकृ—**पेरिज्जंत**; (सुपा २५१; महा)। कृ—**पेज्ज**; (राज)।

पेरंत देखो **पज्जंत**; (हे १, ५८; २, ६३; प्राप्र; औप; गउड)। °**चक्कवाल** न [°**चक्रवाल**] बाह्य परिधि, बाहर का घेराव; (पगह १, ३)। °**वच्च** न [°**वर्चस्**] मगडप, तृणादि-निर्मित गृह; (राज)।

पेरग वि [**प्रेरक**] प्रेरणा करने वाला, पर्वपक्षी; (धर्मसं ५८७)।

पेरण न [**दे**] १ ऊर्ध्व स्थान; (दे ६, ५६)। २ खेल, तमाशा; (स ७२३; ७२५)।

पेरण न [**प्रेरण**] प्रेरणा; (कुप्र ७०)।

पेरणा स्त्री [**प्रेरणा**] ऊपर देखो; (सम्मत्त १५७)।

पेरिअ वि [**प्रेरित**] जिसको प्रेरणा की गई हो वह; (से ८, १२; भवि)।

पेरिज्ज न [**दे**] साहाय्य, सहायता, मदद; (दे ६, ५८)।

पेरिज्जंत देखो **पेर**=प्र + ईरय्।

पेरुल्लि वि [**दे**] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया हुआ; (दे ६, ५६)।

पेलव वि [**पेलव**] १ कोमल, सुकुमार, मृदु; (पाअ; से २, २९; अभि २६; औप)। २ पतला, कृश; ३ सूक्ष्म, लघु; (गाया १,१—पत्र २५; हे १, २३८)।

पेलु स्त्री [**पेलु**] पूणी, रुई की पहल; "कंतामि ताव पेलुं" (पिंडभा ३५)। °**करण** न [°**करण**] पूणी बनाने का उपकरण, शलाका आदि; (विसे ३३०५)।

पेल्ल सक [**क्षिप्**] फेंकना। पेल्लइ; (हे ४, १४३)। कर्म— पेल्लिज्जइ; (उव)। वकृ—**पेल्लंत**: (कुमा)। संकृ— **पेल्लिऊण**; (महा)।

पेल्ल देखो **पेर**=प्र+ईरय्। पेल्लेइ; (प्राकृ ६०)। कवकृ—**पेल्लिज्जंत**; (से ६, २५)। संकृ—**पेल्लि** (अप), **पेल्लिअ**; (पिंग)। कृ—**पेल्लेयव्व**; (ओघभा १८ टी)।

पेल्ल सक [**पीडय्**] पीलना, दबाना, पोड़ना। पेल्लेसि, पेल्लिसि; (स ५७४ टि)।

पेल्ल सक [**पूरय्**] पूरना, भरना। कवकृ—**पेल्लिज्जंत**; (से ६, २५)।

पेल्ल } पुंन [**दे**] बच्चा, शिशु, बालक; (उप २१६),
पेल्लग } "बीयम्मि पेल्लगाइं" (उप २२० टी)।

पेल्लग देखो **पेरग**; (निचू १६)।

पेल्लण देखो **पेरण**; (पराह १,३; गउड)।

